राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-138
लखनऊ, शुक्रवार 05 जनवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





प्राण प्रतिष्ठा : 22 जनवरी तक उप्र परिवहन की बसों में भी बजेगा राम भजन 03

अमित शाह ने लांच किया तुअर दाल खरीद पोर्टल 12


### सीएम ने 404 करोड़ की धनराशि से पीएम श्री स्कूलों के आधुनिकीकरण के कार्यों का किया शुभारंभ

# पीएम श्री स्कूल योजना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता : योगी

**कार्यक्रम**

- सीएम योगी ने समूह ख के नवचयनित अधिकारियों को वितरित किये नियुक्ति पत्र
- सीएम बोले, वर्ष 2017 से पहले स्कूलों में सुविधा, शिक्षक और कनेक्टिवटी का था अभाव



**समृद्धि न्यूज।**

**लखनऊ।** पूरी दुनिया जिस समय कोरोना से ग्रस्त थी, उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की 140 करोड़ की आबादी को बचाने के साथ नये भारत के रूप में नई शिक्षा नीति की आधारशिला रखी। इसी आधारशिला ने नये भारत के विजन को आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी है।

पीएम श्री स्कूल योजना इसी श्रृंखला का हिस्सा है। इसी के तहत पहले चरण में 404 करोड़ की धनराशि से प्रदेश के 928 विद्यालयों का आधुनिकीकरण किया जाएगा, जहां 1 से 12वीं क्लास को अपग्रेड किया जाएगा। प्रदेश में वर्ष 2017 से पहले गरीब का बच्चा ऐसे विद्यालयों में पढ़ने को मजबूर था, जहां सुविधा, शिक्षक और कनेक्टिविटी नहीं थी। इतना ही नहीं ये विद्यालय बंद होने की कगार पर थे। हमने सत्ता में आने के बाद ऑपरेशन कायाकल्प के जरिये बेसिक के विद्यालयों को अपग्रेड करना शुरू किया। आज बेसिक के 96 प्रतिशत विद्यालयों को ऑपरेशन कायाकल्प में अपग्रेड किया जा चुका है।

इन विद्यालयों में एक्स्ट्रा क्लास, टॉयलेट, लैब और स्मार्ट क्लास का निर्माण किया गया। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लोकभवन में आयोजित 404 करोड़ की धनराशि से पीएम श्री स्कूलों के आधुनिकीकरण का शुभारंभ एवं प्रोजेक्ट अलंकार के तहत माध्यमिक विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं के संतृप्तीकरण के लिए 347 करोड़ की धनराशि अंतरण के दौरान कही। इस दौरान केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और सीएम योगी ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया के तहत समूह ख के नवचयनित अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इससे पहले सीएम योगी ने लोकभवन में बच्चों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसके अलावा स्कूलों को टेक्नोलॉजी से जोड़ने के लिए कई प्रधानाचार्यों को टैबलेट सौंपे। साथ ही स्मार्ट क्लासेज के संचालन पर विभिन्न शिक्षकों को प्रमाण पत्र सौंपे। कार्यक्रम में मंत्री गुलाब देवी, मंत्री संदीप सिंह, मंत्री सूर्यप्रताप शाही, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा, अपर मुख्य सचिव वित्त एवं माध्यमिक शिक्षा दीपक कुमार, प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा डॉ. एमके शनमुगा सुंदरम आदि मौजूद रहे।

**स्कूल चलो अभियान से 40 लाख बच्चे स्कूलों में बढ़े**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ड्रॉपआउट रोकने के लिए स्कूल चलो अभियान की शुरुआत की गई। इससे हर शिक्षक, अधिकारी और जन प्रतिनिधियों को जोड़ा गया। इसी का परिणाम है कि स्कूलों में 40 लाख बच्चे बढ़े हैं। अभियान के दौरान पाया कि बच्चे नंगे पैर और ठंड में शर्ट में आ रहे हैं। इस पर सरकार की ओर से डीबीटी के माध्यम से बच्चों के बैग, किताब, स्वेटर और जूते के लिए धनराशि अप्रैल में ट्रांसफर की जा रही है। इतना ही नहीं स्कूलों में शिक्षकों की कमी को पूरा करने के लिए 1.25 लाख शिक्षकों की भर्ती की। वहीं बच्चों को टेक्नोलॉजी से जोड़ने के लिए बेसिक शिक्षा में पीएम श्री स्कूल योजना एक अभिनव प्रयोग है। इसकी आज सबसे बड़ी आवश्यकता भी है। सीएम योगी ने कहा कि इसी तरह का प्रयोग प्रदेश में किया गया है, जो अटल आवासीय विद्यालय से जाना जाता है। इसी तर्ज पर प्रदेश में 57 जनपदों में इंटीग्रेटेड स्कूल के निर्माण की कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए 1000 करोड़ रुपए की एलाट किये जा चुके हैं। प्रदेश के बच्चे पहले कोचिंग के लिए दूसरे राज्यों में जाते थे। वहीं कोरोना काल के बाद अभ्युदय कोचिंग शुरू की गई। यह कोचिंग हर जिले में वर्चुअली और फिजिकली संचालित हो रही है। आज यहां बच्चे नीट, आईआईटी, यूपीएससी आदि की तैयारी कर रहे हैं। कोचिंग में रोजाना एक घंटा आईपीएस, पीसीएस समेत कई अन्य अधिकारी क्लासेज ले रहे हैं। इसी का नतीजा है कि प्रदेश के बच्चे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के जरिये नौकरियों में चयनित हो रहे हैं।

**बिना यूपी के विकसित भारत की संकल्पना संभव नहीं : केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयास से प्रभु श्रीराम के दिव्य भव्य मंदिर के लोकार्पण की घड़ी आ गई है। पूरी दुनिया भारत की तरफ देख रही है। यूपी इसका केंद्र बिंदु है। दुनिया राममय है। उन्होंने कहा कि देश में 26 करोड़ बच्चे पढ़ते हैं। इसमें से लगभग 18 प्रतिशत मतलब 5 करोड़ यूपी के हैं। बिना यूपी के विकसित भारत की संकल्पना संभव नहीं है। उत्तर प्रदेश के सरकारी विद्यालयों की स्थिति में बदलाव हुआ है। मैं आज पूरे भरोसे के साथ यह कह सकता हूं कि अगर आंकड़ा निकाला जाए तो ग्रामीण अंचल के सरकारी विद्यालय से आईआईटी, एनआईटी और मेडिकल में चयनित होने वाले छात्रों की एक अच्छी संख्या होगी। उन्होंने उत्तर प्रदेश शासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यहां केंद्र की योजनाओं को ठीक से लागू किया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य हुआ है। उत्तर प्रदेश के नवोदय विद्यालय के 54 बच्चे बिना किसी कोचिंग के आईआईटी में सेलेक्ट हुए हैं। 374 बच्चे एनआईटी में एडमिशन लिए हैं।

## यूपी, तेलंगाना में विस सीटों के उपचुनाव की घोषणा




**समृद्धि न्यूज।**

**नई दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को 29 जनवरी को तेलंगाना और उत्तर प्रदेश की तीन विधान सभा सीटों के लिए उपचुनाव की घोषणा की। इसमें कहा गया कि चुनाव की अधिसूचना 11 जनवरी को जारी की जाएगी।

नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 18 जनवरी है। चुनाव निगरानी संस्था ने कहा कि मतदान 29 जनवरी को होंगे और वोटों की गिनती 29 जनवरी को होगी। चुनाव आयोग ने आगे निर्देश दिया कि पांच राज्यों में चुनाव से पहले अक्टूबर 2023 में जारी किए गए कोविड-19 के व्यापक दिशानिर्देशों का पालन किया जाना चाहिए। 2023 में विधायकों के इस्तीफा देने के बाद तेलंगाना में दो और उत्तर प्रदेश में एक सीट खाली रह गई थी। घनपुर स्टेशन निर्वाचन क्षेत्र से तेलंगाना भारत राष्ट्र समिति के विधायक कादियाम श्रीहरि और हुजूराबाद निर्वाचन क्षेत्र से विधायक पाडी कौशिक रेड्डी ने जीतने के एक सप्ताह से भी कम समय में 9 दिसंबर, 2023 को इस्तीफा दे दिया था। उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के विधायक डॉ. दिनेश शर्मा ने राज्यसभा के लिए चुने जाने के बाद 30 सितंबर, 2023 को इस्तीफा दे दिया। उनका विधानसभा कार्यकाल 30 जनवरी 2027 तक है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली एम्स की दूसरी मंजिल पर लगी आग

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि गुरुवार को एम्स निदेशक के कार्यालय में आग लग गई, इससे कोई घायल नहीं हुआ। विवरण साझा करते हुए, दिल्ली फायर सर्विसेज के निदेशक अतुल गर्ग ने कहा कि सुबह 5.58 बजे निदेशक कार्यालय, दूसरी मंजिल, गेट नंबर 2, टीचिंग ब्लॉक, एम्स में आग लगने के संबंध में कॉल आई। गार ने कहा, कुल सात दमकल गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि आग निदेशक भवन में दूसरी मंजिल पर फर्नीचर, फ्रिज और कार्यालय रिकॉर्ड में लगी थी। गर्ग ने कहा, कोई हताहत,घायल होने की सूचना नहीं है, हालांकि, आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चला है।

### राकांपा विधायक के भगवान राम संबंधी बयान पर विवाद

**एजेंसी, मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा)- शरद पवार गुट के विधायक जितेंद्र अव्हाड के इस बयान पर विवाद खड़ा हो गया है कि भगवान राम मांसाहारी थे और पशुओं का शिकार करते थे। अव्हाड के इस बयान के बाद भाजपा के विधायक और अजित पवार के नेतृत्व वाले राकांपा के विरोधी गुट ने उनके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की है। अव्हाड ने कहा कि उन्होंने मामले का अध्ययन किए बिना कुछ नहीं कहा था, फिर भी अगर उन्होंने किसी की भावनाएं आहत की हैं, तो वह ''खेद'' जताते हैं। पश्चिम महाराष्ट्र केअहमदनगर जिले के शिरडी में बुधवार को पार्टी के एक कार्यक्रम में अव्हाड ने कहा था कि भगवान राम बहुजनों से संबंध रखते हैं।

### एएसआई सर्वे रिपोर्ट पक्षकारों को सौंपने का फैसला आज

**समृद्धि न्यूज, वाराणसी।** वाराणसी की जिला अदालत ज्ञानवापी मस्जिद की एएसआई सर्वे रिपोर्ट पक्षकारों को सौंपने के मामले में अब पांच जनवरी को फैसला सुनायेगी। हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने बृहस्पतिवार को बताया कि जिला न्यायाधीश ए. के. विश्वेश आज महामना मदन मोहन मालवीय के जयंती के कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। उन्होंने बताया कि साथ ही कचहरी परिसर में एक वकील के निधन पर शोक मनाये जाने की वजह से भी अदालत की कार्यवाही पूरी नहीं हो सकी, लिहाजा जिला न्यायाधीश ने आदेश सुनाने के लिए पांच जनवरी की तारीख तय की है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने बुधवार को ज्ञानवापी परिसर की सर्वे रिपोर्ट को खोलने और पक्षकारों को सौंपने के लिए जिला अदालत से चार सप्ताह का समय देने का अनुरोध किया था जिसके बाद मामले को बृहस्पतिवार तक के लिए टाल दिया गया था।

## अयोध्या में भगवान राम के स्वागत से संपूर्ण देश प्रसन्न : पीएम मोदी

**एजेंसी।**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरूवार को कहा कि अयोध्या में भगवान श्री राम के स्वागत के लिए हर कोई अलग-अलग रूप से अपनी भावनाएं व्यक्त कर रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पूरे देश में उत्साह है और भक्त इस शुभ दिन पर राम लला की भक्ति में मगन हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान भगवान श्री राम को समर्पित हंसराज रघुवंशी का भजन भी साझा किया। अपने एक एक्स पोस्ट में प्रधानमंत्री ने पोस्ट किया, अयोध्या में प्रभु श्री राम के स्वागत को लेकर संपूर्ण देश राममय है। राम लला की भक्ति में डूबे भक्तजन इस शुभ दिन के लिए विभिन्न प्रकार से अपनी भावनाएं प्रकट कर रहे हैं। भगवान श्री राम को समर्पित हंसराज रघुवंशी जी का ये भजन सुनें।



इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर राम भजन का एक लिंक भी साझा किया है और लोगों से राम भजन को सुनने की अपील की।

## घने कोहरे और कोल्ड डे को लेकर अलर्ट जारी

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बर्फीली हवाओं के चलते कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। फिलहाल सर्दी से कोई राहत मिलती हुई नजर नहीं आ रही है। मौसम विभाग मुताबिक, आज प्रदेश भर में कोल्ड डे रहने के आसार हैं। ऐसे में मौसम केंद्र की ओर से प्रदेश को लेकर एक बड़ी चेतावनी जारी की गई है। जिसके मुताबिक गुरुवार और शुक्रवार को प्रदेश सबसे ठंडा रहने वाला है। विभाग ने प्रदेश के कई इलाकों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है। साथ ही आगामी सात जनवरी तक कहीं-कहीं बूंदाबांदी और हल्की बारिश के आसार जताया है। पिछले 24 घंटे के दौरान अलीगढ़ सबसे ठंडा जिला रहा।

# राम मंदिर को उड़ाने की धमकी देने वाले गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज।**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश स्पेशल टॉस्क फोर्स (एसटीएफ) ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, श्रीराम मंदिर, एडीजी एसटीएफ व देवेन्द्र तिवारी को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। बुधवार को दोनों आरोपितों को राजधानी लखनऊ विभूतिखंड थाना क्षेत्र से पकड़ते हुए कठोर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

इस मामले में सुरक्षा लेने के लिए देवेन्द्र तिवारी द्वारा साजिश रची जाने का पता चला है। गिरफ्तार दोनों आरोपी उसके साथी हैं। एसटीएफ और पुलिस की कई टीमें मुख्य साजिशकर्ता की तलाश में जुटी हुई हैं।



उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, श्रीराम मंदिर, एसटीएफ एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश, देवेन्द्र तिवारी व राम मन्दिर को आईएसआई के कथित जुबैर खान ने बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी।

धमकी मिलने के बाद से एसटीएफ की कई टीमों ने जांच शुरू की और धमकी देने वालों की तलाश में जुट गई। मामले में बुधवार की रात यूपी एसटीएफ ने सीएम योगी आदित्यनाथ और राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले दो आरोपियों को थाना विभूति खंड गोमती नगर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपित ताहर सिंह और ओम प्रकाश मिश्रा गोंडा जनपद के कटरा के रहने वाले हैं।

**सीएम को जान से मारने की धमकी, केस दर्ज**

**देवरिया।** सीएम योगी को एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए जान से मारने की दी गई धमकी के बाद गुरुवार को देवरिया जिले की रुद्रपुर कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक रुद्रपुर कोतवाली के प्रभारी महेंद्र कुमार चतुर्वेदी की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ आईपीसी की धारा 505(2) एवं 506 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की गई है। उल्लेखनीय है कि रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर के लेहड़ा टोला में प्रेमचंद यादव और सत्यप्रकाश दुबे एवं उनके परिवार के पांच सदस्यों की हत्या कर दी गई थी। जांच में पता चला कि प्रेमचंद यादव पक्ष के लोगों ने खलिहान, परती, वन और एक इंटर कॉलेज की जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है। प्रेमचंद यादव का मकान खलिहान की जमीन पर बना हुआ है। इसके बाद रुद्रपुर के तहसीलदार ने उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 की धारा-67 के तहत उक्त जमीन से बेदखली का आदेश जारी किया था। प्रेमचंद यादव के पक्ष के लोगों ने तहसीलदार के फैसले को जिलाधिकारी की कोर्ट में चुनौती दी। जिलाधिकारी ने इस अपील को निरस्त कर तहसीलदार के आदेश को बरकरार रखा। इस बात पर भड़के एक सिरफिरे ने एक्स पोस्ट के जरिए मुख्यमंत्री योगी को जान से मारने की धमकी दी थी।

### देश में कोरोना के 760 नए मामले, 2 लोगों की मौत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** देश में कोरोना के नए मामलों में बढ़ोतरी जारी है। पिछले 24 घंटे के दौरान देश में कोरोना के 760 नए मामले सामने आए हैं और इससे दो मरीजों की मौत हुई है। गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार मौजूदा समय में देश में कोरोना के एक्टिव मामलों की संख्या 4,423 है। पिछले 24 घंटे के दौरान 775 मरीज स्वस्थ हुए हैं। आंकड़ों के अनुसार कोरोना के ज्यादातर मामले केरल और कर्नाटक से रिपोर्ट किए जा रहे हैं। इन्हीं दोनों राज्यों से एक-एक कोरोना संक्रमित की मौत भी हुई है। इस दौरान कोरोना के नए वेरियंट जेन.1 के भी 511 मामलों की पुष्टि की जा चुकी है।



## बार-बार समन के बावजूद ईडी के सामने पेश नहीं हो रहे केजरीवाल

**एजेंसी।**

**नई दिल्ली।** शराब नीति मामले में अरविंद केजरीवाल कोलकाता प्रवर्तन निदेशालय नोटिस भेज रहा है। अब तक तीन बार अरविंद केजरीवाल को नोटिस भेजा जा चुका है। लेकिन वह पूछताछ के लिए ईडी के सामने पेश नहीं हुए हैं। दूसरी ओर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी ईडी के चंगुल में फंसे हुए हैं। जमीन घोटाले से जुड़े मामले में उन्हें अब तक सात बार नोटिस भेजा जा चुका है। दोनों ही इंडिया गठबंधन के सदस्य हैं। यानी कि दोनों ही नेता भाजपा के विरोधी है। ऐसे में इस मामले को लेकर राजनीतिक जबरदस्त तरीके से हो रही है। हालांकि, भले ही दोनों नेताओं को



अलग-अलग मामलों में ईडी का नोटिस जा रहा है। लेकिन नोटिस को लेकर दोनों ही नेताओं का रवैया लगभग एक जैसा है। दोनों नेता ईडी के नोटिस को पूरी तरीके से हल्के में ले रहे हैं। इसको लेकर ईडी कोर्ट की मदद ले सकती है। ईडी कोर्ट से मामले में पूछताछ की सख्त जरूरत बताते हुए गैर जमानती वारंट किए जाने की भी मांग कर सकती है। ईडी के पास तात्कालिक एक्शन लेने की भी पावर है। मनी लांड्रिंग के मामलों में छापेमारी भी कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने भी एक मामले की सुनवाई के दौरान ईडी को कहा था कि अगर कोई समन की बावजूद पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहा है तो यह केवल उसकी गिरफ्तारी का आधार नहीं हो सकता है। गिरफ्तारी तभी होगी जब ईडी को यह विश्वास हो कि आरोपित अपराध में शामिल था।

**एलजी ने दिए सीबीआई जांच के आदेश**

दिल्ली में केजरीवाल सरकार की मुश्किलें फिर बढ़ने वाली हैं। निजी प्रयोगशालाओं को लाभ पहुंचाने के लिए मोहल्ला क्लीनिक द्वारा फर्जी जांच का परामर्श दिए जाने के आरोपों को लेकर एलजी वीके सक्सेना ने सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। राज निवास के सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है, जब कुछ दिन पहले ही सक्सेना ने दिल्ली सरकार के अस्पतालों में दवाओं की कथित आपूर्ति की सीबीआई जांच का आदेश दिया था। इसमें कहा गया था कि ये दवाएं 'गुणवत्ता मानक जांच में खरी नहीं पाई गईं। मोहल्ला क्लीनिक दिल्ली सरकार द्वारा संचालित किये जाते हैं। एक सूत्र ने बताया कि पिछले साल सामने आया था कि चिकित्सक मोहल्ला क्लीनिक में नहीं आ रहे थे, लेकिन फिर भी उन्हें उपस्थित दिखाया जा रहा था। उनकी अनुपस्थिति के बावजूद मरीजों को जांच और दवाएं लिखी जा रही थीं। बाद में, पाया गया कि फर्जी रोगियों पर परीक्षण किए गए थे। इसके संबंध में ही सीबीआई जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

## वर्चुअली पेशी में बोले मुख्तार 'मुझे आंख से साफ दिखाई नहीं दे रहा'

**समृद्धि न्यूज।**

**बाराबंकी।** फर्जी एम्बुलेंस और गैंगस्टर मामले में गुरुवार को मुख्तार अंसारी की वर्चुअली पेशी कोर्ट में हुई। इस वक्त मुख्तार बांदा की जेल में कैद है। पेशी के दौरान मुख्तार अंसारी ने जज से कहा कि मेरी आंखों में दिक्कत है। मुझे सही से दिखाई नहीं दे रहा है, मेरा इलाज कराया जाए। मुख्तार अंसारी के वकील रणधीर सिंह सुमन ने बताया कि मुख्तार अंसारी ने प्रार्थना पत्र भी दिया था, जिसमें उन्होंने अपने नेत्र रोगों का इलाज करने का जिक्र किया था। इस प्रार्थना पत्र पर जज ने आदेश किया कि उनके नेत्र रोगों का इलाज कराया जाए। वकील ने बताया कि मुख्तार अंसारी बांदा जेल से



वर्चुअल हाजिर हुए। मुकदमे की अगली तारीख 11 जनवरी तय हुई है। उल्लेखनीय है कि एमपी-एमएलए एसीजेएम-19 कोर्ट में फर्जी एम्बुलेंस और गैंगस्टर मामले में बांदा जेल में बंद मुख्तार अंसारी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेशी हुई। गैंगस्टर मामले में हुई पेशी पर मुकदमे का गवाह नहीं आया था। गवाह एफआईआर लेखक था, जो कोर्ट में हाजिर नहीं हुआ।

## डीएसपी ने ई-रिक्शा चालक को दी गाली, उसने मार दी थी गोली

- 50 सीसीटीवी कैमरों की जांच से हुआ हत्या का खुलासा

**एजेंसी।**

**पंजाब।** नए साल के पहले दिन जालंधर में नहर किनारे मिली पंजाब पुलिस के अर्जुन अवार्ड विजेता डीएसपी दलबीर सिंह देओल की हत्या के मामले में पुलिस ने एक ई रिक्शा चालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान लांबड़ा निवासी विजय के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि नशे की हालत में डीएसपी ने विजय को गाली दी थी। इसी वजह से उसने डीएसपी दलबीर सिंह देओल की सरकारी पिस्टल से उनके माथे में गोली मार दी। इसके बाद उनकी लाश को



नहर किनारे फेंक आया। पुलिस पहले इस मामले को सड़क हादसा मान रही थी। लेकिन पोस्टमोर्टेम में डीएसपी को गोली मारने की पुष्टि हुई थी। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। जालंधर बस स्टैंड के पास जहां से डीएसपी दलबीर सिंह के दोस्तों ने नए साल वाली रात उन्हें ड्रॉप किया था, वहां से सीसीटीवी कैमरों की स्कैनिंग चालू की गई। पुलिस ने करीब 50 सीसीटीवी कैमरों की जांच की तब हत्या से पर्दा उठ सका। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया और हत्या की वजह भी बताई है।

### हिज्बुल का वांछित आतंकवादी जावेद अहमद मट्टू गिरफ्तार



**एजेंसी, नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में हिज्बुल मुजाहिदीन का वांटेड आतंकी जावेद अहमद मट्टू गुरुवार को दिल्ली में पकड़ा गया।

उन्हें दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किया था। माटेओ पर जम्मू-कश्मीर में कई आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने का आरोप है और वह सुरक्षा एजेंसियों की सूची में घाटी के शीर्ष 10 लक्ष्यों में से एक था। उसके सिर पर 5 लाख रुपये का इनाम था। मट्टू सोपोर का रहने वाला है और कई बार पाकिस्तान जा चुका है।

**अवधि** | **कतर में आठ भारतीयों को कैद की सजा मामले में विदेश मंत्रालय ने दिया बयान**

# अपील करने के लिए 60 दिन का समय

**एजेंसी।**

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि कतर की एक अदालत ने भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को उनकी मौत की सजा कम करने के बाद दी गई अलग-अलग जेल की सजा के खिलाफ अपील करने के लिए 60 दिन का समय दिया है।

कतर की एक अदालत ने आठ पूर्व भारतीय नौसेना कर्मियों को उनकी मौत की सजा कम होने के बाद जेल की सजा के खिलाफ अपील करने के लिए 60 दिन का समय दिया है। इन लोगों को अगस्त 2022 में अघोषित आरोप में हिरासत में लिया गया था। अदालत ने शुरू में मौखिक आदेश के रूप में फैसला सुनाया, और लोगों की सहायता करने वाली कानूनी टीम को फैसले की एक प्रति प्राप्त हुई है। अगला कदम कानूनी टीम द्वारा तय किया जाएगा और भारतीय पक्ष अगले कदम पर निर्णय लेने के लिए पुरुषों के परिवारों के संपर्क में है। 28 दिसंबर को कतर की अपील अदालत ने पिछले अक्टूबर में दी गई मौत की सजा को कम कर दिया और आठ लोगों को तीन साल से लेकर 25 साल तक की अलग-अलग अवधि के लिए जेल की सजा सुनाई। इन लोगों - कैप्टन नवतेज गिल और सौरभ वशिष्ठ, कमांडर पूर्णेंदु तिवारी, अमित नागपाल, एसके गुप्ता, बीके वर्मा और सुगुनाकर पकाला और नाविक रागेश को अगस्त 2022 में अघोषित आरोपों पर हिरासत में लिया गया था।



अपील की अदालत ने शुरू में मौखिक आदेश के रूप में फैसला सुनाया, और विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने एक नियमित मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि आठ लोगों की सहायता करने वाली कानूनी टीम को फैसले की एक प्रति मिल गई थी लेकिन यह एक गोपनीय दस्तावेज था। 28 दिसंबर को अपील अदालत ने एक फैसला सुनाया था। इसके बाद, हमने विवरण देते हुए एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की बताया कि मृत्युदंड कम कर दिया गया है। अब, हमारे पास निर्णय आदेश है।

# रॉकेट्स ने भरी उड़ान, बच्चों ने किया रोमांच का अनुभव

▸ विज्ञान मॉडल में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**फतेहपुर, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**




उल्टी गिनती के साथ एक एक करके रॉकेट्स आसमान को चीर रहे थे।अभिभावक सहित सैकड़ों विद्यार्थी रोमांच भरे इस माहौल का आनंद तालियों के साथ ले रहे थे।

यह दृश्य स्थानीय वारिस चिल्ड्रेंस एकेडमी इंटर कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय रॉकेट्री वर्कशॉप के रॉकेट लॉन्चिंग सत्र के दौरान दिखा। अन्तर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक व मुख्य अतिथि डॉक्टर सीएम नौटियाल सहित अनेक लोगों कुतुहल भरे इस दृश्य को अपने मोबाइलों में कैद किया। गुरुवार को रॉकेट्री वर्कशॉप में तैयार किए गए 48 रॉकेट ने सफलता की उड़ान भरी। इतना ही नहीं , विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी के द्वारा भी विद्यार्थियों अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का परिचय दिया।पावर जेनरेटर, स्मोकिंग रोबोट,आदित्य एल वन, लेज़र होम सिक्योरिटी, रेन डिटेक्टर ,बज वायर गेम सहित 51 मॉडल कार्यक्रम में मौजूद वैज्ञानिकों के आकर्षण का केंद्र रहे।मॉडलों में पर्यावरण, सामाजिक सुरक्षा, वैकल्पिक ऊर्जा जैसे विषयों पर विद्यार्थियों के समाधान की एक झलक दिखाई दी। बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए सीएम नौटियाल ने कहा कि ज्ञान और शिक्षा में बहुत बड़ा फर्क है।शिक्षा हमे ज्ञान के प्रयोग के विषय में दिशा देती है जिससे व्यक्ति लोक कल्याण की भावना से कार्य करने को तत्पर हो जाता है।डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम का उदाहरण देते हुए उन्होंने कार्य टॉपर होना सफल होने की गारंटी नहीं है। कम अंक प्राप्त करके भी जीवन में बड़ा लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। इसके पूर्व मुख्य अतिथि ने रॉकेट लॉन्चिंग सेरेमनी में पहला रॉकेट उड़ा कर उद्घाटन किया।

इसके उपरांत विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में विज्ञान से जुडी जिज्ञासाओं का समाधान किया और उन्हें भविष्य के लिए मार्गदर्शन भी दिया।अतिथियों का स्वागत करते हुए बच्चों ने सांस्कृतिक मंच से कार्यक्रमों की शानदार शृंखला प्रस्तुत की,जिसमे जय गणेशा, एमजे - 5, नन्हा मुन्ना राही हु,तारे जमीं पर,जय हो,आरंभ है प्रचंड जैसी प्रस्तुतियों ने खूब तालियां बटोरी।प्रतिभागियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।संस्थापक विजय आनंद बाजपेई ने सभी अतिथियों का अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। रिसोर्स पर्सन प्रमोद कुमार ने कार्यशाला के अपने अनुभव साझा किए।बाल विज्ञान कांग्रेस के समन्वयक अजय कुमार मिश्रा ने मुख्य अतिथि का जीवन वृत्त प्रस्तुत किया।विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक आशीष पाठक ने आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कमलेश शुक्ला,सुमन शुक्ला, अनिल वर्मा,रमाकांत सोनी, आरडी द्विवेदी,आशुतोष अवस्थी, केपी वर्मा,रीनू वर्मा,पूजा अवस्थी ,गिरिंद्र मिश्रा,राजकमल सिंह सहित सभी स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## शांतिपूर्ण ढंग से नकल विहीन परीक्षायें संपन्न

**बाराबंकी।** रामनगर पी जी कॉलेज में शांति पूर्ण ढंग से नकल विहीन परीक्षाये संपन्न हो रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत बीए बीएससी बीकॉम पंचम सेमेस्टर अनिवार्य सहगामी पाठ्यक्रम के बालकों के लिए आज दिनांक 4 जनवरी वर्ष 2024 को तृतीय पाली में 325 पंजीकृत छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया।महा विद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर कौशलेंद्र विक्रम मिश्र व मुख्य नियंता प्रोफेसर सुनीत कुमार सिंह ने बताया कि पूरी तरह से नकल विहीन परीक्षाएं संपन्न हो रही हैं। तृतीय पाली की परीक्षा 8 कक्षो में 16 कक्ष निरीक्षकों के देख रेख में संपन्न हुई। इस परीक्षा में रामनगर पीजी कॉलेज के अतिरिक्त भगवान दास सर्वेश्वरी महाविद्यालय एवं कांति महाविद्यालय अमराई गांव सूरतगंज के छात्रों ने भाग लिया।

# कंटेनर-डीसीएम की भिड़ंत में मची अफरा-तफरी

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

आज सुबह नगर के मुख्य चौराहे पर दो वाहनों के बीच जोरदार भिड़ंत हो जाने से अपना तफरी का माहौल कायम हो गया सुबह का वक्त होने के कारण भीड़ नहीं के बराबर थी जिसके चलते कोई खास नुकसान नहीं हुआ और लोग बाल बाल बच गए। नगर के मुख्य चौराहे पर सुबह लगभग 8:15 बजे लखनऊ से सुल्तानपुर की ओर जा रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने रायबरेली से जाकर बाराबंकी की ओर माल लाद कर जा रही डीसीएम को टक्कर मार दी एक नहीं दो-दो बार टक्कर लगने से डीसीएम का अगला हिस्सा घूम कर सुल्तानपुर की ओर हो गया। जिस समय यह दुर्घटना हुई उस समय घटनास्थल पर बिस्किट दालमोट व रेवड़ी बेच रहा एक ठेला व सवारी का इंतजार कर रहे इक्का दुक्का लोग व ई रिक्शा व सवरिया मौजूद थी। जो डीसीएम की चपेट में आते-आते बाल बाल बची। यदि यह हादसा कहीं दिन में हुआ होता तो कई जाने भी जा सकती थी। जिस समय दुर्घटना हुई उस समय पुलिस बूथ पर कोई भी पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था।

जिसकी वजह से टक्कर मारने वाला कंटेनर चालक कंटेनर लेकर फरार हो गया। उल्लेखनीय है कि नगर के मुख्य चौराहे पर बड़ी संख्या में लगने वाले ठेला व तीपहिया वाहनों के चलते जहां आवागमन बाधित रहता है वहीं हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।



## अयोध्या धाम का निमंत्रण पहुंचाने की विहिप कार्यकर्ताओं ने ली जिम्मेदारी

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या से आए श्री रामचंद्र जी की पूजित अक्षत एवं आमंत्रण पत्र हर एक घर तक पहुंचाने की तैयारी विश्व हिंदू परिषद से जुड़े प्रत्येक कार्यकर्ता ने कर ली है।

1 जनवरी से 15 जनवरी तक चलने वाले इस कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड त्रिवेदीगंज की ग्राम पंचायत बहुता में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरुण शुक्ला के नेतृत्व में राम भक्तों ने घर-घर जाकर पूजित अक्षत और निमंत्रण कार्ड वितरित किया और समस्त ग्राम वासियों से 22 जनवरी श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने-अपने घरों में दीपक जलाकर और आसपास के मंदिरों को सजाने की अपील की। इस अवसर पर मुख्य रूप से कुंज बिहारी पांडे हरिमोहन मिश्रा प्रधान देवी प्रसाद विनोद त्रिपाठी जग्गन अवस्थी रामकमल तिवारी रामहेत लोधी राम अनुज मौर्य गया प्रसाद शर्मा सहित विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दो मंदिरों से ताला तोड़कर हुई चोरी

▸ पुजारी ने पुलिस से शिकायत कर की कार्यवाही की मांग

**सिद्धौर, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

असन्द्रा थाना अंतर्गत बीती रात एक ही परिसर में स्थित दो मंदिरों का ताला तोड़कर अज्ञात चोर पुलिसिया गस्त की पोल खोलते हुए चोरी कर ले गए। मंदिर के पुजारी ने इसकी शिकायत चौकी पुलिस से कर कार्यवाही की मांग की है।

असन्द्रा थाना अंतर्गत सिद्धौर पुलिस चौकी क्षेत्र के मदारपुर अमर सिंह गांव में स्थित सिद्ध स्थल संकट मोचन हनुमान मंदिर का ताला तोड़कर मंदिर के अंदर रखा लाउडस्पीकर, पीतल का बड़ा घंटा, दान पत्र, पूजा का सामान तथा इसी मंदिर परिसर में ही, स्थित शंकर भगवान के मंदिर का भी ताला तोड़कर उसके अंदर रखे शिवलिंग के ऊपर पीतल की मूर्ति शेष नाग की। पीतल का घंटा, खाली दान पत्र आदि चोरी हो गया। सुबह जब मंदिर के पुजारी आत्माराम दास सोकर उठे तो देखा मंदिर का दरवाजा खुला पड़ा था। अंदर जाकर देखा तो मंदिर के अंदर की सामग्री गायब थी। पुजारी आत्मा रामदास ने इसकी शिकायत सिद्धौर पुलिस चौकी पर कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी असंद्रा संतोष कुमार सिंह का कहना है कि शिकायत मिली है। पूरे प्रकरण की जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

### तीन तस्करों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जैदपुर बाराबंकी।** थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा 3 मादक पदार्थ तस्करो को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 200 ग्राम अवैध मारफीन (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 20 लाख रुपये) बरामद किया गया है।जानकारी के अनुसार थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा आज अभियुक्त शकील अहमद पुत्र दस्तगीर निवासी राजाकटरा मजरे देवकली थाना जैदपुर, तौकीर पुत्र जसीम निवासी ग्राम टिकरा उस्मा थाना जैदपुर व साकिब पुत्र मोहम्मद उमर निवासी मोहल्ला जिन्हौली कस्बा आलापुर थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार किया गया।अभियुक्तो के कब्जे से कुल 200 ग्राम अवैध मारफीन बरामद किया गया। अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना जैदपुर पर क्रमशः मुअसं 07/2024, 08/2024 व 09/2024 व धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

# मासूम को बाइक सवार ने मारी टक्कर, घायल

▸ परिजनों ने घायल मासूम को निजी हास्पिटल में भर्ती कराया

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



सुबेहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत हैदरगढ़ सुबेहा मार्ग पर कस्बा सुबेहा स्थित टी वी एस एजेंसी के सामने रोड पार कर रही एक मासूम को मोटरसाइकिल चालक ने टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गय ।

इस दुर्घटना के दौरान मासूम गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगो की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजन ने आनन फानन में घायल मासूम को इलाज हेतु अस्पताल लेकर चले गए। कस्बा सुबेहा निवासी जाबिर की सात वर्षीय पुत्री टाफी लेने के लिए घर से रोड पार कर दुकान पर आ रही थी कि तभी सुबेहा की ओर आ रहे अज्ञात मोटरसाइकल सवार ने टक्कर मार दी और फरार हो गया। इस दौरान मासूम गंभीर रूप से घायल हो गई स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल मासूम को शुक्लबाजार में स्थित निजी हास्पिटल में भर्ती कराया है।

## पार्टी की कार्ययोजना तैयार बैठक सम्पन्न

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** भारतीय जनता पार्टी गोला की विभिन्न कार्यक्रमों एवं अभियानों के निमित्त कामकाजी बैठक नगर पालिका सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष एवं चेयरमैन नगर पालिका परिषद गोला विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य अवध प्रांत ठाकुर प्रसाद गंगवार, जिला उपाध्यक्ष विजय माहेश्वरी, विधानसभा संयोजक अवधेश मिश्रा, जिला महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा विनोद स्वर्णकार एवं पूर्व नगर अध्यक्ष दीपेन्द्र गुप्ता द्वारा पार्टी के पुरोधा पं दीनदयाल उपाध्याय पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर हुआ। मुख्य अतिथि चेयरमैन विजय शुक्ला रिंकू ने विभिन्न अभियानों के लिए संयोजक, नगर में रैलियों के स्थान, चौपहिया वाहन वाले कार्यकर्ताओं की सूची, नगर के धार्मिक स्थलों की सूचियों सहित सामाजिक तथा राजनैतिक समीक्षा के लिए भी जिम्मेदारी तय करवाते हुए कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं को सदैव गतिशील रहना चाहिए।

## खबरें एक नजर में

### जरूरतमंदों को वितरित किया गया कम्बल

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** कृष्ण सेवा संस्थान द्वारा 101 असहाय व कमजोर लोगों को कम्बल वितरित किए गए हैं। ग्राम मरकामऊ में कृष्ण सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुभम मौर्य द्वारा वृद्ध महिलाओं एवं पुरुषों को ठंड से बचने के लिए कंबलों का वितरण किया गया है। ग्राम प्रधान रेखा गुप्ता एवं कोतवाली के उप निरीक्षक सलीमुद्दीन खान व संभ्रांत व्यक्तियों की मौजूदगी में कंबल वितरण किए गए हैं। ग्राम प्रधान रेखा गुप्ता ने कहा कि इस भीषण ठंडी में सभी को कमजोर व असहाय लोगों की मदद करनी चाहिए।जरूरतमंद लोगों में कंबल वितरित को कार्यक्रम को लोगों ने सराहनीय कदम बताया। शुभम मौर्य ने बताया कि कबंल वितरण कार्यक्रम की मुहिम लगातार चलाते रहेंगे। हर तरह से गरीब बेसहारा लोगों की मदद की करते रहेंगे। इस मौके पर बदोसराय पुलिस स्टाफ सहित कृष्णा सेवा संस्थान के कार्यकर्ता आशीष कुमार सचिन पाल हेमंत मोर्या सनी उत्कर्ष मौर्य शुभम मौर्य पुष्पेंद्र मौर्य बुधराम धीमान आदि लोग उपस्थित रहे।

### अपराधियों पर होगी पैनी नजरः थानाध्यक्ष



**जैदपुर बाराबंकी।** अपराधियो पर पैनी नजर रखी जायेगी। अपराधियो और मादक पदार्थ तस्करो को किसी भी हाल मे बक्शा नही जायेगा।पीड़ितो की हर प्रकार से सहायता की जायेगी।यह बात नवनियुक्त कस्बा इंचार्ज ने जैदपुर कस्बा चौकी कमान संभालने के बाद कही। जानकारी के अनुसार लगभग दो माह से जैदपुर थाने मे कस्बा इंचार्ज की तैनाती न होने के चलते किसी तरह एक दरोगा के सहारे कस्बे का काम चल रहा था।लेकिन पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा थाना जैदपुर के कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार पांडेय को बनाया गया है।वार्ता के दौरान नव नियुक्त कस्बा इंचार्ज ने बताया कि अपराधियों पर पैनी नजर रखी जायेगी अपराध पर पूरी तरह से अंकुश लगाने का प्रयास करना हमारा उद्देश है।बेबसो पर जुल्म नही होने दिया जायेगा।पीड़ितो को हर संभव मदद व न्याय दिलाना मेरा मकसद रहेगा।

### विधायक ने रूकवाया भू माफियाओं पर कब्जा

**मोहम्मदी-खीरी।** मगरेना गांव में बर्षों से जिस कर्बला की जमीन पर मोहर्रम व चेहल्लुम मोहम्मदी और मगरेना के ताजिया दफन होते आ रहे है। जो पुवायां हाइवे के किनारे पर स्थिति है उस कीमती कर्बला की जमीन पर भू माफियाओं की नजर पड़ी और उन लोगों ने छल कपट कर कर्बला की जमीन को अपने नाम करवा लिया। जिससे मगरेना सहित पूरे क्षेत्र के लोगों में बेहद आक्रोश व्याप्त है। वही लगातार कर्बला की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास भू माफियाओं द्वारा किया जा रहा है। ग्रामीण व ताजियादारों द्वारा लगातार इसका विरोध किया जा रहा है। गौरतलब है की मगरेना के नवाब साहब द्वारा कर्बला की इस जमीन को दान में दिया गया था जो सरकारी अभिलेख खसरे में अभी तक दर्ज है। अगर समय रहते इसका कोई भी समाधान नहीं निकला गया तो आने वाले मोहर्रम में ताजिया दफन कहां किए जायेंगे। लोगों में भारी आक्रोश वही व्यापत है। इस खबर की जानकारी जैसे ही विधायक को मिली उन्होंने भू माफियाओं द्वारा किये गये कब्जे को तुरंत रुकवाया।

# ट्राली में पीछे से घुसी बस, एक की मौत तीन घायल

▸ सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी में कराया भर्ती, गम्भीर हालत में जिला अस्पताल किया रेफर

**पलियाकलां-खीरी, समृद्धि न्यूज।**



पलिया निघासन रोड पर पलिया से निघासन की ओर सवारियों को लेकर जा रही एक डबल डेकर बस कोहरे के चलते साइड में खड़ी ईंटों से भरी ट्राली में जा घुसी।

दुर्घटना में बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के दौरान बस सवार एक तेरह वर्षीय किशोर की मौके पर मौत हो गई। जब कि तीन सवार गंभीर रुप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां से प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पलिया निघासन रोड पर गुरुवार की सुबह बेला गांव के पास रोड के किनारे ईंटों से भरी ट्राली में सवारियों से भरी एक डबल डेकर बस पीछे से जा घुसी। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, साथ ही बस में आगे सवार एक तेरह वर्षीय किशोर की मौके पर मौत हो गई जबकि तीन सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना पर मझगई पुलिस मौके पर जा पहुंची और घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलिया में भर्ती कराया जहां प्राथमिक इलाज किए जाने के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दुर्घटना सुबह साढ़े सात बजे की होनी बताई जा रही है। पुलिस के काफी प्रयास के बाद भी मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। बस पलिया होते हुए नानपारा बहराइच के लिए जा रही थी।

# चोरों ने नगदी समेत आभूषण किए पार

▸ पुलिस चौकी से महज 100 मीटर की दूरी पर हुई चोरी

**गोला गोकर्णनाथ खीरी लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज**



गोला पुलिस की लगातार लापरवाह रवैया के चलते गोला नगर में चोरों का आतंक शुरू हो गया है। बीती रात बेखौफ चोरों ने नानक चौकी से महज 100 मीटर की दूरी पर एक घर पर धावा बोल दिया और नगदी, समेत सोने चांदी के आभूषण पर हाथ साफ कर दिया।

दरअसल चोरों ने नानक चौकी क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ला अर्जुन नगर निवासी प्रवीण कुमार के घर पर उस समय धावा बोल दिया जिस समय प्रवीण अपने परिवार सहित अपने बड़े भाई दिनेश कुमार के यहां लक्ष्मी नगर कॉलोनी चला गया था। मौके पर मौजूद पीड़ित के भांजे रणजीत सिंह ने बताया कि बीती शाम छोटे मामा प्रवीण की तबीयत खराब होने की वजह से लगभग 8:00 बजे घर के सभी लोग त्रिलोक गिरी मंदिर के पास बड़े मामा के यहां चले गए। इसके बाद सुबह जब पड़ोसियों का फोन आया तो बताया कि आपके घर का ताला टूटा है जिस पर जब मौके पर सभी लोग पहुंचे तो देखा कि घर का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था और जहां पैसे रखे थे वहां का लॉक टूटा हुआ था। रणजीत ने बताया कि मिल में गन्ना बिकने का पैसा रखा हुआ था और भैंस की बिक्री होने के बाद उसका भी पैसा रखा हुआ था। कुल मिलाकर चोरों ने लगभग 1 लाख नगदी और दो से ढाई लाख तक के समान पर हाथ फेर दिया।

### पीड़ित पर तहरीर में बदलाव के लिए पुलिस का दबाव

वही इस बात की चर्चा है कि पुलिस ने पीड़ित पर दबाव बनाकर तहरीर बदलवा दी और लाखों की जगह कुछ हजारों की चोरी होने की तहरीर बनवा दी। शिकायतकर्ता प्रवीण कुमार ने बताया कि मेरी तबीयत खराब होने के कारण मैं अपने भाई के यहां चला गया था जिस पर सुबह मुझे चोरी होने की जानकारी पड़ोसियों द्वारा बताया गया। प्रवीण ने तहरीर में बताया कि उसका 30 से 40 हजार रुपए वह कुछ सोने चांदी की चीज अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिया गया है। यदि और सामान भी चोरी हुआ है तो उसकी जानकारी होने पर पुलिस में जानकारी उपलब्ध करा देगा।

### गोला पुलिस की कमजोर पुलिसिंग से चोरों के हौसले बुलंद

बता दें जैसे-जैसे ठंड के चलते कोहरा बढ़ता जा रहा है उसी की आड़ में गोला कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत चोर सक्रिय हो गए हैं। वही गोला पुलिस की लचर कार्यशैली की बात की जाए तो पूर्व में गोला पुलिस रोजाना गश्त करती थी लेकिन अब पुलिस ने गश्त करना बंद कर दिया जिससे नगर में पुलिस का चोरों मे कोई भय नहीं रहा जिसके चलते आए दिन चोरी, मारपीट जैसी वारदात सामने आने लगी।

# सवा लाख दीपकों से सजेगा गोकर्ण तीर्थ परिसर

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज**

### शिव मंदिर परिक्षेत्र मे एलसीडी के जरिए होगा प्रसारण



धार्मिक एवं सांस्कृतिक नगरी के रूप में विख्यात छोटी काशी में श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी 2024 दीपावली की तरह भव्य दीपोत्सव मनाने की रूपरेखा तय की गई है। बुधवार की रात मां कात्यायनी सेवा समिति के कार्यालय पर ज्योतिषाचार्य पंडित रामदेव मिश्र शास्त्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में दीपोत्सव की रूपरेखा तय हुई। बैठक में मौजूद विधायक अमन गिरि व नगर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि 500 वर्ष बाद हमारे देशवासियों का सपना साकार होने जा रहा है और अयोध्या में रामलला भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। देश- प्रदेश में छोटी काशी के नाम से विख्यात धार्मिक नगरी में यह दिन ऐतिहासिक होना चाहिए। घर घर में दीपावली की तरह प्रकाश व दीपकों की जगमगाहट करने की अपील की। आगे कहा कि नगर व गांव गांव के मंदिरों को सजा करके भगवान राम की घर वापसी का स्वागत करेंगे। ज्योतिषाचार्य व संस्था के महासचिव पंडित रामदेव शास्त्री ने कहा कि यह पर्व उसी तरह है जिस प्रकार त्रेता युग में भगवान श्री राम लंका पर विजय प्राप्त कर चौदह वर्ष बाद अयोध्या वापस आए थे। अयोध्या वासियों ने दीपोत्सव दीपावली मना कर उनका स्वागत किया था इस लिए हम सब मिलकर भगवान राम का स्वागत करेंगे।

## पूर्व के मामलों में खुलासा करने में असफल गोला पुलिस

बता दे हाल ही में लगातार काफी चहल-पहल वाले क्षेत्र तीर्थ सरोवर के पास कई घटनाएं घटी जिसमें बीते कुछ दिन पूर्व एक पंडा के ऊपर एक दबंग ने पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दिया था जिससे पंडा बुरी तरह आग मे झुलस गया था जिसका पुलिस अभी तक खुलासा नहीं कर पाई।



### क्या कहते जिम्मेदार

इस संबंध में गोला कोतवाली प्रभारी इंद्रजीत सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# भूमाफियाओं ने कर्बला की जमीन को कब्जाने की कोशिश की

**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम मगरेना में वर्षों से जिस कर्बला की जमीन पर मुहर्रम व चेहल्लुम मोहम्मदी और मगरेना के ताजिया दफ़न होते आ रहे है जो पुवायां हाइवे के किनारे पर स्थिति है उस देश कीमती कर्बला की जमीन पर भू माफिओं की नजर पड़ी और उन लोगों ने छल कपट कर कर्बला की जमीन को अपने नाम करवा लिया, जिससे मगरेना सहित पुरे क्षेत्र के लोगों में बेहद आक्रोश व्याप्त है वही लगातार कर्बला की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास भू माफियाओं द्वारा किया जा रहा है ग्रामीण व ताजियादारों द्वारा लगातार किया जा रहा है विरोध गौरतलब है की मगरेना के नवाब साहब द्वारा कर्बला की इस जमीन को दान में दिया गया था जो सरकारी अभिलेख खसरे में अभी तक दर्ज है। अगर समय रहते इसका कोई भी समाधान नहीं निकल गया तो आने वाले मोहर्रम में ताजिया दफन कहां किए जाएंगे लोगों में भारी आक्रोश वही विधायक को जानकारी होने पर उन्होंने कब्जा होने से रुकवाया।करबला की जमीन पर ऐसे ही चलती रही जेसीबी तो कभी भी हो सकती है बड़ी घटना। जब 12 साल के बाद मकान मालिक किरायदार को ऐसे बाहर नहीं निकाल सकता जिस करबला में सैकड़ों सालों से ताजिये दफन हो रहे हों।

## कड़ाके की ठंड में हो रही भागवत कथा, स्रोता ले रहे आनंद

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज**

विकास क्षेत्र के इस्माइलपुर गांव में श्रीमद भागवत कथा के दूसरे दिन बावन भगवान व राजा बलि की कथा सुनाई गई इस कड़ाके की ठंड में भी भक्त गण कथा स्थल पर पहुंचकर कथा का श्रवण किया। कथा वाचक पंडित ओम प्रकाश तिवारी ने भगवान बावन अवतार की कथा व मनमोहक झांकियां प्रस्तुत कर कथा श्रवण कर रहे भक्तगणों को मंत्र मुग्ध कर दिया। कथा व्यास ने वामन अवतार की कथा सुनाते हुए कहा कि जब राजा बली ने देवताओं को युद्ध में हराकर स्वर्ग में अपना राज्य स्थापित करना चाहा जिसके लिए उसने अश्वमेघ यज्ञ का प्रबंध किया।

**शुरूवात** | कलेक्ट्रेट में ई-खसरा पड़ताल५ का वर्चुअल शुभारम्भ की हुई लाइव स्ट्रीमिंग

# किसानों के जीवन में खुशहाली की राह खोलेगा डिजिटल क्रॉप सर्वे : डीएम

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**




हर खेत में होने वाली पैदावार के सटीक आंकड़े जुटाने के उद्देश्य से कृषि और राजस्व विभाग की संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को कलेक्ट्रेट में रबी 2023-24 मे एग्रीस्टैक योजना के तहत ई-खसरा पड़ताल का शुभारम्भ की लाइव स्ट्रीमिंग एवं आमुखीकरण प्रशिक्षण का कार्यक्रम हुआ। जनपदीय कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, एडीएम संजय कुमार सिंह के संग दीप जलाकर किया। कार्यक्रम का सफल संयोजन डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्र ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे किसानों के जीवन में खुशहाली की नई राह खोलेगा। डिजिटल क्रॉप सर्वे के माध्यम से फसलों के जो आंकड़े प्राप्त होंगे, उससे कृषकों के लिए योजना बनाने में बहुत सुविधा प्राप्त होगी। इन आंकड़ों के आधार पर किसानों के लिए जरूरी और उपयोगी योजनाओं को तैयार किया जा सकेगा, जो कृषकों के लिए लाभकारी होगा। इसके अलावा डिजिटल क्रॉप सर्वे के माध्यम से प्राप्त होने वाले आंकड़ों से जहां एक और कृषकों को लाभ प्राप्त होगा, वहीं सरकार और उपभोक्ता सभी इससे लाभान्वित होंगे। डीएम ने कहा कि सर्वे कार्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। अतः समस्त अधिकारी-कर्मचारी संवेदनशील होकर कार्य करना सुनिश्चित करें।

सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय ने कहा कि पीएम के नेतृत्व में कृषि समेत कई सेक्टर्स क्षेत्र में गत 10 वर्षों में कई रिफॉर्म हुए। डिजिटल क्रॉप सर्वे से किसान भाइयों का विश्वास बढ़ेगा। यह किसानों के हित और समृद्धि के लिए लिया गया बड़ा कदम है। एडीएम संजय कुमार सिंह ने ई-पड़ताल के फायदें बताते हुए कहा कि प्राप्त आंकड़ों का उपयोग प्लानिंग टूल के रूप में किया जाएगा, इससे ना केवल फसल के सटीक आंकड़े प्राप्त होंगे और रियल टाइम होंगे, बल्कि किस फसल का उत्पादन कम है या अधिक होगा, इसकी जानकारी पहले से होने से कार्यवाई की जा सकेगी। सटीक रिपोर्टिंग से जनपद के कृषि सेक्टर की जीडीपी भी बढ़ेगी। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि सर्वे में अच्छा कार्य करने वाले कर्मियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। अच्छा कार्य करने वाले कर्मियों के अनुभवों को अन्य कर्मियों के साथ साझा किया जाये।

# अयोध्या में इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल कराएगी यूपी सरकार

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

▸ 19 से 21 जनवरी के बीच होगा आयोजन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की आध्यात्मिक राजधानी के तौर पर विकसित की जा रही अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्रभु रामलला के प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। उससे पहले यूपी सरकार अयोध्या में इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल के आयोजन की भी रूपरेखा तैयार की जा रही है।

अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) ने अयोध्या में इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल के आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। संभावित है कि 19 से 21 जनवरी के मध्य इसका आयोजन हो सकता है तथा



इसमें देश-दुनिया के प्रख्यात पतंगबाजों को अपनी कला का प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा। इस पूरी प्रक्रिया को मूर्त रूप देने के लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) द्वारा प्राइवेट एजेंसी को संबद्ध किया जाएगा।

# प्राण प्रतिष्ठा : 22 जनवरी तक उप्र परिवहन की बसों में भी बजेगा राम भजन

## रामभक्तों का उत्साह देखते हुए योगी सरकार ने वृहद स्तर पर की तैयारी

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

**लखनऊ।** 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर पूरे उत्तर प्रदेश में एक अलग तरह का माहौल है। चारों तरफ सिर्फ भगवान राम के भव्य मंदिर को लेकर ही चर्चा हो रही है। रामभक्तों का ये उत्साह देखते हुए योगी सरकार ने भी वृहद स्तर पर तैयारी की है।

इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर परिवहन विभाग ने 22 जनवरी को होने वाले इस भव्य कार्यक्रम को लेकर कार्ययोजना तैयार की है। कार्ययोजना के तहत 22 जनवरी तक सभी बसों में लगे पब्लिक एड्रेस सिस्टम में राम




▸ प्रसिद्ध भजनों का होगा प्रसारण

भजन बजाए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की थी, जिसमें उन्होंने अयोध्या के मंदिरों में 14 जनवरी से 24 मार्च तक भजन कीर्तन, रामायण एवं रामचरित मानस का पाठ, सुन्दरकांड के कार्यक्रम आयोजन कराने के निर्देश दिए थे। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि 22 जनवरी को लेकर परिवहन विभाग ने जो कार्ययोजना तैयार की है, उसके अनुसार सभी यात्री वाहनों में तथा बस स्टेशनों पर साफ सफाई सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, सभी बसों में लगे पब्लिक एड्रेस सिस्टम में राम भजन बजाए जाने के निर्देश हैं, ताकि यात्रियों का सफर राममय हो सके और वह भी भगवान राम के जीवन से प्रेरणा ले सकें। भगवान राम से जुड़े भजनों में विभिन्न कलाकारों के प्रसिद्ध भजनों को शामिल किया जाएगा, जबकि आज के दौर में लोगों की जुबां पर चढ़े भजनों और गीतों को भी इसमें सम्मिलित किया जा सकता है।

इसके अलावा स्थानीय गायकों के राम भजनों को भी इसमें स्थान मिल सकता है। इसके माध्यम से योगी सरकार का उद्देश्य उत्तर प्रदेश में लोगों के बीच रामोत्सव को लेकर उत्सुकता पैदा करना है, ताकि हर जन सामान्य इस कार्यक्रम से किसी न किसी रूप में जुड़ सके।

### प्रदेश के सभी जेलों में होगा प्राण प्रतिष्ठा का सजीव प्रसारण



उत्तर प्रदेश की सभी जेलों में अयोध्या में 22 जनवरी को हो रहे श्रीराम जी के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का सजीव प्रसारण होगा। जेल में निरुद्ध कैदी प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम देख सकेंगे। उत्तर प्रदेश के कारागार एवं होमगाड्‌र्स राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने गुरूवार को सभी जेल अधीक्षकों को प्राण प्रतिष्ठा का सजीव प्रसारण कराए जाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। श्री प्रजापति ने कहा कि पदभार ग्रहण करने के साथ ही जेलों में गायत्री मंत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र का उच्चारण कराए जाने के निर्देश दिए थे। इसके पश्चात बंदियों को अपने-अपने वादों की चर्चा से बचने के लिए हनुमान चालीसा एवं सुंदर कांड पुस्तक का वितरण किया जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### तीन दिवसीय स्वर्ण संगीत नाट्य समारोह 23 से

**लखनऊ।** सामाजिक, शैक्षिक एवं सांस्कृतिक संस्था स्वर्ण संगीत एवं नाट्य समिति के तत्वावधान में आगामी 23 जनवरी 2024 से 25 जनवरी 2024 तक तीन दिवसीय स्वर्ण संगीत नाट्य समारोह का आयोजन वाल्मीकि रंगशाला उ.प्र. संगीत नाटक अकादमी गोमती नगर, लखनऊ में किया जाएगा। इस बात की जानकारी संस्था की अध्यक्ष स्निग्धा मुखर्जी ने दी। उन्होने बताया कि तीन दिवसीय स्वर्ण संगीत नाट्य समारोह का शुभारंभ 23 जनवरी 2024 को आयोजक संस्था स्वर्ण संगीत एवं नाट्य समिति की प्रस्तुति के अन्तर्गत प्रसिद्ध नाट्य लेखक मौलियर द्वारा लिखित एवं तरूण मुखर्जी द्वारा निर्देशित नाटक कंजूस से होगा। स्निग्धा मुखर्जी ने बताया कि इसी प्रकार 24 जनवरी 2024 को श्रद्धा मानव सेवा कल्याण समिति की प्रस्तुति के तहत बी. एल. गौर द्वारा लिखित एवं अचला बोस द्वारा निर्देशित नाटक मीठी ईद एवं 25 जनवरी 2024 को आकांक्षा थियेटर आर्टस की प्रस्तुति के अन्तर्गत प्रसिद्ध नाट्य लेखक सागर सरहदी द्वारा लिखित एवं द्वय नाट्य निर्देशक अनुपम बिसरिया और अश्विनी मक्खन द्वारा निर्देशित नाटक मसीहा का मंचन किया जाएगा।

### मोनाल गोष्ठी का आयोजित

**लखनऊ।** पेशावर कांड के महानायक वीर चंद्र सिंह गढ़वाली जी के जन्मदिवस के उपलक्ष में मोनाल बुद्ध बसंती सभागार वजीर हसन रोड पर गोष्ठी आयोजित की गई गोष्ठी की अध्यक्षता डॉक्टर आशुतोष नौटियाल अध्यक्ष गढ़वाली समाज तथा विवेक नौटियाल ने करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला गढ़वाली जी का जन्म 25 दिसंबर को हुआ था मोनालश्री विक्रम बिष्ट बताया की 23 अप्रैल 1930 में पेशावर कांड हुआ जिसमें निहत्ते क्रांतिकारी पर अंग्रेजों के आदेश की उल्लंगना करते हुए गढ़वाली जी ने गोली चलाने से मना कर दिया जिस पर अंग्रेजों ने उन्हें काला पानी कर दिया था गढ़वाली जी की स्मृति में 7 फरवरी से सात दिवसीय महोत्सव 13 फरवरी तक पंडित गोविंद बल्लभ पंत स्मृति उपवन में प्रभु श्री राम के जीवन पर किया जाएगा महोत्सव में वीर चंद्र सिंह गढ़वाली जी के जीवन रूपांतरण नाट्य गीत संगीत तथा प्रभु श्री राम पर आधारित लोकगीत नृत्य संगीत की प्रतियोगिता सभी आयु वर्ग के लिए किया जाएगा सांस्कृतिक आयोजन में उभरती हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया जाएगा गोष्ठी में प्रेम सिंह बिष्ट आकांक्षा आनंद यशभारती ऋचा जोशी हर्षिता बिष्ट चंदू जोशी अशोक अस्वल आदि ने अपने विचार व्यक्त किया।

### विश्वविद्यालय की दो छात्राओं का दिल्ली परेड में चयन

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की दो छात्राऐं-कैडेट निवेदिता सिंह 63 यूपी एनसीसी बटालियन लविवि व कैडेट भूमिका गुप्ता (64 यूपी एनसीसी बटालियन, लविवि) 26 जनवरी को नई दिल्ली मे होने वाली गणतंत्र दिवस परेड मे प्रतिभाग करेंगी। चयनित छात्राओ को कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने बधाई एवं शुभकामनाऐं दीं हैं।

### बीएसएनएल 4जी सेवाएं उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराने को कटिबद्ध

**लखनऊ।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी मेक इन इंडिया योजना के अंतर्गत 4जी सेवाएं बीएसएनएल के उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराने की इंतजार की घड़ी समाप्त होने को है। इस क्रम में प्रधानमंत्री एवं संचार मंत्री के अथक प्रयासों और कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सी- डॉट एवं टीसीएस के द्वारा विकसित एवं उत्पादित उपकरण बीएसएनएल के उत्तर प्रदेश (पूर्वी) परिमंडल में आने शुरू हो गए हैं जिनकी पहली खेप अयोध्या, प्रयागराज, वाराणसी, सीतापुर आदि जगहों पर पहुँच भी गयी है। उत्तर प्रदेश (पूर्वी) परिमंडल के उत्तरी जोन के सभी परिमंडलों से कहीं अधिक 4जी की पहली किश्त उपलब्ध करायी गयी है जिनकी संख्या 800 है तथा जिनको लगाने का काम टीसीएस के द्वारा जल्द ही शुरू हो जाएगा। 4जी मोबाइल के मिनी ष्ष्ट उपकरण लखनऊ में भी लग रहे हैं। जो पूरे उत्तर प्रदेश (पूर्वी) परिमंडल की सेवाओं के लिए हैं और वे 10 दिन में पहुँच जाएगा। बी0एस0एन0एल0 उत्तर प्रदेश (पूर्वी) परिमंडल में वर्तमान में लगभग 6000 मोबाइल साइट्स के टावर काम कर रहे हैं जिनके पूर्णत: 4जी में वर्ष 2024 के अन्त तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही 500 नये BTS भी लगाये जाएंगे। मुझे यह भी बताने में बहुत खुशी हो रही है कि बी0एस0एन0एल0 इसी क्रम में भारत सरकार के महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत ऐसे गाँवों में जहाँ अभी तक किसी भी मोबाइल ऑपरेटर का सिग्नल नहीं मिल रहा है नये मोबाइल टावर लगाकर 4जी की सेवाएं उपलब्ध कराएगा जिसका कार्य काफी प्रगति पर है और उत्तर प्रदेश (पूर्वी) परिमंडल में वर्तमान में 97 टावर लगाने थे उनमें से 58 टावर लगाने का कार्य हमने पूर्ण कर लिया है जिससे 103 अनाच्छादित गाँवों में 4जी सेवाएं मिल सकेगीं। परिवर्तन ही संसार का नियम है। इसी क्रम में बी0एस0एन0एल0 के पास कॉपर कार्यरत लैंडलाइन टेलीफोन नंबरों को भी वर्तमान में उपलब्ध नई टेक्नोलॉजी FTTH में परिवर्तन का संकल्प बी0एस0एन0एल0 मुख्यालय नई दिल्ली ने संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव के मार्गदर्शन में करने के लिए दृढ़संकल्प है। इसके लिए बी0एस0एन0एल0 सभी लैंडलाइन नंबरों को फाइबर में बदलने के लिए इस महत्वाकांक्षी योजना पर काम कर रहा है तथा इसमें हमारे सम्मानीय उपभोक्तओं को किसी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क देने की जरूरत नहीं होगी। वर्तमान में हमारे लगभग 46000 लैंडलाइन नंबर कार्य कर रहे हैं।

# योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को देने में शिथिलता न बरतें अधिकारी : नरेन्द्र कश्यप

▸ दिव्यांगजनो एवं पिछड़ा वर्ग की योजनाओं में धनराशि की कोई कमी नहीं

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं हेतु धनराशि की कोई कमी नहीं है। धनराशि का शत-प्रतिशत उपयोग करते हुए दिव्यांगजनो एवं पिछड़ा वर्ग के पात्र लोगो को योजनाओं का लाभ देने का कार्य करे। उन्होंने कहा कि योजनाओं का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाए। योजनाओं से संबंधित प्रचार सामग्री तैयार की जाए तथा जनपद में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में लोगों को वितरित किया जाए। विभागीय योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को देने में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता न बरती



जाए। मंत्री कश्यप गुरुवार को अपने कार्यालय में विभागीय समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संकल्प के साथ कार्य करें। दिव्यांगजनो की समस्याओं को समझे और उसका त्वरित समाधान किया जाए। पिछड़े वर्ग के छात्र व छात्राओं को शत प्रतिशत छात्रवृत्ति प्रदान किया जाय। दिव्यांगजनो के लिए संचालित पेंशन योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र दिव्यांगजनों को दिलाया जाय। पिछड़े वर्ग विभाग में संचालित छात्रवासों के मरम्मत का कार्य पूर्ण कर लिये जाय। पिछडे वर्ग के युवाओं के लिए संचालित कंप्यूटर प्रशिक्षण में शत प्रतिशत बायोमैट्रिक उपस्थिति ली जाय। शादी अनुदान योजना के आवेदनों को समयबद्ध निस्तारित किया जाय एवं योजना का लाभ दिया जाय। मंत्री कश्यप ने कहा कि डॉ. शकुंतला मिश्रा पुर्नवास विश्विद्यालय लखनऊ एवं जगदुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट में प्रदेश सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के लिए दी जा रही सुविधाओं की जानकारी अधिक से अधिक दिव्यांगजनों को उपलब्ध कराई जाए। विश्वविद्यालय में दिव्यांगजनों के हितों का ध्यान रखा जाय और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाय।

मंत्री कश्यप ने बताया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में संचालित शादी अनुदान योजना के अंतर्गत अब तक 26057 लाभार्थियों के खाते में 52.11 करोड़ रूपये की धनराशि हस्तान्तरित की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि नोडल विभाग, समाजकल्याण विभाग द्वारा दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क छात्र प्रतिपूर्ति योजना की वर्ष 2023-24 की समय सारिणी के अनुसार 15 मार्च, 2024 तक छात्रों के खाते में धनराशि अन्तरण की व्यवस्था की गयी है। कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में ओ लेवल हेतु 13,330 तथा सीसीसी हेतु 10,593 इस प्रकार कुल 23,923 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बैठक में प्रमुख सचिव दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण सुभाष चन्द्र शर्मा, विशेष सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण सुनील कुमार चौधरी, राज्य आयुक्त दिव्यांगजन सशक्तीकरण अजीत कुमार, निदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण भूपेंद्र एस. चौधरी, निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण डॉ. वंदना वर्मा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# चित्रकूट में 23.32 करोड़ रुपये की लागत से बनेगी मल्टीलेवल कार पार्किंग

▸ 05 करोड़ रूपये की प्रथम किश्त जारी: जयवीर

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



वनवास के समय भगवान श्रीराम का अधिकांश समय चित्रकूट में ही गुजरा, चित्रकूट का कण कण राममय है। यहां पर राम, लक्ष्मण एवं माता जानकी से जुड़े दर्शनीय स्थल हैं।

प्रदेश का प्रमुख पर्यटन स्थल होने के कारण चित्रकूट में देशी एवं विदेशी श्रद्धालु भ्रमण के लिए आते रहते हैं। पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए सीतापुर स्थित रामघाट के पास मल्टीलेबल कार पार्किंग का निर्माण किये जाने का निर्णय लिया गया है। 23.32 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत की गई है और इसके सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में 05 करोड़ रूपये जारी करा दिये गये हैं। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मल्टीलेबल कार पार्किंग का निर्माण व बुनियादी सुविधायें विकसित हो जाने से पर्यटकों की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी होगी।

मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम ने वनवास काल में मंदाकिनी नदी में स्नान किया था, इसलिए इस स्थल का धार्मिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व है। दूर-दूर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन और पूजन के लिए आते हैं। पार्किंग निर्माण के बाद लोगों को काफी सुविधा प्राप्त होगी। पर्यटकों की संख्या बढ़ने से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा और राज्य सरकार को राजस्व भी प्राप्त होगा। मल्टीलेबल कार पार्किंग के साथ ही पाथवे, सीसी रोड, लैंडस्केप, बागवानी के कार्य कराए जायेगे। पर्यटन सूचना कार्यालय, एंट्रेंस लॉबी, वेटिंग एरिया, 22 बेड की डॉरमेट्री, कार लिफ्ट, पैसेंजर लिफ्ट, रूफ टॉफ रेस्टोरेंट, शौचालय आदि का निर्माण होगा। मल्टीलेवल पार्किंग में बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर और प्रथम तल बस, कार और बाइक खड़ी करने की व्यवस्था रहेगी।



## मुख्य सचिव से वर्ष 2021 एवं 2022 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के 18 प्रशिक्षु अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की

**समृद्धि न्यूज**, लखनऊ। मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र से वर्ष 2021 एवं 2022 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के 18 प्रशिक्षु अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में मा0 मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में कानून व्यवस्था बेहतर है। उत्तर प्रदेश में भयमुक्त वातावरण है। उत्तर प्रदेश को प्रगति और विकास के पथ पर अग्रसर करना आप सभी का संवैधानिक कर्तव्य और नैतिक दायित्व हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर पुलिसिंग के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करना होगा। पुलिस को अपने कर्मचारियों को बेहतर माहौल देने, अपनी छवि सुधारने और अच्छी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए स्मार्ट पुलिसिंग पर विशेष तौर पर ध्यान देने की जरुरत है। आपकी ताकत आपका व्यवहार है। उन्होंने कहा कि आज पूरे हिन्दुस्तान में डिजिटल ट्रांजेक्शन तेजी से हो रहा है, लेकिन साथ ही साइबर अपराध का ग्राफ भी तेजी से बढ़ रहा है। तकनीक के दुरुपयोग से अपराध की प्रकृति बदली है। प्रदेश में साइबर क्राइम पर अंकुश लगाने के लिए हर स्तर पर सतर्कता बरती जा रही है। साइबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूकता बहुत जरुरी है। प्रदेश के सभी जलिों में साइबर क्राइम थाना खोले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मान0 प्रधानमंत्री जी ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है, इसमें आपका महत्वपूर्ण योगदान होगा। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को अपनी फिजीकल फिटनेस बनाये रखने के लिए खेल गतिविधियों से जुड़े रहने और पब्लिक सम्पर्क बनाये रखने और जरूरतमंद लोगों की सहायता करने जैसी सलाह भी बातचीत के दौरान दी। बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण श्रीमती तिलोतमा वर्मा, सचिव गृह श्री राजा मौली, डीआईजी श्री शफीक अहमद समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

## ई-खसरा पड़ताल (ई-केपी) भारत सरकार की एक परिवर्तनकारी परियोजना

# टेक्नोलॉजी के माध्यम से सभी क्षेत्रों में यूपी रैकिंग में आगे : कृषि मंत्री

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



प्रदेश के कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विगत 10 वर्षों में टेक्नोलॉजी के माध्यम से सभी क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश रैकिंग में आगे है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उ0प्र0 25 योजनाओं में नम्बर-1 या नम्बर-2 पर है। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री द्वारा जनता के हितों का ध्यान रखा जा रहा है एवं उनके लिये विभिन्न योजनाओं को संचालित किया जा रहा है। उन्होने कहा कि कृषि क्षेत्र में टेक्नोलॉजी का अधिक से अधिक उपयोग किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत सभी फसलों का डिजिटल सर्वे कराया जा रहा है।

कृषि मंत्री ने गुरूवार को कृषि भवन के सभागार में आयोजित रबी 2023-24 ई-खसरा पड़ताल एवं परिवर्धित मोबाइल ऐप का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि एग्रीस्टैक योजना के तहत ई-खसरा पड़ताल (ई-केपी) भारत सरकार की एक परिवर्तनकारी परियोजना है जिसका उद्देश्य भारत के कृषि पारिस्थितिकी तंत्र का डिजिटल प्रारूप तैयार करना है। भारत सरकार ने खरीफ 2023 में 10 राज्यों में एक पायलट चरण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है, जिसमें उत्तर प्रदेश ने सबसे अच्छा कार्य करके दिखाया है। एग्रीस्टैक योजना के प्रबंधन के लिए भारत सरकार, राज्य सरकार को यह पूरी प्रौद्योगिकी सौंपने की तैयारी कर रही है।

कृषि मंत्री ने कहा कि खरीफ 2023 में उत्तर प्रदेश के कुल गाटा संख्या 7.87 करोड़ के 20 प्रतिशत गाटा को सम्मिलित करते हुए पायलट योजना के रूप में 21 जनपदों में पूर्ण रूप से तथा 54 जनपदों के 10 ग्राम पचायंतों में डिजिटल क्राप सर्वे का कार्य सचांलित किया गया। योजना के अतंर्गत भारत सरकार द्वारा विकसित मोबाइल एप के माध्यम से प्रदेश के 21 जनपदों (भदोही, सतंकबीर नगर, औरैया, महोबा, हमीरपुर, सुल्तानपुर, वाराणसी, जौनपुर, प्रतापगढ़, मिर्जापुर, मुरादाबाद, जालौन, चित्रकूट, फर्रुखाबाद, अयोध्या, चदौंली, झांसी, बस्ती, हरदोई, देवरिया एवं गोरखपुर) में शत-प्रतिशत तथा शेष 54 जनपदों की 10-10 राजस्व ग्रामों में ई-खसरा पड़ताल सुनिश्चित किया गया है। खरीफ 2023 में कुल 1,15,89,645 गाटों का सर्वेक्षण किया गया।

कृषि मंत्री ने कहा कि रबी 2023-24 में प्रदेश के समस्त जनपदों में शत प्रतिशत फसल सर्वेक्षण का कार्य मोबाइल एप के माध्यम से ई-खसरा पड़ताल किया जाना सुनिश्चित किया गया है। प्रदेश के समस्त 75 जनपदों में कुल 110221 राजस्व ग्राम में 7 करोड़ 87 लाख 73 हज़ार 211 गाटे सम्मिलित हैं, जिनमें से 95270 राजस्व ग्रामों का नक्शा जिओ रेफरेंस हुआ है। इनमें कुल 6 करोड़ 69 लाख 37 हजार 766 गाटा जिओ रेफरेंस हैं, जिसमे ई-खसरा पड़ताल सपंत्र कराया जाना है। उन्होंने कहा कि सर्वे कार्य का प्रारंभ आज से प्रदेश के समस्त 75 जनपदों में प्रारंभ हो रहा है जिसे आगामी 15 फरवरी तक पूर्ण कराया जाएगा। इस कार्य में राजस्व विभाग के समस्त लेखपाल कृषि विभाग के तकनीकी सहायक, बीटीएम, एटीएम तथा पचांयत सहायकों को सर्वेयर के रूप में सहयोग लिया जा रहा है। खरीफ 2023 में जिन सर्वेयर के द्वारा अच्छा कार्य किया गया, उन्हें आज यहां कृषि मंत्री द्वारा सम्मानित किया गया।

**तैयारी** | नगर विकास मंत्री ने दिये अयोध्या, गोरखपुर, प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर के नगर आयुक्तों को निर्देश

# सभी निकायों में 10 फरवरी तक चलेगा सफाई अभियान

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने आगामी 22 जनवरी को अयोध्या धाम में मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के दृष्टिगत प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में 10 जनवरी से 10 फरवरी तक साफ-सफाई और सुन्दरीकरण का विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया है।

नगर विकास मंत्री ने राम नगरी में देश-विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को अयोध्या के पुराने गौरव के साथ दिव्य और भव्य अयोध्या धाम के दर्शन कराने के लिए तथा प्राण-प्रतिष्ठा के बाद भी अयोध्या धाम आने वाले श्रद्धालुओं को भारत की प्राचीन संस्कृति



के गौरव का बोध कराने के लिए सम्पूर्ण तैयारियों के लिए अभी से जी-जान से जुटने के लिए कहा है।

उन्होंने निर्देश दिये कि प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तैयारियों के दृष्टिगत अयोध्या, कानपुर, लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज के नगर आयुक्त अपने शहरों की साफ-सफाई, सुशोभन व व्यवस्थापन पर विशेष ध्यान देंगे। साथ ही लखनऊ, बस्ती, गोरखपुर, अयोध्या, देवीपाटन मण्डल की सभी नगरपालिका परिषद व नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी भी अपने निकायों में साफ-सफाई व सुन्दरीकरण पर विशेष ध्यान देंगे।

इस संबंध में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा बुधवार देर रात राजधानी में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक भी की और 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सम्बंधित निकायों को विशेष रूप से सजग रहने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि श्रद्धालु अयोध्या धाम के आस-पास के रेलवे स्टेशनों, एयरपोर्ट से आ सकते हैं तथा अयोध्या धाम के साथ आस-पास के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों पर भी दर्शन के लिए जा सकते हैं। इसके लिए सभी प्रमुख मार्गों की साफ-सफाई एवं व्यवस्थापन पर विशेष ध्यान देंगे। स्ट्रीट लाइट की खराबियों तथा सड़कों के गड्ढों को तुरन्त ठीक कराएं। जहां कहीं पर भी ज्यादा जाम लगने की सम्भावना है वहां पर भी विशेष ध्यान दिया जाय। इन सभी निकायों में होटलों के आस-पास भी सफाई ठीक रहे।

### संयुक्त राष्ट्र की मान्यता प्राप्त विभिन्न भाषाओं में शाइनेज लगाने के निर्देश

एके शर्मा ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सम्बंधित निकाय अयोध्या को जाने वाले मुख्य मार्गों पर संयुक्त राष्ट्र की मान्यता प्राप्त विभिन्न भाषाओं, बुद्धिष्ट राष्ट्रों की भाषाओं तथा हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत मराठी, गुजराती, तमिल, तेलुगु, बंगाली भाषाओं में अयोध्या धाम की दूरी, दिशा, को दर्शाने वाले शाइनेज लगाए जाएं, जिसमें सम्बंधित निकाय की लोकेशन और स्वागत संदेश भी लिखा हो। उन्होंने सम्बंधित निकायों को सभी रेलवे स्टेशनों व एयरपोर्ट के अन्दर व इसके आस-पास अयोध्या की दूरी दर्शाने तथा स्वागत के शाइनेज लगाने हेतु निर्देशित किया।

# मौरंग लदा ट्रक लूटने वाले सात बदमाश गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

**लखनऊ।** एडीसीपी शंशाक सिंह ने दक्षिणी जोन पुलिस कार्यालय पर आयोजित मौरंग लदे ट्रक लूटकांड के खुलासे के सम्बंध में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया 31दिसम्बर की देर रात एक बजे के करीब गोसाईगंज थाना क्षेत्र के जेल मार्ग पर स्थित गणेश धर्मकांटा के पास से कार सवार बदमाशो ने हमीरपुर से बहराइच जा रहे मौरंग लदे ट्रक को ओवरटेक कर रूकवाने के बाद लूट लिया था।

घटना के दौरान बदमाशो ने चालक दिनेश पाल निवासी ललईपुर थाना घाटमपुर जनपद कानपुर देहात व परिचालक अजीत की जमकर पिटाई कर दोनो के मोबाइल व पैसे छीनने के साथ ही परिचालक को कार में डालकर अपहरण कर ले गये थे ओर अहिमामऊ के पास चलती कार से फेककर बदमाश मौरंग लदे ट्रक को लेकर फरार हो गयें थे।चालक दिनेश पाल की लिखित शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशो पर लूट समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज किया था।मौरंग लदे ट्रक लूट की घटना के सफल



अनावारण के लिये पुलिस कमिश्नर एस बी शिरडकर ने क्राइम ब्रांच के उपनिरीक्षक प्रकाश सिंह, हेडकास्टेबल अश्वनी दीक्षित,मनोज शुक्ला, हबीब खान, दिलीप कुमार समेत पुलिस की कई टीमो को लगाया था।

खुलासे में लगी क्राइम समेत पुलिस की संयुक्त टीमो ने घटना वाले रास्ते व लूट के बाद भगाने वाले रास्ते के बीच में लगे कई दर्जन सीसीटीवी कैमरो की फुटेज खंगाली तो एक कैमरे की फुटेज से बदमाशो की कार का नम्बर ट्रेस हो गया।जिसके बाद क्राइम टीम ने बीते बुधवार को पीजीआई के कल्लीपश्चिम गांव के पास से शातिए बदमाश अभिषेक यादव निवासी कमालपुर थाना बिजनौर व विकास रावत निवासी कल्ली पश्चिम थाना पीजीआई को घटना में प्रयुक्त टाटा नेक्शान कार के साथ धर दबोचा। थाने ले जाकर टीमो ने कड़ाई से पुछताछ शुरू की तो दोनो शातिर बदमाश टूट गये ओर ट्रक लुटने की घटना को अपने पांच अन्य साथियों के साथ अजांम देने की बात कबूली।जिसके बाद पुलिस टीमो ने अमन रावत,साहिल रावत निवासी कल्ली पश्चिम व गोविंद रावत निवासी मोहद्दीनपुर थाना पीजीआई,सौरभ रावत निवासी उदवतखेड़ा थाना मोहनलालगंज समेत एक बाल अपचारी को अलग अलग स्थानो पर छापेमारी कर गिरफ्तार किया।

# डीएम ने महर्षि बालार्क चिकित्सालय का किया निरीक्षण

- किसी भी मरीज़ को बाहर की दवा न लिखी जाये : डीएम
- तीमारदारों के लिए परिसर में अलाव जलाने के निर्देश



बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने महर्षि बालार्क चिकित्सालय की इमरजेन्सी सहित विभिन्न वार्डों,ओपीडी, पैथालॉजी, रक्तकोष, पंजीकरण एवं औषधि वितरण काउण्टर, फिज़ियो थैरिपी कक्ष व एनसीवी क्लीनिक तथा 100 बेडेड महिला विंग में संचालित वार्डों, प्रसव कक्ष इत्यादि का निरीक्षण कर मरीज़ों व उनके तीमारदारों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। विभिन्न वार्डों के निरीक्षण के दौरान डीएम ने मरीज़ों के साथ-साथ मरीज़ों के तीमारदारों से चिकित्सालय द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं एवं सुविधाओं के बारे में फीड बैक प्राप्त करते मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिया कि चिकित्सालय में आने वाले सभी मरीज़ों को शासन द्वारा अनुमन्य सुविधाएं प्रदान की जायें। शीत लहर को मद्देनज़र रखते हुए डीएम ने सीएमएस को यह भी निर्देश दिया कि मरीज़ों के साथ आने वाले तीमारदारों के लिए आवश्यकतानुसार जगह-जगह अलाव जलवा दें तथा रैन बसेरे की व्यवस्थाओं में भी माकूल बन्दोबस्त रखे जाएं ताकि किसी ज़रूरतमन्द को ठंड के मौसम में कोई दिक्क़त न हो। महिला विंग के निरीक्षण के दौरान डीएम ने तीमारदारों की सुविधा के लिए, बेन्च की पर्याप्त व्यवस्था की जाय। वार्डों के निरीक्षण के दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि मरीज़ों की बेडशीट साफ-सुथरी रहे इसके लिए प्रत्येक दिन बेडशीट को बदला जाय। डीएम ने यह भी निर्देश मरीज़ों को मेन्यू के अनुसार समय से भोजन उपलब्ध कराया जाय तथा चिकित्सालय व शौचालय की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाय।

ओपीडी के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को बताया गया कि वर्तमान में लगभग 1500 से 1800 मरीज़ों को ओपीडी सुविधा प्रदान की जा रही है। जबकि आम दिनों में मरीज़ों की संख्या बढकर 2500 हो जाती है। डीएम को बताया कि गया कि इमरजेन्सी में भी मरीज़ों की आमद लगभग 100 से 150 रहती है। डीएम ने कहा कि आने वाले मरीज़ों को हर संभव बेहतर इलाज उपलब्ध कराये किसी भी मरीज़ को बाहर की दवा न लिखी जाय।

डीएम ने चिकित्सकों से अपेक्षा की कि मरीज़ों को देखते समय मानवीय पहलुओं को तरजीह देते हुए सेवाभाव से अपने सम्मानित पेशे के साथ न्याय करें। पैथालॉजी के निरीक्षण के दौरान डीएम ने विभिन्न जांचों तथा उसकी कालिकता के बारे में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। चिकित्सालय से निकल कर डीएम मोनिका रानी ने परिसर में खडी एम्बुलेन्स का निरीक्षण कर एम्बुलेन्स में उपलब्ध जीवन रक्षक उपकरणों तथा संचालन के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया।

# किसान का बेटा बना सीआरपीएफ में सब इंस्पेक्टर

- ट्रेनिंग पूरी कर गांव लौटा सीआरपीएफ का जवान, लोगों ने किया भव्य स्वागत



बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

विकासखंड तेजवापुर के हेमरिया गांव निवासी सचिन तिवारी (25) पुत्र शंभू नाथ तिवारी ने पहली बार में सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) की नौकरी हासिल कर बहराइच जिले का नाम रोशन किया। सचिन की प्रारंभिक शिक्षा कमला देवी पब्लिक स्कूल मरीमाता एंव स्नातक किसान डिग्री कालेज बहराइच से किया हैं। सचिन ने बताया कि एसएससी सीपीओ एग्जाम देकर पहली बार में सीआरपीएफ की नौकरी हासिल की हैं। ट्रेनिंग पूरी कर बुधवार को गांव पहुंचा हूं। छुट्टी लेकर घर आया हूं। मेरी तैनाती सीआरपीएफ के सब इंस्पेक्टर के पद पर तैनाती छत्तीसगढ़ में हुई हैं। उन्होंने बताया कि अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एंव गुरूजनों को दिया हैं। सचिन का सीआरपीएफ की नौकरी हासिल करने पर क्षेत्रों में खुशी की लहर हैं। सचिन के पिता किसान हैं। सचिन के घर पहुंचते ही श्री अयोध्या धाम के रामादल ट्रस्ट उपाध्यक्ष पंडित अभिषेक चौबे, आकाश धवन, उज्ज्वल धवन, श्वेत धवन, सुधीर सिंह, विशाल जायसवाल, अनुराग मल्होत्रा, मनोज तिवारी, रहीश, मुफीद ने उनके घर पहुंचकर सीआरपीएफ के जवान सचिन तिवारी को अंगवस्त्र, स्मृतिचिह्न भेंटकर एंव मिठाई खिलाकर बधाई दीं।

# 300 टैबलेट नशीली दवा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।



क्षेत्र के परमहंस कुट्टी मार्ग से पुलिस ने एक अभियुक्त को 300 टैबलेट नशीली दवाओं के साथ पकड़ा है। उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। भारत नेपाल सीमा पर प्रतिबंध के बाद भी नशीली दवाओं की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। लोग दवाओं का सेवन अधिक मात्रा में करते हैं। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के निर्देशन में पुलिस ने जांच अभियान चलाया। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि नेपलागंज नानपारा मार्ग पर थाना क्षेत्र के परमहंस कुट्टी मार्ग से एक युवक को पकड़ा गया। उसके पास से 300 टेबलेट नशीली दवा बरामद हुई।

पूछताछ के बाद दवा को सीज कर दिया गया है। जबकि पकड़े गए अभियुक्त श्याम नारायण उर्फ आदर्श पुत्र ओम प्रकाश निवासी कन्हैया लाल पुरवा रूपईडीहा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। टीम में उप निरीक्षक राम गोविंद वर्मा, भारत सिंह, सुनील यादव, अनुज कुशवाहा शामिल रहे।

# बिना स्टॉक रजिस्टर के खाद बिक्री करते मिले चार दुकानदार

- लाइसेंस निलंबित, पांच को नोटिस जारी, मांगा जवाब

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।



शासन के निर्देश पर कृषि विभाग की अलग-अलग टीमों ने जिले में संचालित 67 खाद और बीज के दुकानों पर छापेमारी की।

बिना रेट लिस्ट और स्टॉक रजिस्टर के खाद बिक्री करते मिलने पर चार दुकानदारों का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। जबकि खामियां मिलने पर पांच को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। जिले में किसान गेहूं के खेतों में खाद का छिड़काव कर रहे हैं। इसके अलावा अन्य सीजनल बीजों की बुवाई किसानों द्वारा की जा रही है।जिले के किसानों को बेहतर खाद और बीज मिले, इसके लिए शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कृषि विभाग के अधिकारियों की टीम गठित की। डीएम द्वारा गठित टीम ने जिले भर के 67 दुकानों पर छापेमारी की। सदर तहसील में संचालित खाद और बीज के दुकानों पर उप कृषि निदेशक टीपी शाही, महसी और नानपारा तहसील में जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पांडे, मिहीपुरवा में कृषि रक्षा अधिकारी प्रिया नंदा, कैसरगंज में अपर जिला कृषि अधिकारी ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव और पयागपुर में उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी उदय शंकर सिंह ने खाद और बीज के दुकानों पर छापेमारी की।जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि मौर्य बीज भंडार बेहड़ा और जितेंद्र निषाद खाद भंडार बलवापुर में बिना स्टॉक रजिस्टर के बिक्री होते मिला। जिस पर दोनों का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। जबकि सेमरीघटही में धनगर ट्रेडर्स और सुहाना इंटर प्राइसेज परसीपुरवा ने बिक्री रेट और खाद उपलब्धता की सूची नहीं मिली।जिसके चलते दोनों का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि इसी तरह निरंतर जिले में संचालित खाद और बीज के दुकानों पर छापेमारी कर जांच की जाएगी। जहां भी कमियां मिलेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी उन्होंने बताया कि सभी लोग सरकार द्वारा निर्धारित दर और नियम के मुताबिक ही खाद की बिक्री करें।

**इनको जारी हुआ नोटिस**

जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पांडे ने बताया कि कई दुकानों पर खामियां मिली। जिसके चलते वाल्मीकि मौर्य इमामगंज, मोहम्मद याकूब वंशपुरवा, शिवेंद्र बीज भंडार निबुआरी, जब्बार अली बलवापुर और साधन सहकारी समिति बेहड़ा को नोटिस जारी किया गया है।

# ठंड से ठिठुर रहे बच्चे, नहीं हुआ शीतकालीन अवकाश

- परिषदीय विद्यालयों के नियम विपरीत चल रहा कार्य

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

जिले में कड़ाके की ठंड पड़ रही है इसी ठंड के बीच कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में छात्राएं शिक्षक ग्रहण कर रही हैं। लेकिन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की ओर से अभी इन विद्यालयों में शीतकालीन अवकाश नहीं घोषित किया गया है। जबकि परिषदीय विद्यालयों के नियम कस्तूरबा विद्यालय में भी लागू होते हैं। इसके बाद भी अवकाश न मिलना कई सवाल खड़े कर रहे हैं।तराई के बहराइच जनपद में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। पारा जमाव बिंदु की ओर पहुंच रहा है। बुधवार को शीतकालीन सत्र का दिन सबसे ठंडा रहा। जिले के परिषदीय विद्यालयों में शीतकालीन अवकाश घोषित कर दिया गया है, लेकिन अभी तक कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कोई अवकाश घोषित नहीं किया गया है। जिसके चलते जिले के सभी विकासखंड में संचालित 15 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में छात्राएं कड़ाके की ठंड में शिक्षा ग्रहण करने को विवश है। कुछ यही हाल गुरुवार को भी इन विद्यालयों में देखने को मिला। ठंड के बीच छात्राएं ठिठुरते हुए शिक्षा ग्रहण करने को विवश दिखीं। नाम न छापने की शर्त पर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डन और शिक्षिकाओं ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों के नियम इन विद्यालयों में भी लागू होते हैं।

## खबरें एक नजर में

### एएसपी सिटी ने किया थाना पयागपुर का निरीक्षण



**बहराइच।** बुधवार देर रात को अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने थाना पयागपुर का औचक निरीक्षण किया। तथा डयूटी रजिस्टर, शस्त्रो के रख-रखाव व त्यौहार रजिस्टर को चेक किया। मेस, हवालात और पुरे परिसर की सफाई का जायजा लिया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### ट्रक की चपेट से मासूम बालिका की मौत

**नवाबगंज/ गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** ट्रक की चपेट में आने से 04 वर्षीय मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के नगवा के गड़रियन पुरवा मजरा निवासी लल्लू की 04 वर्षीय बेटी ख्वाहिश दोपहर को करीब 03 बजे सड़क के किनारे खेल रही थी, तभी वैष्णव माता मंदिर के सामने अयोध्या से गोंडा की ओर जा रहे ट्रक की चपेट में आ गई। परिजन उसे स्थानीय सीएचसी लेकर आए जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। उपनिरीक्षक सुनील सिंह ने बताया कि ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। मृतक बच्ची का शव पोस्टमार्टम के लिए गोंडा भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**बहराइच।** शहर के सुनार मंडी मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें तमाम लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान करके महादान किया।यह आयोजन आभूषण कारीगर कमेटी की तरफ से आयोजित किया गया। जिले के घंटाघर स्थित केजीएफ मेंस सैलून सुनार मंडी मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रिलैक्स चैरिटेबल ब्लड बैंक के द्वारा शिविर लगाया गया। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। और लोगों से रक्तदान करने की अपील की।आयोजक ने बताया की रक्तदान करके अपना जीवन कैसे बचाएं यह बहुत आसान है सेव यो के साथ रक्तदान करे और तीन लाख रूपए तक दुर्घटना बीमा कवरेज के साथ जीवन सुरक्षित करें।

### रास्ते पर अतिक्रमण को हटाए जाने की मांग



**इटियाथोक/गोण्डा,समृद्धि न्यूज़।** रास्ते पर अवैध रूप से किये गये अतिक्रमण को हटाए जाने की मांग उप जिलाधिकारी से की गई है। उप जिलाधिकारी को दिए गए पत्र में कठौआ के महेश्वरी प्रसाद ने कहा है कि गांव के ही बिंदेश्वरी प्रसाद व मनीष ने मुख्य रास्ते पर लकड़ियां रखकर अतिक्रमण कर रखा है,जिससे आवागमन अवरुद्ध हो गया है। पत्र में कहा गया है कि उक्त लोगों ने सप्ताह भर पहले विद्युत कनेक्शन लेने के दौरान बवाल कर दिया। इस वजह से विद्युत कनेक्शन नहीं हो सका। पत्र में सीसी रोड पर किये गये अतिक्रमण को हटाने व असामाजिक तत्वों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किये जाने की मांग की गई है।

# जेवरात व नकदी लेकर विवाहिता फरार, पति ने दी तहरीर

कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़




कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत एक गाँव में विवाहिता लाखों रुपए के जेवरात व नकदी लेकर फरार हो गई। इसकी शिकायत पीड़ित पति ने स्थानीय पुलिस से की है।

घटना कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र से जुड़ी है। यहाँ के एक गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा कोतवाली में तहरीर देकर कहा गया है कि उसकी पत्नी गुरूवार की सुबह करीब 5 बजे घर से एक गले का हार,कान का बुंदा तथा पायजेब आदि जेवरात व 25000 रूपये नगद लेकर फरार हो गई है। शिकायती पत्र में पीड़ित पति ने आरोप लगाते हुए कहा है कि मामले में मेरी सास नगमा व सद्दाम निवासी कटरा बाजार की भूमिका है।

इस संबंध में जानकारी करने के लिए प्रभारी निरीक्षक से सीयूजी नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनका फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर था।

# डिजिटल क्राप सर्वे से कृषि क्षेत्र में आयेगी क्रान्तिः डीएम

- प्रमाणित आकड़ो से योजनाओं की बेहतर होगी प्लानिंग किसानों का जीवन होगा खुशहाल

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।




खरीफ वर्ष 2023 में सर्वाधिक सर्वे करने वाले कामिकों के सम्मान तथा एग्री स्टैक योजनान्तर्गत (ई-खसरा पड़ताल) रबी फसलों के डिजिटल क्राप सर्वे कार्यक्रम के शुभारम्भ अवसर पर मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में कृषि निदेशालय लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में सजीव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी, मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, जिलाधिकारी मोतीपुर संजय कुमार सहित कृषि, पंचायती राज, ग्राम्य विकास व राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि आज एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ है इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन की जनपद में नियमित रूप से समीक्षा की जायेगी। उन्होंने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, जिला पंचायत राज अधिकारी, उपायुक्त मनरेगा, डीडी एग्री कल्चर तथा जिला गन्नाधिकारी को निर्देश दिया कि प्रतिदिन की प्रगति की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभागार में मेरे द्वारा की जायेगी। जिसमें कृषि, राजस्व, गन्ना, पंचायत तथा मनरेगा के कार्मिको द्वारा सर्वेयर के रूप में प्रतिदिन कम से कम 50 गाटों का सर्वे करने का टास्क दिया जाता है। सम्बन्धित विभाग के अधिकारी प्रतिदिन अपने विभाग के कर्मचारियों से डिजिटल क्राप सर्वे कराने की रिपोर्ट प्राप्त कर तथा उसका विवरण गूगल सीट के माध्यम से उपलब्ध करायेगें तथा भौतिक रूप से सायं 06:30 बजे उपस्थित होकर उसकी समीक्षा करायेगें। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक तहसील का प्रतिदिन का 5 हजार गाटा का सर्वे का लक्ष्य निर्धारित है जिसकी पूर्ति प्रत्येक दशा में की जानी है। उन्होंने बताया कि अभी दो दिन पूर्व रबी फसलों का डिजिटल क्राप सर्वे का कार्य कराया गया है जिसमें 01 कर्मचारी एक दिन में 138 गाटे के सर्वे का कार्य सम्पादित किया गया है 50 का लक्ष्य कोई अधिक नहीं है इसकी पूर्ति आराम से सुनिश्चित की जा सकती है। उक्त कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री उ.प्र. सरकार ने कहा कि डिजिटल क्राप सर्वे कराने से किसानों की जिन्दगी में नये बदलाव आयेगें, उनके उत्पादन का प्रमाणित एवं शुद्ध आकड़ा आसानी से मिल सकेगा।

# अन्तर्जनपदीय गिरोह के दो अभियुक्त गिरफ्तार

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।



पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित थाना को. देहात पुलिस टीम द्वारा कड़ी मेहनत व अथक प्रयासोपरांत मु.अ.सं.-04/24, धारा 379 भादवि से सम्बन्धित प्रकाश में आये 02 आरोपी अभियुक्तों-01. रिजवान, 02. मुकेश तिवारी को सिंह धर्मकांटा दर्जीकुआं के पास से गिरफ्तार कर उनके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 01 अदद स्वीफ्ट डिजायर कार व चोरी की 01 अदद टेलर (ट्रक), चोरी की सरिया (कीमत लगभग 17,37,426/- रूपये) बरामद कर लिया गया। घटना का संक्षिप्त विवरण वादी गंगेश सिंह प्रबन्धक अंकुर उद्योग लि. ने दिनांक 02.01.2024 को थाना को. देहात पर सूचना दिये कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा दिनांक 28.12.2023 को कम्पनी की ट्रक में लदे 31.01 टन सरिया (मूल्य 17,37,426/-रूपये) ट्रांसपोर्ट के माध्यम से गोरखपुर से कानपुर क्रेता को डिलेवरी के लिये निकली थी किन्तु कानपुर क्रेता के पास नही पहुची। सम्पर्क करने पर कोई जानकारी नही हो पा रही है।

तहरीर के आधार पर थाना को. देहात में मु.अ.सं.-04/2024 धारा 379 भादवि बनाम अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी हेतु कुल 03 टीमों का गठन किया गया। आज दिनांक 04.01.2023 को पुलिस टीमों द्वारा कड़ी मेहनत व अथक प्रयासोपरांत प्रकाश में आये अभियुक्तों-01. रिजवान 02. मुकेश तिवारी को सिंह धर्मकांटा के पास से गिरफ्तार कर उनके निशानदेही से घटना में प्रयुक्त 01 अदद स्वीफ्ट डिजायर कार व चोरी की 01 अदद टेलर (ट्रक), चोरी की सरिया (कीमत लगभग 17,37,426/- रूपये) बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर विवेचना में धारा 411 व 413 भादवि की बढोत्तरी किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना को. देहात पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

# प्रत्येक हिंदू परिवार तक पहुंचाये जाएंगे अयोध्या से आए पूजित अक्षत

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।



श्री राम जन्मभूमि अक्षत वितरण समिति द्वारा प्रत्येक हिंदू परिवार तक अक्षत पहुंचने का कार्यक्रम आज रानी बाजार के श्री राम जानकी धर्मशाला से दिवाकर सोमानी जी के नेतृत्व मे प्रारंभ हुआ,जिसमें संरक्षक बाबा रामायण दास जी के संरक्षण में टोली रानी बाजार के गलियों में अक्षत वितरण करने के लिए निकली और हिंदू समाज से 22 जनवरी को एक बार पुनः दीपावली मनाने का आग्रह किया तथा अपनी सुविधा के अनुसार 22 जनवरी के बाद भगवान राम का दर्शन करने का न्योता दिया। टोली के सदस्य समर्पण लेने आए थे न्योता देने आए हैं,जय श्री राम आदि का उद्घोष करते हुए अक्षत वितरण कर रहे थे।

टोली में पंकज अग्रवाल,विशाल अग्रवाल,अनूप जायसवाल,विकास साहू,आशीष गोयल,अंश गुप्ता, शिवनाथ रस्तोगी,विजय सोनी,रामजी गुप्ता,कृष्ण गोपाल,उमेश श्रीवास्तव, जय नारायण शुक्ला आदि राम भक्त शामिल हुए।

# ग्रैंड फिनाले चैंपियनशिप में कलाकारों ने सुर-तल से बांधी समां

नवाबगंज/ गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़



क्षेत्र के नंदिनी नगर महाविद्यालय में मशहूर पखावज वादक संत पागलदास की स्मृति में चल रहे गायन के ग्रैंड फिनाले चैम्पियनशिप के चौथे दिन गुरुवार को गोरखपुर मंडल के कलाकारों ने अपने सुर-ताल से समां बांध दिया।

गोरखपुर मंडल के फाइनल आडीशन में फिल्मी और गैर फिल्मी गीतों के बारह कलाकारों का चयन फाइनल राउंड के लिए किया गया है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया। शुभारंभ वाणी वंदना से किया गया। गायन प्रतियोगिता में गोरखपुर मंडल के फिल्मी गीतों में किशन श्रीवास्तव ने मैं यहां हूं यहां गा कर पहला स्थान हासिल। अपूर्वा सोनी ने पन्ना की तमन्ना है कि हीरा मुझे मिल जाए गीत गाकर दूसरा स्थान हासिल किया। जूनियर गायकों के फिल्मी गीतों के मुकाबले में आयुष मिश्रा व आयुषी चौधरी फाइनल मुकाबले के लिए जगह बनाने में कामयाब रहे। जूनियर गैर फिल्मी गीतों में स्वास्तिक श्रीवास्तव ने फाइनल मुकाबले के लिए जगह बनाई। ग्रैंड फिनाले चैम्पियनशिप का समापन आगामी 07 जनवरी को फाइनल मुकाबले के बाद पुरस्कार वितरण के साथ किया जाएगा। निर्णायक मंडल में अनुराग ढोलकिया, इसरार अहमद, मुकेश सिंह, शफीक अहमद, मुन्ना सहारा, जबकि गिटार पर मोइन अख्तर, ढोलक पर विजय पांडेय रहे। इस मौके पर प्राचार्य डॉ बीएल सिंह, प्रशासक राम कृपाल सिंह, डॉ देवानंद तिवारी, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ सत्येंद्र सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

**तलाश** — खेमराज सिंह के घर न पहुंचने पर परिजनों ने शुरू की खोजबीन

# गेहूं खरीदने गए युवक का पिकअप से शव बरामद

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

- लखीमपुर पुलिस द्वारा शव पोस्टमार्टम के बाद परिवार के लोगों को सौंपा
- खेमराज सिंह लखीमपुर में खरीदने गए थे शराब



नगर पंचायत मिहीपुरवा निवासी एक युवक अपने साथी के साथ गेहूं का बीज खरीदने के लिए तीन दिन पूर्व लखीमपुर गया था। वहां पर पिकअप वाहन में उसका शव बरामद हुआ है। साथी पहले ही घर आ चुका था। मोतीपुर थाना क्षेत्र के मिहींपुरवा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 15 निवासी 35 वर्षीय खेमराज सिंह नगर के वार्ड नंबर 12 निवासी महाबली सिंह के साथ लखीमपुर गेहूं का बीज खरीदने तीन दिन पूर्व गए थे। जहां से महाबली सिंह वापस आ गए, लेकिन खेमराज सिंह नहीं आए। खेमराज सिंह के घर न पहुंचने पर परिजनों द्वारा खोजबीन शुरू की गई। काफी खोजबीन के बाद भी कोई सुराग हाथ न लग सका।

जिस पर परिजन महाबली सिंह के घर पहुंचकर पूछताछ शुरू की। जिस पर महाबली सिंह ने बताया कि मैंने उनको पूर्वी बस स्टॉप मिहीपुरवा के बगल में स्थित गजराज के होटल पर उतार दिया है।जिस पर परिजनों द्वारा वहां जाकर देखा गया। लेकिन वहां भी कोई पता नहीं चल सका।परिजनों द्वारा महाबली पर काफी दबाव बनाते हुए पूछताछ शुरू की गई तो जिसमें पता चला कि खेमराज सिंह लखीमपुर में शराब खरीदने चले गए थे। मैंने काफी देर तक वहां इंतजार किया। जब वह नहीं आए तो हम वहां से वापस चले आए हैं।

परिजन खेमराज सिंह की खोजबीन करने के लिए महाबली सिंह के साथ लखीमपुर के लिए गुरुवार को रवाना हुए।

परिजन लखीमपुर जा ही रहे थे कि तभी लखीमपुर की पुलिस द्वारा फोन कर खेमराज सिंह के भाई को होलिया बात कर पूछा गया कि यह व्यक्ति कौन है जिस पर छोटे भाई अंगद उर्फ पिंटू ने बताया कि यह मेरे बड़े भाई हैं। जिस पर लखीमपुर कोतवाली की पुलिस द्वारा बताया गया कि उनकी मौत हो गई है।मौत की जानकारी होते ही परिजन रोने लगे।

लखीमपुर पुलिस द्वारा शव पोस्टमार्टम के बाद परिवार के लोगों को सौंप दिया गया है। पुलिस के मुताबिक पिक अप वाहन में मृतक का शव रखा था। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

# दुर्घटना बाहुल्य स्थानों पर लगेंगे संकेत बोर्ड

**उन्नाव। समृद्धि न्यूज**

एसडीएम और सीओ के साथ एआरटीओ ने गुरुवार को उन्नाव-हरदोई मुख्यमार्ग के दुर्घटना बाहुल्य स्थानों का चिन्हांकन कर स्पीड ब्रेकर और संकेतात्मक बोर्ड लगाए जाने की रूपरेखा तैयार की। ऐसे 12 स्थानों का चयन कर अवर अभियंता लोक निर्माण ने खाका खींचा। एआरटीओ आदित्य कुमार त्रिपाठी ने मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सड़क सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे है।



एआरटीओ आदित्य कुमार त्रिपाठी व लोक निर्माण अभियंता अक्षय कुमार ने गुरुवार को एसडीएम प्रज्ञा पाण्डेय, सीओ ॠषिकांत शुक्ला व इंस्पेक्टर श्यामनरायण सिंह के साथ हरदोई-उन्नाव मुख्यमार्ग के गांव माथर पहुंचे। जहां सेंट्रल बैंक समीप पूर्व में हुए मार्ग दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए स्पीड ब्रेकर बनाये जाने के लिए चिन्हित किया गया। इसके बाद जसरा मारूफपुर व हुलासी कुंआ के बीच तीव्र मोड़ वाले क्षेत्र पर भी साइन बोर्ड की आवश्यकता बताई गयी। कस्बा सीमा के विद्युत उपकेंद्र समीप पुलिया के पास तीव्र मोड़ पर अत्यधिक दुर्घटनाएं होने पर साइन बोर्ड व दोनों ओर स्पीड ब्रेकर की आवश्यकता बताई। कस्बे के प्रारंभ में ही माया पैलेस समीप, सीएचसी के समक्ष व हर समय भीड़ वाले तहसील कार्यालय के समक्ष नानाराव पेशवा मार्ग मोड़ पर भी स्थान चिन्हित किया।

कोतवाली चौराहा, जटपुरवा व कुसैला मोड़, बह्मना तिराहा व अटवा पुलिया समीप खतरे के सभी स्थानों का चिन्हांकन कर साइन बोर्ड व ब्रेकर की आवश्यकता का जाना गया। सीओ ॠषिकांत शुक्ला ने बताया कि सड़क किनारे पीली पट्टी, गति अवरोधक, साइन बोर्ड लगाए जाने के अलावा शराब पीकर वाहन चलाने वाले बिना लाइसेंस के अवयस्क, भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर बाइक लहराने वाले युवकों पर पैनी नजर रखकर कार्रवाई की जाएगी।

# खरहरा धाम में आयोजित भंडारे में भक्तों ने चखा प्रसाद

**महराजगंज/रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

श्री रामबाग खरहरा धाम में आने वाले हर श्रद्धालुओं की मनोकामना पूर्ण होती है तथा प्रत्येक वर्ष 4 जनवरी को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है जिसमें हजारों की संख्या में लोग प्रसाद ग्रहण करते हैं।

यह उद्गार गुरूवार को क्षेत्र के निर्वाणी बड़ा अखाड़ा श्री रामबाग खरहरा धाम कूटी के महंत श्री श्री 108 श्री महंत अश्वनी कुमार दास जी महाराज ने बताया कि यह भंडारा श्री श्री 108 महंत रामगुलाम दास जी महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर मनाया जाता है क्षेत्र की सुविख्यात कूटी जो कि निर्वाणी बड़ा अखाड़ा खरहरा धाम के नाम से सुप्रसिद्ध है तथा विगत 65 वर्षों से खरहरा धाम पर प्रत्येक वर्ष विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधि सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करते हैं तथा निर्वाणी बड़ा अखाड़ा खरहरा धाम में पहुंचने वाले प्रत्येक श्रद्धालुओं द्वारा मानी गई मनोकामना पूर्ण होती है ऐसा लोगों का और ग्रामीणों का तथा श्रद्धालुओं का कहना है वही विशाल भंडारे के दौरान श्री राम बाग खरहरा धाम के महंत श्री श्री 108 श्री महंत अश्वनी कुमार दास जी महाराज ने दूरदराज से आए हुए साधु महंतों को ठंड के चलते कंबल भी वितरण किए। इस मौके पर हरिलाल सेठ, धर्मराज, रामकिशोर, पवन, अंकित सिंह, डॉक्टर कपूरपुर, राम सजीवन यादव, मुकेश यादव, रामसनेही यादव तथा रामकुमार यादव सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।



## महिला समेत 4 के खिलाफ दलित उत्पीड़न का केस दर्ज

**उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के भातु फॅर्म निवासी एक दलित महिला को वहीं के रहने वाले युवकों ने मारा पीटा। जिसपर महिला की तहरीर पर पुलिस चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

गायत्री नगर भातू फार्म मोहल्ले की रहने वाली रीता गौतम ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बुधवार को उसका राजू राठौर से मामूली बात को लेकर विवाद हो गया। जिसपर उसने अपनी पत्नी, भाई व दीपक राठौर के साथ मिलकर उससे मारपीट की। जिससे उसे चोटे आई। पीडिता ने कार्रवाई को लेकर गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सभी के खिलाफ मारपीट, दलित उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

# मरीज ले जा रही एंबुलेंस का निकला पहिया, हड़कंप




**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक लगातार स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए जिलों का दौरा कर रहे हैं और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के लिए आला अफसरों को निर्देश भी दे रहे हैं। फिर भी स्वास्थ्य सुविधाओं का बेहद बुरा हाल है। जिले में 108 एंबुलेंस से अपनी मां को लेकर एम्स दिखाने जा रहे एम्बुलेंस का पहिया निकालने से बड़ा हादसा होने से बच गया।

**एंबुलेंस का पहिया निकलने से मचा हड़कंप:** मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के पुलिस लाइन चौराहे का है। जहां हरचंदपुर थाना क्षेत्र के पूरे बख्तावर निवासी बुजुर्ग महिला छेदना उम्र 70 वर्ष को पेट में दर्द की शिकायत होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उसकी हालत गंभीर होने पर उसे मुंशीगंज स्थित एम्स रायबरेली के लिए रेफर किया गया। बुजुर्ग महिला को लेकर परिजन एम्बुलेंस से जा रहे थे। तभी अचानक एंबुलेंस का पिछला पहिया निकल गया। जिससे वहां हड़कंप मच गया।

वहीं बुजुर्ग महिला की हालत बिगड़ी देखकर दूसरी एंबुलेंस को बुलाया गया। करीब आधे घंटे बीत जाने के बाद जब दूसरी एम्बुलेंस पहुंची तब जाकर बुजुर्ग महिला को एम्स ले जाया गया। वृद्धा के बेटे महेश कुमार ने बताया कि वह बख्तावर गाँव के रहने वाले हैं। माँ की तबीयत खराब थी जिसको जिला अस्पताल में दिखाया और तबीयत ज्यादा खराब होने पर एम्स रायबरेली के लिए रेफर कर दिया। जैसे ही कुछ दूर पहुंचे कट-कट की आवाज आई और एम्बुलेंस की पहिया निकल गया। वही सीएमओ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि अभी सूचना मिली है। मामले की जांच करा कर कार्यवाही की जाएगी।



## विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

**रायबरेली।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व तरुण सक्सेना, जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के दिशा-निर्देशन व अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली उमाशंकर कहार की अध्यक्षता में राजकीय बालिका इण्टर कालेज, रायबरेली में बालिकाओं के विधिक अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उमाशंकर कहार अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरुक होना चाहिए जिसके लिए शिक्षा बहुत जरुरी है। समाज में बेटियां आज भी अशिक्षा के कारण बहुत पिछड़ी है इसलिए बेटियों को पढ़ाने की अत्यधिक जरुरत है। बताया गया कि यदि किसी महिला या बेटी से कोई दुव्यर्वहार करने की कोशिश करता है तो वह 1090 हेल्प लाइन का प्रयोग करें जिस पर उनकी शिकायत पर तत्काल कार्यवाही की जाती है।

# अस्पताल में खड़ी एंबुलेंस में लगी आग, मची अफरा-तफरी



**डलमऊ, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

जनपद में संदिग्ध परिस्थितियों में अस्पताल में खड़ी 108 एंबुलेंस में भीषण आग लग गई। आग से एंबुलेंस जलकर राख हो गई। दरअसल, मामला डलमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का है जहां अस्पताल परिसर में खड़ी गाड़ी 108 एंबुलेंस में अचानक आग लग गई। देखते-देखते आग में विकराल रूप धारण कर लिया और एंबुलेंस धूं-धूं कर जलने लगी और देखते-देखते आग ने बगल के एक कमरे को भी अपनी चपेट में ले लिया। जिससे कमरे में लगा ए सी भी जलकर राख हो गई। एंबुलेंस में आग लगने से सीएससी अस्पताल के लोगों में अफरा तफरी मच मच गई और लोग इधर-उधर भागने लगे।

### एंबुलेंस जलकर हुई राख

स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सीएससी अधीक्षक द्वारा एंबुलेंस की सर्विस कराकर गाड़ी को जैसे ही कस के अंदर खड़ी की गई थोड़ी देर बाद अचानक गाड़ी में आग लगने से वहां पर लोगों में भगदड़ मच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया लेकिन तब तक पूरी एंबुलेंस जलकर राख हो चुकी थी।

### साट सर्किट से लगी आग

सीएमओ डॉक्टर वीरेंद्र सिंह ने बताया की गाड़ी संख्या यूपी 32 ईजी 1493 खड़ी हुई थी। गाड़ी कल ही बनकर आई हुई थी साट सर्किट की वजह से गाड़ी में आग लगी जिसकी वजह से गाड़ी में काफी नुकसान हो गया है। सीएचसी अधीक्षक नवीन कुमार की माने तो गाड़ी के साथ-साथ कमरे में लगी एसी जलकर राख हो गई, कमरे में लगभग पचास हजार रुपए का नुकसान हुआ है।

## खबरें एक नजर में

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगाई फांसी, मौत

**खीरों,रायबरेली।** खीरों थाना क्षेत्र के रमुवापुर दुबई गांव संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर की आत्महत्या मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा मामला रायबरेली जनपद के खीरो थाना क्षेत्र के रमुवापुर दुबई गांव की है जहां गांव निवासी लल्लन गौतम के पुत्र रणदीप ने संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक पांच भाइयों में सबसे छोटा है इस घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### मंदिर तक रास्ता न बनने से ग्रामीणो में आक्रोश

**उन्नाव।** विकास खंड सिकंदरपुर सरोसी के परियर गांव में मुख्य सड़क से हनुमान मंदिर की रास्ता न बनने से श्रद्धालु व ग्रामीणों को आने जाने में काफी दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कई बार संबंधित अधिकारियों से रास्ता बनवाने के लिए कहा पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। इस संबंध में ग्राम विकास अधिकारी विनय त्रिपाठी ने बताया अभी इतना बजट ग्राम सभा में नही है। दो पार्ट में रास्ता बनवाने का प्रयास किया जाएगा। परियर गांव में मुख्य सड़क हनुमान मंदिर जाने वाला रास्ता बहुत खराब है। जिसकी लंबाई लगभग 150 मीटर है। गांव के रामपाल, अरविंद, गुड्डू, गफ्फार, अब्बास, उस्मान, सुरेश, पुतन, बाबू, पप्पू, अजमेर, रामबाबू, गिरजा, राजाराम, धनपति आदि ने बताया कई बार संबंधित अधिकारियों से रास्ता बनवाने के लिए कहा किंतु अभी तक किसी ने ध्यान नहीं दिया। स्थानीय बाबा बलखंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति ने जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे को पत्र लिखकर उक्त रास्ता जल्द बनवाने की मांग की है।

### सात हेल्थ एन्ड वेलनेस सेण्टर सीएचसी को हुए हैंडओवर

**उन्नाव।** फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के निर्माणाधीन दस में से सात हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों को निर्माण संस्था ने स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरित कर दिया। अब लोगों की एनसीडी, ब्लड शुगर, बीपी आदि की जांच सीएचओ द्वारा सेंटरों पर ही होंगी। जानकारी के अनुसार विकास खण्ड के अंतर्गत दस हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों का निर्माण कार्य होना था जिसके बाद उक्त सेंटरों के लिए जगह चिन्हित कर निर्माण कार्य शुरु कराया गया था। निर्माण कार्य पूरा होने पर गुरुवार को सात सेंटरों को हैंडओवर किया गया। अधीक्षक डॉ0 नरेंद्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र में कुल पन्द्रह हेल्थ एन्ड वेलनेस सेंटर होने चाहिए थे पांच सेंटर पहले से थे जबकि दस निर्माणाधीन थे। जिसमें से सात सेंटरों का निर्माण कार्य पूरा हो गया था। जिन्हें निर्माण संस्था द्वारा गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर किया गया। जबकि तीन सेंटर का निर्माण अधूरा था जिसकी वजह से उन्हें टेकओवर नहीं किया जा सका। निर्माण पूरा होने के बाद उन्हें भी टेकओवर किया जाएगा।

### मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता शिविर में 57 मरीजों का किया गया परीक्षण




**उन्नाव।** सीएचसी मियांगंज में गुरुवार को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। विधायक पुत्र अश्वनी दिवाकर ने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। जिलास्तरीय और स्थानीय चिकित्सको ने 57 मरीजो का परीक्षण कर दवा दी। शिविर में जनपद मुख्यालय से आई काउंसलर डॉ. सरस्वती रानी व डॉ. विकास दीक्षित ने कुल 57 मरीजो का परीक्षण किया। जिसमें 9 मानसिक मरीजों को देखा। शिविर का शुभारंभ कर विधायक पुत्र अश्वनी दिवाकर ने कहा कि क्षेत्र के अधिक से अधिक लोगो को लाभ मिल सके, इसके लिए पर्याप्त प्रचार भी कराते रहे। इस अवसर पर अधीक्षक डॉ. नितिन श्रीवास्तव के अलावा डॉ. अखिलेश मिश्रा, डॉ शोएब अली, डा. दिनेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# घर में घुसकर युवक ने नाबालिग लड़की से किया दुष्कर्म

- पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**खीरों रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

खीरों थाना क्षेत्र के एक गांव में छात्रा से घर में घुसकर गांव के ही युवक ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। नाबालिग के साथ हुई दरिंदगी की घटना की जानकारी तब हुई जब उसकी मां मवेशी चराकर कर वापस घर लौटी, बेटी की दशा देख परिजनों में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। नाबालिग के साथ हुई दरिंदगी की घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के तत्काल गांव पहुंची पुलिस ने पीड़िता को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया, वहीं आरोपी युवक को भी हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। देर शाम खींरो थाना क्षेत्र के बाबा खेड़ा गांव निवासी कक्षा आठ की नाबालिग छात्रा के साथ गांव के ही प्रकाश पुत्र मुन्नीलाल ने छात्रा के घर में कोई न होने का फायदा उठाते हुए दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे दिया, ज़ब पीड़िता की मां जानवर चराकर वापस घर आई तों पीड़ित ने मां से अपनी आप बीती बताई तो घटना सुन सबके होश उड़ गये और मामले की सूचना पुलिस को दी गई। जानकारी होने पर पहुंची पुलिस ने पीड़िता को जहां मेडिकल के लिए अस्पताल भिजवाया वही पीड़िता के पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। एसपी आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है जांच की जा रही है।

# खीरों ब्लॉक परिसर में हुआ कंबल वितरण

- भाजपा कार्यकर्ताओ ने मुख्य अतिथि को माला पहनाकर किया स्वागत
- कंबल पाकर खिले लोगों के चेहरे

**खीरों रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

ब्लॉक परिसर में 4 दिसंबर दिन गुरुवार को कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि हरचंदपुर के पूर्व विधायक वा भाजपा प्रत्याशी राकेश प्रताप सिंह के पहुंचने पर खीरों खंड विकास अधिकारी अंजू वर्मा ने पुष्प दे कर सम्मानित किया।

वही सभी भाजपा कार्यकर्ताओ ने मुख्य अतिथि का 51 किलो की माला पहनाकर स्वागत किया।



मुख्य अतिथि राकेश प्रताप सिंह ने खीरों विकास खंड के सभी ग्राम पंचायतो से पहुंचे 1500 गरीब ,असहाय , लोगो को वितरण किया गया। कंबल पाकर लोगो के चेहरों में खुशी की लहर देखने को मिली। इस मौके पर खीरों खंड विकास अधिकारी अंजू वर्मा,खीरों मंडल अध्यक्ष शिवराम सिंह, मुकेश तिवारी , धुन्नी सिंह, लालू सिंह,शिवराज वर्मा,राजन सिंह,गुड्डू नाती,भाजपा कार्यकर्ता वा काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## किसान की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत

**उन्नाव।** किसान की कानपुर-बालामऊ रेलमार्ग पर ट्रेन हादसे में मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। काफी दूर तक उसके शव के चीथड़े बिखर गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। किसान सुबह मवेशियों से खेत की रखवाली करने गया था। थाना क्षेत्र के मोहल्ला बलारदेव निवासी राजेश (45) पुत्र रामऔतार किसानी करता था। गुरुवार को सुबह कानपुर-बालामऊ रेलमार्ग पार कर खेत गया था। वापस घर लौटते समय किमी 13 के खम्भा 15-16 के बीच सीतापुर एक्सप्रेस ट्रेन से दुर्घटना में शव छत विक्षत हो गया। किसानों ने ग्रामीणों को सूचना दी। उसके बड़े भाई ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# मौसम बदलते ही पीएचसी में बढ़े सर्दी-जुकाम के मरीज

- सर्दी बढ़ते ही अस्पताल में चर्म रोगी बढ़े

**उन्नाव। समृद्धि न्यूज**

जनवरी माह में मौसम ने अपना रुख दिखाने शुरू कर दिया पड़ रही कड़ाके की ठंड से सर्दी, जुकाम और खांसी के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। वहीं अधिक सर्दी होने के कारण चर्म रोगी भी बढ़े हैं।

कोहरा, बारिश और कड़ाके की सर्दी होने के कारण बीपी, हृदय व श्वास रोगियों को एहतियात बरतने की आवश्यकता है।

सर्दी के मौसम में हृदय रोग से ग्रसित लोगों को सावधान रहने की जरुरत है, पूरे दिन कोहरे की चादर छाई होने के साथ ही रुक रुक कर हो रही बारिश से कड़ाके की ठंड में अचानक खुले से निकलने में दिक्कत हो सकती है।

वहीं पड़ रहे कोहरे में निकलने से श्वास रोगियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है इसलिये श्वास रोगी ऐसे में निकलने से बचें। पीएचसी की डॉक्टर रवि कुमार सचान, शिप्रा झा ने बताया कि सर्दी के मौसम में बीपी, श्वास व हृदय रोगियों को इसलिये सावधान रहने की जरुरत है कि घर से निकलते ही अचानक ठंड लग जाती है। जिससे हृदयघात हो सकता है। खांसी, सर्दी, जुकाम, बुखार के मरीजों के साथ ही बीपी, श्वास की संख्या बड़ी है। दिक्कत बढ़ने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र जाकर तुरंत जांच कराए।

### क्या हैं बचाव

डॉक्टरों ने बताया कि बीपी व हृदय रोगी अगर मॉर्निंग वॉक करते हैं तो उन्हें सिर पैर को ढक कर रखे, वहीं छोटे बच्चों को ढक कर रखने की जरुरत है। अन्यथा नजला होने का खतरा बढ़ जाता है। बुखार आने पर पैरासीटामॉल लें।

### चर्म रोगियों के उपाय

होम्योपैथिक डॉक्टर निखिल चौहान बताते हैं कि जो लोग चर्म रोग से पीड़ित हैं उन्हें गुनगुने पानी से स्नान करना चाहिये। जिसके बाद नारियल तेल या बॉडी लोशन का मालिश करें, अगर शरीर पर चकत्ते हों तो डाक्टर की सलाह अवश्य लें।

## फुटवियर दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

**उन्नाव।** सदर कोतवाली से कुछ ही दूरी पर स्थित एक फुटवियर की दुकान में बीती देररात अचानक आग गई। आग के विकराल रूप धारण कर लेने वहां आस पास रहने वाले लोगों में चीख-पुकार मच गई। कोतवाली पुलिस की सूचना पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाने के उपक्रम शुरू किए। तकरीबन चार घंटे की मशक्कत के बाद चार दमकल वाहनों की मदद से आग बुझाई जा सकी। इस घटना से लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। माना जा रहा है कि शार्ट सर्किट के चलते यह घटना हुई है। सदर कोतवाली के कलक्टरगंज निवासी मनोज कुमार पुत्र स्व. धर्मपाल की कोतवाली के पास शहर के मुख्यमार्ग पर गाइड शूज के नाम से दुकान है।

# फाल्टों ने हजारों घरों की उड़ाई शाम तक बिजली

**उन्नाव। समृद्धि न्यूज**

ठंड के मौसम में बिजली विभाग की फाल्टों से बिजली उपभोक्ता बेहद परेशान हैं। गुरूवार को नगर के अलग-अलग इलाके में हुई फाल्टों के कारण हजारों घरों की बिजली सप्लाई सुबह से शाम तक ठप रही। सर्दी में बिजली न आने से लोग खासे परेशान रहे। गुरूवार को सबसे अधिक सर्दी थी, जिस कारण नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बिजली उपभोक्ता घरों में हीटर और इलेक्ट्रानिक उपकरण का प्रयोग कर रहे थे, जिससे ओवर लोड हो गया और फाल्ट होने लगा। जहां अवस्थी फार्म हाउस पर होने वाली बिजली सप्लाई 100 केवीए ट्रांसफार्मर खराब हो गया। जिसकी जानकारी बिजली विभाग को दी गई। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मियों ने मरम्मत कार्य किया। इस दौरान घंटों क्षेत्र की बिजली गुल रही।

इसी तरह गांधी नगर में फाल्ट होने से घंटों बिजली गुल रही। वहीं राजधानी मार्ग स्थित टाकीज के पास रखा सौ केवीए का ट्रांसफार्मर गुरुवार सुबह दस बजे खराब हो गया। जिससे हजारों घरों की बिजली सुबह से शाम तक प्रभावित रही। वहीं कंचन नगर में भी यही हाल रहा। सर्दी के मौसम में चरमराई बिजली व्यवस्था से उपभोक्ता परेशान हो गये।

# सर्दी में बच्चों से लेकर पशु-पक्षी तक बेहाल, जरुरतमंद ही निकले

**उन्नाव। समृद्धि न्यूज**

जनवरी माह में सर्दी ने अपना कड़ा रूख दिखाना शुरू कर दिया है। गुरूवार को दिन इस सर्दी का सबसे ठंडा रहा। भोर पहर से लेकर देर शाम तक आसमान में कोहरे की धुंध छाई रही। जिस कारण हर कोई ठिठुरता रहा। भीषण सर्दी के आगे जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। वहीं पूरे दिन सूर्य के दर्शन तक नहीं हुये।

गुरूवार को सर्दी के प्रकोप के साथ ही कोहरे ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया। जिससे लोगों को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ा। पूरे दिन सूर्य के दर्शन तक नहीं हुये। जिससे जरूरी काम को जाने वाले ही घरों से निकले। वहीं कुछ लोग घरों में ही दुबके रहे। जिससे इस भीषण सर्दी में राहगीरों के अलावा आम लोग सर्दी में ठिठुर रहे हैं। वहीं कोहरा अधिक पड़ने के कारण रेल संचालन बुरी तरह प्रभावित है। कोहरे की धुंध ट्रेन संचालन पर सबसे ज्यादा असर डाल रही है। लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनें तीन से चार घंटे तक विलंब से गुजर रही हैं। जिससे यात्री समय से अपने गंतव्य को नहीं पहुंच पा रहे हैं। शाम ढलते ही सर्दी ने अपना कहर दिखाना शुरू कर दिया और गलन बढ़ गई। इसके साथ ही कोहरे की धुंध छा गई।

**निरीक्षण**

## एक्सपायरी दवा के रखरखाव का विशेष ध्यान रखने के निर्देश

# सीएमओ ने सीएचसी में निर्माणाधीन कार्यों का लिया जायजा

**उन्नाव। समृद्धि न्यूज**

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सत्यप्रकाश गुरुवार को सीएचसी सफीपुर पहुंचे। यहां इंक्रास तैयारियों का जायजा लिया और निर्माणाधीन कार्यो का निरीक्षण कर अधीक्षक के साथ बैठक मानकों पर खरा उतरने के निर्देश दिए।



सीएमओ डॉ. सत्यप्रकाश गुरुवार को सीएचसी पहुंच यहां की जा रही इंक्रास तैयारियो का जायजा लिया। पर्चा उपलब्ध कराए जाने वाली बनाई जा रही नई विंडो को देखा जहां लाइन के बाहर बैठने की व्यवस्था के निर्देश दिए। नए इमरजेंसी भवन में दवा के रखरखाव व गंभीर मरीजों को भर्ती करने की व्यवस्था देखी। दवा भंडारण कक्ष की रैक में क्रमबद्ध दवा रखने व निकट एक्सपायरी दवा के रखरखाव का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। परिसर में चिकित्सक आवास की ओर नगर पंचायत द्वारा बनाई जा रही इंटरलॉकिंग मार्ग का निरीक्षण कर उसके एक ओर बहने वाली नाली में पानी का बहाव चेक किया। अस्पताल के पुराने निष्प्रयोज्य भवन को हटाए जाने की चल रही प्रक्रिया पर नजर डाली। दवा वितरण कक्ष, कोल्ड चेन ड्राई स्टोरेज व परिसर में बनाया गया हर्बल गार्डन, आने वाले मरीजों के बैठने की व्यवस्था पर संतोष जाहिर किया।

# भारत में वैश्विक अनूठी सार्वभौमिकता भारत चमत्कारिक और वैविध्यपूर्ण राष्ट्र

पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी किताब डिस्कवरी ऑफ इंडिया में लिखा है कि भारत स्वयं में एक लघु विश्व है। निसंदेह इंडोलॉजी में भारत पर अध्ययन करने वाले सभी चिंतकों तथा विद्वानों ने एकमत से यह माना है की भारत विविधताओं व बहुलताओं के मामले में विश्व का अनूठा एवं दिलचस्प देश है। अनेक प्रकार की भाषाएं, रीति रिवाज, खान-पान, रहन-सहन, लोकगीत,नृत्य, धर्म, संप्रदाय, सामाजिक संरचनाएं और संस्थाएं इस देश को बेहद बहुलतावादी और वैविध्यपूर्ण राष्ट्र बनाती है। इस विशाल, बहु भाषाई, बहु सांस्कृतिक देश की अपनी विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, आर्थिक, ऐतिहासिक, भौगोलिक, दार्शनिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, जनसांख्यिकी और भाषाई विभिन्नताएं, विषमताऐ और विशेषताएं विद्यमान है। जो इस देश की विविधता में एकता की खूबी को प्रदर्शित करती है। भारत की सामाजिक संरचना स्वयं में काफी जटिल है। देश में समाज बहुत सारे वर्गों उप वर्गों में बटा हुआ है, इसी तरह यहां समाज में ग्रामीण, उपनगरीय, नगरीय, महा नगरीय, जनजातीय, पहाड़ी कैसे वर्गों में विभाजित हुआ है। भारत में सामाजिक वर्ग भेद के साथ अंदरुनी अंतर्द्वंद भी बहुत ज्यादा है,जैसे कि एकल परिवार और संयुक्त परिवार जातिवादी जाति विहीन समाज ग्रामीण नगरीय द्वंद विवाह सन्यास का द्वंद जो अनेक रूपों में भारतीय समाज में जनमानस के रूप में दिखाई देता है और यह द्वंद स्वतंत्रता के पश्चात से दिखाई देने लगा है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जहां ग्राम स्वराज को आर्थिक विकास की धुरी मानते हुए सर्वोदय पंचायती राज स्वरोजगार एवं परस्पर सहयोग को बढ़ावा देना चाहते थे,दूसरी तरफ पंडित जवाहरलाल नेहरू का झुकाव औद्योगिक दृष्टि से पिछड़े क्षेत्र को तीव्र औद्योगिकरण , कल कारखानों को मजबूत करने की ओर था। इसीलिए भारतीय समाज में मिश्रित अर्थव्यवस्था की नई व्यवस्था के माध्यम से इसका समुचित समाधान निकाला गया था। भारत के राजनीतिक द्वंद भी बहुतायत में रहे हैं। आजादी से पहले कांग्रेस के गरम पंथ हुआ नरम पंथ का द्वंद चलता रहा है और पूर्ण स्वराज की मांग का उहापोह तथा आजादी के बाद संविधान निर्माण के समय संविधान की संघात्मक तथा एकात्मक रचना का विवाद या समाजवाद पूंजीवाद का द्वंद इसी तरह भारत दोनों में उलझता रहा है, और उसके बाद समाधान निकाल कर उससे बाहर भी आया है। भारत धार्मिक ,दार्शनिक व आध्यात्मिक दृष्टि से एक बेहद समृद्ध राष्ट्र रहा है। विश्व के चार प्रमुख धर्मों हिंदू, सिख, बौद्ध ,जैन की जन्मस्थली भारत ही रही है। इसी तरह भारत वेद पुराणों, उपनिषदों ,ब्राह्मणों, समितियों और आरण्यकों के प्राचीन साहित्य से लबालब भी रहा है।

याचिकाकर्ता ने कहा, इन कानूनों से भारत के लोगों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होता है। तीनों कानूनों के क्रियान्वयन पर रोक लगाने की मांग करते हुए, अधिवक्ता महोदय ने जनहित याचिका दायर की है। उन्होंने कहा, संसद से तीनों कानूनों को बिना किसी बहस के पारित किया गया। जब विधेयकों को पारित किया गया उस समय अधिकांश विपक्षी सदस्य निलंबित थे। उन्होंने कहा कि नए आपराधिक कानून कहीं अधिक कठोर हैं याचिकाकर्ता के अनुसार ब्रिटिश कानूनों को औपनिवेशिक और कठोर माना जाता था। अब भारतीय कानून उससे भी अधिक कठोर हैं। पुलिस हिरासत के प्रावधान का उदाहरण देते हुए याचिकाकर्ता ने कहा, 15 दिनों से लेकर 90 दिनों और उससे अधिक अवधि तक हिरासत में रखने की ताकत देने से पुलिस यातना बढ़ने का खतरा है। यह चौंकाने वाला प्रावधान है। साथियों बात अगर हम दिल्ली पुलिस की तीनों कानूनों के अधिसूचित होने के बाद की तैयारी की करें तो, दिल्ली पुलिस ने तीन नए आपराधिक कानूनों का अध्ययन करने और अपने विभाग के कर्मियों के लिए अध्ययन सामग्री तैयार करने के लिए 14 सदस्यीय समिति का गठन किया है. यह समिति भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता का गहराई से अध्ययन करेगी।

# तीनों आपराधिक कानूनों को अधिसूचित करने में पेंच फंसा ?

**किशन सनमुखदास**




**संसद से पारित तीन नए कानून राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हस्ताक्षर के बाद कानून बन चुके हैं। हालांकि, तीनों कानूनों में खामियों का दावा किया जा रहा है। शीर्ष अदालत में एक याचिका दायर कर तीनों कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य कानून के तहत कार्रवाई पर रोक लगाने की गुहार लगाई गई है। बता दें कि इन कानूनों के लागू होने के बाद ब्रिटिश हुकूमत के दौर से चले आ रहे 125 साल से अधिक पुराने कानून- भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और एविडेंस एक्ट को बदला गया है। जनहित याचिका में दावा किया गया है कि नए कानूनों में कई खामियां और विसंगतियां हैं। आपराधिक कानूनों की व्यवहार्यता का आकलन करने के लिए तुरंत एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्देश देने की मांग भी की गई है।**

गुलामी की सभी निशानियों को समाप्त करनें, उसको साकार रूप देने के लिए अंग्रेजों के शासनकाल के अनेकों कानून रद्द कर दिए गए हैं, जिनका कोई औचित्य नहीं रह गया था। अब अंग्रेजी संसद द्वारा बनाए गए क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम 1860-2023 तक के युग की समाप्ति करने की पहल कर डिजिटल इंडिया को ध्यान में रखते हुए कानून बनाए गए हैं, सीआरपीसी आईपीसी और एविडेंस एक्ट क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम की बुनियाद है और इन्हें रिप्लेस किया गया है। चूंकि संसद के दोनों सदनों में इन विधेयकों को पास किया गया था और अब माननीय राष्ट्रपति महोदया ने तीनों विधेयकों पर दिनांक 25 दिसंबर 2023 को देर रात हस्ताक्षर कर दिए हैं, राष्ट्रपति की मंजूरी मिलते ही अब ये तीनों बिल कानून बन गए हैं।परंतु ऐसा प्रतीत होता है कि इन कानून को अधिसूचित करने में अभी के तीन पेंच फसें दिख रहे हैं। पहला 2 जनवरी 2024 को देर रात्रि केंद्रीय गृह सचिव का आंदोलनकारी ड्राइवर संगठनों को आश्वासन,दूसरा इन कानून में अनेक विसंगतियां व खामियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका और तीसरा दो माह बाद होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 इन तीन मुद्दों को रेखांकित करते हुए यह संभावना लगाई जा रही है कि फिलहाल इन तीनों कानून को अधिसूचित करने में कुछ समय लगने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता उधर दिल्ली पुलिस ने तो इसे अधिसूचित होने की संभावना के चलते इन कानूनों का अध्ययन करने व अपने विभाग के कर्मियों के लिए अध्ययन सामग्री तैयार करने के लिए 14 सदस्य दल का गठन कर दिया है। चूंकि उपरोक्त तीनों बातों के चलते तीनों अपराध कानूनों को अधिनुचित करने में पेंच फंसा है ?इसलिए मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से हम चर्चा करेंगे, आंदोलनकारी ड्राइवर संगठनों को केंद्रीय गृह सचिव आश्वासन सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका तथा लोकसभा चुनाव 2024 तीनों नए आपराधिक कानून को अतुलित अधिसूचित करने पर ग्रहण लगने की संभावना है। साथियों बात अगर हम तीनों आपराधिक कानून को अधिसुचित करने में पेंच फंसा होने की करें तो ,अखिल भारतीय परिवहन कांग्रेस की बैठक 2 जनवरी 2024 पर केंद्रीय गृह सचिव ने कहा, हमने आज अखिल भारतीय परिवहन कांग्रेस के प्रतिनिधियों से चर्चा की। सरकार ये बताना चाहती है कि नए कानून एवं प्रावधान अभी लागू नहीं हुए हैं, हम ये भी कहना चाहते हैं कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(2) लागू करने से पहले अखिल भारतीय परिवहन कांग्रेस से विचार विमर्श करने के बाद ही निर्णय लिया जाएगा। संसद से पारित तीन नए कानून राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हस्ताक्षर के बाद कानून बन चुके हैं। हालांकि, तीनों कानूनों में खामियों का दावा किया जा रहा है। शीर्ष अदालत में एक याचिका दायर कर तीनों कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य कानून के तहत कार्रवाई पर रोक लगाने की गुहार लगाई गई है। बता दें कि इन कानूनों के लागू होने के बाद ब्रिटिश हुकूमत के दौर से चले आ रहे 125 साल से अधिक पुराने कानून- भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और एविडेंस एक्ट को बदला गया है। जनहित याचिका में दावा किया गया है कि नए कानूनों में कई खामियां और विसंगतियां हैं। आपराधिक कानूनों की व्यवहार्यता का आकलन करने के लिए तुरंत एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्देश देने की मांग भी की गई है। याचिकाकर्ता ने कहा, इन कानूनों से भारत के लोगों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होता है। तीनों कानूनों के क्रियान्वयन पर रोक लगाने की मांग करते हुए, अधिवक्ता महोदय ने जनहित याचिका दायर की है। उन्होंने कहा, संसद से तीनों कानूनों को बिना किसी बहस के पारित किया गया। जब विधेयकों को पारित किया गया उस समय अधिकांश विपक्षी सदस्य निलंबित थे। उन्होंने कहा कि नए आपराधिक कानून कहीं अधिक कठोर हैं याचिकाकर्ता के अनुसार ब्रिटिश कानूनों को औपनिवेशिक और कठोर माना जाता था। अब भारतीय कानून उससे भी अधिक कठोर हैं। पुलिस हिरासत के प्रावधान का उदाहरण देते हुए याचिकाकर्ता ने कहा, 15 दिनों से लेकर 90 दिनों और उससे अधिक अवधि तक हिरासत में रखने की ताकत देने से पुलिस यातना बढ़ने का खतरा है। यह चौंकाने वाला प्रावधान है।

साथियों बात अगर हम दिल्ली पुलिस की तीनों कानूनों के अधिसूचित होने के बाद की तैयारी की करें तो, दिल्ली पुलिस ने तीन नए आपराधिक कानूनों का अध्ययन करने और अपने विभाग के कर्मियों के लिए अध्ययन सामग्री तैयार करने के लिए 14 सदस्यीय समिति का गठन किया है. यह समिति भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता का गहराई से अध्ययन करेगी. आपको बता दें कि हाल ही में तीन नए कानूनों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंजूरी दे दी है और इस महीने के अंत में अधिसूचित होने की संभावना है।

## विचार

# मज़बूत मोदी, लाचार विपक्ष

**इन्द्र दमन तिवारी, अधिवक्ता**



**वरिष्ठों का आरोप है कि राहुल जिस वर्ग की राजनीति कर रहे हैं वह कांग्रेस का कभी वोटर नहीं रहा इसीलिए चुनावों में पार्टी की शर्मनाक हार हो रही है। उनके मुताबिक, राहुल और उनकी कार्यशैली पार्टी के भविष्य के लिए घातक साबित हो रही है। राहुल गांधी के अलावा हिंदी पट्टी के ज्यादातर गैर-भाजपा दलों के नेताओं की प्राथमिकता अलग दिखती है, इनमें से कई नेता आर्थिक घोटालों के आरोपी भी रहे हैं, उनके खिलाफ जांच लंबित है। सपा-बसपा पर परिवारवाद का आरोप चिपक सा गया है, अब उनका वोटर भी इस राजनीति से ऊबता दिख रहा है। मोदी विरोधी भी उनकी मेहनत के कायल हैं, यह तो सब जानते है कि दक्षिण भारत में भाजपा की स्थिति अच्छी नहीं है, अपनी राजनीतिक स्थिति बेहतर बनाने के लिए मोदी की पहल पर काशी-तमिल संगमम का कई बार आयोजन हो चुका है, इन आयोजनों के जरिए प्रधानमंत्री मोदी की कोशिश दक्षिण भारत में भी भाजपा के जनाधार को मजबूत करने की है।**

वर्तमान परिदृश्य में गौर करें तो हम पायेंगे कि भारतीय राजनीति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्थिति वही है जो एक दौर में पंडित नेहरू और इंदिरा गांधी की हुआ करती थी, इस समय देश की राजनीति विकल्पहीनता के दौर से गुजर रही है। भ्रष्टाचार, परिवारवाद के आरोप के चलते मोदी विरोधी दल उनके समक्ष मज़बूत चुनौती पेश नहीं कर पा रहे हैं, जाति आधारित राजनीति का शिगूफा भी नहीं चल पा रहा है। हाल ही में संपन्न हुए देश में 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणामों ने अगले आम चुनाव की पटकथा कमोबेश लिख दी है, इंडिया गठबंधन के अस्तित्व में आने एवं बिहार में जातीय आधार पर जनगणना करा के सरकारी नौकरियों में आरक्षण का कोटा बढ़ाने के लिए बिहार विधानसभा से प्रस्ताव पारित करवाकर बीजेपी विरोधियों ने कड़ी चुनौती पेश करने की कोशिश खूब की, राहुल गांधी ने भी जातीय सर्वे के मुद्दे को देशव्यापी बनाने की कोशिश की, कांग्रेस ने अपने शासित राज्यों में भी सर्वे करवाने और बिहार की भांति लागू करने का ऐलान किया, संसद के अंदर और बाहर इस मुद्दे को पूरे ज़ोर शोर से उठाया, बावजूद इसके कांग्रेस को बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा। इन राज्यों के चुनाव प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे पर हुए, भाजपा की तरफ से किसी को भी मुख्यमंत्री प्रोजेक्ट कर चुनाव नहीं लड़े गए, इसके विपरीत कांग्रेस की तरफ से सभी राज्यों में मुख्यमंत्री के लिए नेताओं के चेहरे आगे किए गए थे, इन राज्यों के चुनाव परिणाम 2024 के चुनाव से पूर्व सेमीफाइनल माने जा रहे थे, इसलिए इन राज्यों के परिणामों को मूड ऑफ नेशन के रूप में देखा जाना चाहिए। प्रधानमन्त्री मोदी को 2014 से ज्यादा 2019 में समर्थन मिला था, चुनाव के परिणाम से यही संकेत मिल रहा है कि उनकी लोकप्रियता सर चढ़कर बोल रही है, मोदी ने ऐलान कर दिया है कि उनकी नजर में गरीबी ही एकमात्र जाति है, वे पं. दीनदयाल उपाध्याय के जीवन दर्शन को लेकर तो आगे बढ़ ही रहे हैं साथ ही विकास और विरासत साथ लेकर चल रहे हैं, साथ ही उनका पूरा ज़ोर गुड गवर्नेंस पर भी है। वे कोऑपरेटिव-फेडरलिज्म के सिद्धांत को आगे ले जाने की कोशिश में लगे हैं, दूसरी ओर जाति और क्षेत्रीयता पर आधारित पार्टियां वही घिसे-पिटे फॉर्मूले पर चलकर मोदी का मुकाबला करना चाहती हैं। इंडिया गठबंधन विभाजित दिखता है, क्षेत्रीय पार्टियों के नेताओं का एजेंडा कांग्रेस पर भारी पड़ता दिखाई दे रहा है, गठबंधन के अंदर राहुल को कोई नेता स्वीकार करने को तैयार नहीं है, कांग्रेस के अंदर भी वरिष्?ठ नेताओं को राहुल गांधी के कामकाज से नाराजगी है, उनके मुताबिक पार्टी पर वामपंथी हावी है। कांग्रेस हमेशा से सेंट्रिस्ट पार्टी रही है लेकिन लगता है कि राहुल गांधी ने पार्टी को उसके कोर वोटर्स से अलग कर दिया है। वरिष्ठों का आरोप है कि राहुल जिस वर्ग की राजनीति कर रहे हैं वह कांग्रेस का कभी वोटर नहीं रहा इसीलिए चुनावों में पार्टी की शर्मनाक हार हो रही है। उनके मुताबिक, राहुल और उनकी कार्यशैली पार्टी के भविष्य के लिए घातक साबित हो रही है।

राहुल गांधी के अलावा हिंदी पट्टी के ज्यादातर गैर-भाजपा दलों के नेताओं की प्राथमिकता अलग दिखती है, इनमें से कई नेता आर्थिक घोटालों के आरोपी भी रहे हैं, उनके खिलाफ जांच लंबित है। सपा-बसपा पर परिवारवाद का आरोप चिपक सा गया है, अब उनका वोटर भी इस राजनीति से ऊबता दिख रहा है। मोदी विरोधी भी उनकी मेहनत के कायल हैं, यह तो सब जानते है कि दक्षिण भारत में भाजपा की स्थिति अच्छी नहीं है, अपनी राजनीतिक स्थिति बेहतर बनाने के लिए मोदी की पहल पर काशी-तमिल संगमम का कई बार आयोजन हो चुका है, इन आयोजनों के जरिए प्रधानमंत्री मोदी की कोशिश दक्षिण भारत में भी भाजपा के जनाधार को मजबूत करने की है, चुनावी तैयारी और प्रबंधन के मामले में तो भाजपा अपने विरोधियों के मुकाबले बहुत आगे दिखती है, उनकी सरकार अलग-अलग योजनाओं के जरिए देश के करीब 110 करोड़ लोगों से सीधे रूप से जुड़ी है, लाभार्थियों की यह जमात मोदी का कमिटेड वोट-बैंक बनता दिख रहा है और ऐसे में इस बड़ी ज़मात का मुकाबला किसी भी जातिवादी या क्षेत्रीयता के मुद्दों को उछाल कर करना मुश्किल होता दिख रहा है। राहुल गांधी आगामी 14 जनवरी को मणिपुर से भारत न्याय यात्रा शुरू कर रहे हैं, यह यात्रा 14 राज्यों से गुजरेगी और 20 मार्च को इसका समापन मुंबई में होगा। जिन राज्यों से यह यात्रा गुजरेगी वहां से लोकसभा की 355 सीटें हैं और इनमें से 238 सीटें भाजपा ने पिछले आम चुनाव में जीती थीं जबकि कांग्रेस के खाते में सिर्फ 14 सीटें आईं थीं, आंकड़ों पर आने से पहले यह जान लेना जरूरी है कि इन 14 राज्यों का मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य क्या है? इन 14 राज्यों में से सात में भाजपा की सरकार है, ये राज्य हैं- मणिपुर, असम, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और गुजरात। महाराष्ट्र में एनडीए की, मेघालय व नागालैंड में भाजपा क्षेत्रीय दलों के साथ सरकार में शामिल है। तीन राज्यों- बंगाल, बिहार और झारखंड में इंडिया दल समूह की सरकारें हैं, ओडिशा में बीजू जनता दल सरकार में है जो न इंडिया गठबंधन में है और न एनडीए में। अब आंकड़ों के आईने में देखना रोचक होगा कि इस यात्रा का क्या असर हो सकता है? क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए कोई चुनौती खड़ी हो सकती है? उससे देश की राजनीति कितनी प्रभावित हो सकती है?

# भूकंप संग जीना

नये साल के पहले दिन जापान ने फिर एक बड़े भूकंप का सामना किया। चंद लोगों के मरने व घायल होने के बावजूद इतने बड़े भूकंप के बाद जापान में जनजीवन पटरी पर लौटने लगा है। सुनामी की चेतावनी निष्प्रभावी साबित हुई है। दुनिया में शायद ही कोई ऐसा देश होगा जिसने इतने बड़े भूकंप के झटके सहने के बाद कोई बड़ा नुकसान नहीं झेला हो। हमें याद रहे कि बीते साल तुर्किये-सीरिया में आए 7.8 तीव्रता के भूकंप में करीब साठ हजार लोग मारे गये थे। जबकि जापान के इशिकावा में आए 7.6 तीव्रता वाले भूकंप में 48 के करीब लोगों के मरने की खबर आई है। वैसे 2011 में आये 9 तीव्रता के भूकंप में जरूर 18 हजार के करीब लोग मारे गए थे, लेकिन भूकंप के बजाय सुनामी में ज्यादा क्षति हुई थी और बड़ी इमारतों को ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा था। भूकंप के साथ मुकाबले का यह जज्बा जापान की कई दशकों की योजना व भवननिर्माण तकनीक में बड़े बदलावों से संभव हो सका। वहां के राजनेताओं ने दूरदृष्टि का परिचय देते हुए भवनों के लिये भूकंपरोधी कोड बनाए और ईमानदारी से उसे लागू किया। जहां एक ओर आधारभूत संरचना में बड़ा सरकारी निवेश किया गया, वहीं देश की जनता ने भी सरकार के प्रयासों के साथ कदमताल की। दरअसल, जनधन की क्षति कम कर सकने के मूल में जापान में इंजीनियरिंग सफलता की विशिष्ट कहानी है, जो तब शुरू हुई जब बीसवीं सदी में भयावह भूकंप आया था। वर्ष 1923 में कांटो के भूकंप में करीब डेढ़ लाख लोगों के मरने की बात कही जाती है। बताते हैं कि उस दौरान शहर का एक बड़ा हिस्सा जमींदोज हो गया था। तब ईंटों से बनी पाश्चात्य शैली की तमाम इमारतें ढह गई थीं। उसके बाद तय किया गया कि हर इमारत में कंक्रीट व स्टील का प्रयोग अनिवार्य होगा। लकड़ी से बनी इमारतों से परहेज किया गया, बनाने पर मजबूत बीम के प्रयोग को अनिवार्य किया गया। दरअसल, जापान में जब भी भूकंप आया, उससे सबक लेकर आगे रीतियां-नीतियां तय की गई। समय-समय पर नियम-कानूनों में बदलाव किये गये। दरअसल, जापान भौगोलिक रूप से दो संवेदनशील प्लेटों के टकराव की दृष्टि से एक ऐसे संवेदनशील स्थान पर स्थित है, जिसे भूकंप की तकनीकी भाषा में 'रिंग ऑफ फायर' कहा जाता है, जिससे वहां व आसपास के देशों में लगातार भूकंप आते रहते हैं। इसी क्रम में वर्ष 1981 में जापान में नये भवनों के निर्माण के लिये भूकंप-रोधी उपाय लागू कर दिये गये। जिसके सकारात्मक परिणाम वर्ष 2011 में रिक्टर स्केल पर नौ तीव्रता के भूकंप आने के बाद देखे गये। इस दौरान काफी कम नुकसान हुआ।



# राशिफल

**मेष:-** जीविका क्षेत्र में नए आयाम आपको उत्साहित करेंगे। पुरानी समस्याओं को हलकर सुख की अनुभूति करेंगे। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

**वृष:-** भौतिक आकांक्षाएं बलवती होंगी। राजनीतिज्ञों के लिए राजनीतिक क्षेत्र में व्यस्तता व क्रियाशीलता बढ़ेगी। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें। खराब संगत से दूरी बनाएं।

**मिथुन:-** महत्वपूर्ण घरेलू दायित्वों के प्रति मन केन्द्रित होगा। अत्यधिक कायरे की ब्यस्तता से मन परेशान होगा। पारम्परिक कायरे में व्यस्तता बढ़ेगी।

**कर्क:-** क्रोध व शंका छोड़ संबंधों में प्यार विखेरें। कार्य क्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। क्षमता से अधिक व्यय भविष्य के लिए चिन्ता उत्पन्न करेगी।

**सिंह:-** किसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी की ब्यस्तता से मन बोझिल होगा। निराशा त्याग मन को आशावादी बिचारों से सिंचित करें। महत्वपूर्ण क्षेत्र में संबंधों का सहयोग मिलेगा।

**कन्या:-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में धनाभाव अवरोधक हो सकता है। लेकिन प्रियजनों के सहयोग से समस्याएं हल होंगी। अच्छी आशाएं आप में क्रियाशीलता बढ़ाएंगी। परिवार में कोई सुखद माहौल बनेगा।

**तुला:-** हर वक्त अपने को लाचार बनाए रखना अच्छी बात नहीं, समय का सदोपयोग करें और स्वयं को सकारात्मक दिशा दें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**वृश्चिक:-** शासन-सत्ता के सहयोग से कार्य क्षेत्र के अवरोध समाप्त होंगे। कार्य क्षेत्र में लोकप्रियता व वर्चस्व बढ़ेगा। प्रयत्न की सार्थकता उच्छृंखलता व व्यग्रता क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा।

**धनु:-** कोई नई योजना उत्साहित करेगी। भौतिक जगत के चकाचौंध आप प्रभावित होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में सफलता के आसार बढ़ेगे। अच्छे ब्यवहारकुशलता से सामाजिक मान-मर्यादा में वृद्धि होगी।

**मकर:-** कुछ बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता ला सकता है।

**कुंभ:-** खाली मन शैतान का घर'' अपने दिनचर्या को सुधारें। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन चिंतित होगा। पारिवारिक जरुरतों की पूर्ति साधनाभाव से मन चिंतित होगा।

**मीन:-** भौतिक सुख-साधनों की ओर मन आकर्षित होगा। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कुछ नई प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी। परिश्रम द्वारा नए अवसरों का भरपूर लाभ उठाएंगे।

# किसानों के बाद ड्राइवर बने पथ प्रदर्शक

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

**करीब डेढ़ सौ सांसदों की अनुपस्थिति में, जिन्हें योजनाबद्ध तरीके से और किसी षडयंत्र के तहत निलम्बित किया गया था, ये कानून पास हुए जिसके मुताबिक हिट एंड रन मामले में 10 वर्षों की सजा और 7 लाख रुपये का जुर्माना तय किया गया है। ये प्रावधान इतने कठोर हैं कि हजारों लोगों ने ड्राइवरी से तौबा करने की ठान ली। वे जान गये कि इसकी चपेट में आने पर उनका आजीवन जेल में रहना तय है। वैसे तो यह कानून हर उस व्यक्ति पर लागू होता है जो किसी भी प्रकार के वाहन चलाता है, फिर चाहे वह ट्रक हो या बस, कार हो या बाइक। गैर इरादतन व त्रुटिवश अगर उनके द्वारा कोई दुर्घटना होती है तो उसे घायल को अस्पताल पहुंचाने और पुलिस में जाकर शिकायत करना कानूनन बाध्य होगा। इस कानून के अमल में वाहन चालकों द्वारा व्यवहारिक दिक्कतें महसूस किये जाने पर यह तीन दिवसीय हड़ताल पुकारी गई थी। दो दिनों में ही देश का जो हाल हुआ, उससे सरकार झुक गई।**

किसानों के बाद बस व ट्रक ड्राइवरों ने देश को आंदोलन की राह दिखाई है। तीन काले कृषि कानूनों के खिलाफ 5 नवम्बर, 2020 से आंदोलन प्रारम्भ करने वाले किसानों को 378 दिन लगे थे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से यह कहलवाने में कि इन कानूनों को वापस लिया जा रहा है क्योंकि वे किसानों को इनके लाभ समझाने में असफल हो रहे हैं। मोदी को यह भी मलाल रहा कि श्शायद उनकी तपस्या में कोई कमी रह गयी। देश भर के किसान इन कानूनों के खिलाफ लामबन्द हो गये थे, लेकिन उसकी सर्वाधिक सघनता और उसे दबाने का सरकारी उद्रेक देश की राजधानी दिल्ली की तीन सीमाओं पर देखा गया था- टिकरी, गाजीपुर और सिंघू। दूसरी तरफ हिट एंड रन मामले में अत्यंत कठोर कानूनों के विरूद्ध 2024 की पहली तारीख से प्रारम्भ हुए बस एवं ट्रक ड्राइवरों के आंदोलन को केवल दो ही दिन लगे सरकार को घुटनों पर लाने में। दोनों ही आंदोलन देश के स्याह आसमान में दो बेहद चमकदार सितारों की तरह टिमटिमाते रहेंगे और दिशा बतलाते रहेंगे कि कैसे संसद को आवारा होने से बचाने के लिये सड़कों को गुंजायमान करना चाहिये। किसानों के सड़कों पर उतरने का कारण था देश की मजबूत मंडी व्यवस्था को तबाह कर कृषि उत्पादों को मोदी के कारोबारी मित्रों के भंडारगृहों तक पहुंचाने के मंसूबों को ध्वस्त करना, तो वहीं बसों एवं ट्रकों के ड्राइवरों को स्टीयरिंग व्हील को छोड़कर रास्तों को जाम करने का उद्देश्य था खुद को ऐसी सजा से बचाना जो गलती के अनुपात में बहुत ज्यादा कठोर है। अपराध प्रक्रिया संहिता (आईपीसी) के कुछ प्रावधानों में केन्द्र ने हाल ही में समाप्त हुए उस संसद सत्र में संशोधन किया, जिसमें विपक्ष लगभग नदारद था। करीब डेढ़ सौ सांसदों की अनुपस्थिति में, जिन्हें योजनाबद्ध तरीके से और किसी षडयंत्र के तहत निलम्बित किया गया था, ये कानून पास हुए जिसके मुताबिक हिट एंड रन मामले में 10 वर्षों की सजा और 7 लाख रुपये का जुर्माना तय किया गया है। ये प्रावधान इतने कठोर हैं कि हजारों लोगों ने ड्राइवरी से तौबा करने की ठान ली। वे जान गये कि इसकी चपेट में आने पर उनका आजीवन जेल में रहना तय है। वैसे तो यह कानून हर उस व्यक्ति पर लागू होता है जो किसी भी प्रकार के वाहन चलाता है, फिर चाहे वह ट्रक हो या बस, कार हो या बाइक। गैर इरादतन व त्रुटिवश अगर उनके द्वारा कोई दुर्घटना होती है तो उसे घायल को अस्पताल पहुंचाने और पुलिस में जाकर शिकायत करना कानूनन बाध्य होगा। इस कानून के अमल में वाहन चालकों द्वारा व्यवहारिक दिक्कतें महसूस किये जाने पर यह तीन दिवसीय हड़ताल पुकारी गई थी। दो दिनों में ही देश का जो हाल हुआ, उससे सरकार झुक गई। देश भर के पेट्रोल पम्प खाली हो गये और जीवनावश्यक वस्तुओं की कीमतें आसमान छूने लगीं। यात्रियों को बसें नहीं मिलीं और माल ढुलाई ठप हो गई। ट्रेनें इस कदर पैक हो गई कि डिब्बों में पैर रखने की जगह भी नहीं रही। बच्चे स्कूल नहीं जा पाए। लोगों को बस अड्डों में रात गुजारने पड़ी। ऐसी हालत होने पर सरकार की आंखें खुलीं और वह समझ गई कि हड़ताल के तीसरे दिन में प्रवेश करते-करते अनर्थ हो जायेगा। सामने चुनाव भी है। 22 जनवरी को राममंदिर का उद्घाटन समारोह तो बदमजा हो ही जायेगा, अप्रैल में निर्धारित लोकसभा चुनाव में भी उसे नुकसान पहुंचेगा। जिस तरह से राममंदिर प्रकरण में मोदी धार्मिक मसले का सहारा लेकर अपनी जीत व तीसरी बार पीएम बनने के लिये प्रयासरत हैं, उससे रामभक्त ही नाराज हो चले हैं। कई लोगों के इस आशय के वीडियो वायरल हो रहे हैं जिसमें वे बता रहे हैं कि पहले वे भाजपा को ही वोट देते आये हैं परन्तु अब नहीं देंगे। ऐसे ही, उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में अकबर नगर में चले बुलडोजर ने ऐसे लोगों के घरों को गिराया है जो भाजपा के मतदाता हैं। अब ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े लोगों का भी भाजपा से मोह भंग हो गया है। कई ड्राइवर, कंडक्टर, क्लीनर आदि कह रहे हैं कि इस बार वे भाजपा को सबक सिखाएंगे। सम्भवतः भाजपा व केन्द्र को इसकी भनक मिल गई है। किसी बड़े नुकसान के अंदेशे में मंगलवार को सुलह हुई और ट्रकों के थमे हुए पहिये फिर से घूमने लगे। इसलिये सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि अभी ये कानून लागू नहीं किये जा रहे हैं। इन पर अमल इस क्षेत्र के प्रतिनिधियों से बात करने के बाद होगा।जिस प्रकार से भूमि अधिग्रहण कानून एवं कृषि कानूनों के खिलाफ लोग हमलावर हुए और केन्द्र सरकार को इन्हें वापस लेना पड़ा था, वैसे ही इस मामले में भी सरकार को मुंह की खानी पड़ी है। माना जाता है कि पहले दोनों कानूनों की ही तरह ये कानून (हिट एंड रन) भी असंगठित क्षेत्र को तबाह करने के उद्देश्य से लाये गये थे ताकि बाद में इन्हें निजी क्षेत्र को सौंपा जा सके।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेंसी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627

# जल निगम कर्मी ने शिकायत पर चाकू से किया हमला

**महोबा। समृद्धि न्यूज**



जल निगम कर्मी द्वारा मुहाल में चल रही अवैध शराब की बिक्री एवं जम रहे जुए के फड़ की शिकायत करना भारी पड़ गया है । शिकायत से बौखलाए दबंगों ने जल निगम कर्मी के ऊपर दिनदहाड़े लोहे की रोड और चाकू से हमला कर दिया। घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मुख्यालय के मुहाल शुक्लानापुरा निवासी 55 वर्षीय महेंद्र कुमार धुरिया पुत्र मुरलीधर ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह जल निगम विभाग में कार्यरत है ।मुहाल में दबंगों के द्वारा अवैध शराब की बिक्री की जाती है एवं जुए के फड़ जमवाए जाते हैं। जिससे मोहल्ले का माहौल खराब होता है जिस पर उसने एतराज जताया था जो कि दबंगों को रास नहीं आया। रोज की भांति गुरुवार को वह घर से साइकिल से ऑफिस जा रहा था तभी रास्ता में शिकायत से बौखलाए दबंगों ने उसके ऊपर लोहे की रॉड और सिर पर चाकू से हमला कर दिया । अचानक हुए हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर शराबा सुनकर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। दबंग जानमाल की धमकी देते हुए मौका पाकर मौके से रफूचक्कर हो गए । घायलावस्था में पुत्र हर्षित कुमार धुरिया के द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। घायल ने बताया कि बुधवार रात भी दबंगों के द्वारा गाली गलौज की गई थी। घायल ने घटना की शिकायत कोतवाली पुलिस से की है पुलिस ने घायल का चिकित्सीय परीक्षण करवाया है। सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दुर्ग विजय सिंह का कहना है कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है द्य घायल का जिला अस्पताल में चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है द्य तहरीर के आधार पर शुक्लानापुरा निवासी महेश व उसके भाई सचिन और पुत्र निखिल के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## सायं कालीन विद्युत कटौती से छात्र परेशान

**सुमेरपुर।** इंगोहटा क्षेत्र के गांवों में शाम को 6 से 9 बजे तक बिजली की कटौती से बोर्ड परीक्षा देने वाले छात्र-छात्राएं परेशान है। बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी में जुटे विद्यार्थी 3 से 4 घंटे की सायंकालीन अघोषित का बन्द किये जाने की मांग की है। ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों ने बताया कि 22 फरवरी से बोर्ड परीक्षाएं होनी है। वह लोग दिन रात परीक्षाओं की तैयारी में जुटे हुए हैं। लेकिन उनकी तैयारी विद्युत कटौती के चलते बाधित है। दिन के अलावा शाम 6 बजे से लेकर 3 से 4 घंटे की विद्युत कटौती की जा रही है। ग्राम इंगोहटा, बिदोखर, नदेहरा, मवईजार,बंडा आदि गांवों के छात्रों ने यह भी बताया कि दिन में बिजली की आंख मिचौली के साथ शाम होते ही ज्यों ही वह पढ़ाई के लिए बैठते हैं।

# पेड़ से लटका मिला किशोर का शव, थाने में दर्ज थी गुमशुदगी

**मौदहा। समृद्धि न्यूज**

बीते बुधवार से गायब हुए किशोर का शव जंगल में बबूल के पेड़ पर लटका हुआ मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जबकि मृतक की गुमशुदगी सिसोलर थाने में दर्ज है। सिसोलर थाना क्षेत्र के ग्राम परेहटा निवासी संदीप उर्फ छोटू (14 )पुत्र कछ्छू यादव का गुरुवार को जंगल में उनके खेतों की मेड़ पर लगे बबूल के पेड़ पर लटका हुआ शव मिलने से हड़कंप मच गया। हालांकि किशोर का शव फंदा बना कर लटका हुआ था। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची सिसोलर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। मृतक किशोर के पिता कछ्छू यादव ने बताया कि उनका छोटा पुत्र संदीप बुधवार को शाम करीब चार बजे बकरियां लेने आया था और उन्होंने उसे बरमदेव के स्थान पर देखा था।

वह चारा लेकर घर चले आए, लेकिन उनका पुत्र शाम तक घर नहीं पहुंचा तो पड़ोसियों के साथ उसकी तलाश की और जब कुछ जानकारी नहीं मिली तो सिसोलर थाने जाकर सूचना दी। जिसकी गुमशुदगी पुलिस ने दर्ज कर ली है। उसके बाद यह जानकारी मिली है। मृतक अपने परिवार में दो भाई हैं और मृतक दूसरे नंबर का है।

## रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़े गए लेखाकार को मौदहा में बैठाने की तैयारी

**हमीरपुर।** विकासखंड सरीला में तैनाती के दौरान 2022 में रंगे हाथों रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन टीम द्वारा पकड़े गए लेखाकार को राजनीतिक दबाव के चलते जिले के सबसे बड़े ब्लॉक में बैठने की तैयारी हो रही है। वर्ष 2022 में सरीला विकासखंड कार्यालय में तैनात लेखाकार पुत्तनलाल को एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथ रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार करके जेल भेजा था। यह नौ माह तक जेल में निरुद्ध रहने के बाद जमानत पर रिहा हुआ था। सत्ताधारी एक नेता का संरक्षण प्राप्त होने पर इनको बहाल करके मुस्करा विकासखंड का चार्ज दिया गया था। अब राजनीतिक दबाव के चलते इन्हें जनपद के सबसे बड़े विकासखंड मौदहा में बैठने की तैयारी है।

# अधिवक्ता ने सरकारी मेडिकल कॉलेज निर्माण की उठाई मांग

**महोबा। समृद्धि न्यूज**



सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता सीमा पटनाहा ने उपमुख्यमंत्री से मिलकर जनपद में पीपीपी मॉडल की जगह सरकारी मेडिकल कॉलेज और ट्रॉमा सेंटर का निर्माण डिस्ट्रिक मिनरल फंड से करवाए जाने का मांग पत्र सौंपा है।

सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता सीमा पटनाहा ने गुरुवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपते हुए बताया कि जनपद में ट्रामा सेंटर एवं मेडिकल कॉलेज स्वीकृत हुआ है जिसे पीपीपी मॉडल पर बनाया जाना है। लेकिन धरातल पर अभी कोई भी कार्य नहीं दिखाई दे रहे हैं। पीपीपी मॉडल के मेडिकल कॉलेज के स्थान पर जनपद में सरकारी मेडिकल कॉलेज बनाया जाए। यहां के क्रेशर उद्योग से करोड़ों रुपए का राजस्व सरकार के खजाने में जमा होता है । जनपद की सीमा से दो राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरे हुए हैं । जिन पर आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं और गंभीर मरीजों को घायल अवस्था में मेडिकल कॉलेज कनपुर या झांसी के लिए रेफर किया जाता है । जिनकी दूरी मुख्यालय से लगभग 150 से 200 किलोमीटर के बीच पड़ती है । ऐसे में गंभीर रूप से घायल कुछ मरीज मेडिकल कॉलेज पहुंचने से पहले ही रास्ते में अपना दम तोड़ देते हैं। उत्तर प्रदेश के सबसे गरीब और पिछड़े जनपदों में शुमार महोबा में मेडिकल सुविधाएं बढ़ाने हेतु पीपीपी मॉडल की जगह डिस्ट्रिक मिनिरल फंड से सरकारी मेडिकल कॉलेज निर्माण कराये जाने की मांग उठाई है।

# पुलिस ने दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**पनवाड़ी,महोबा। समृद्धि न्यूज**

अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधिक गतिविधियों को करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के तहत में सत्यम्, अपर पुलिस अधीक्षक व हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ के निकट पर्यवेक्षण में अवधेश कुमार मिश्र, प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी द्वारा उनि कामता प्रसाद मिश्र व कां0 अभिषेक कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया।

गठित हुई पुलिस टीम ने गश्त/चेकिंग के दौरान ग्राम भरवारा बस स्टैण्ड से मुखबिर की सूचना पर थाना पनवाड़ी में पंजीकृत हुए मु0अ0स0 211/23 धारा 363/366/376 व ङ पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 वांछित अभियुक्त शिवम राजपूत पुत्र उदयभान राजपूत निवासी ग्राम महुआ बाँध थाना अजनर जनपद महोबा उम्र करीब 19 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । उल्लेखनीय है कि मुकदमा की सूचना पर दिनांक 03.12.2023 को थाना पनवाडी मे मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत हुआ था जिससे सम्बन्धित पीडिता उम्र लगभग 16 वर्ष की बरामदगी कर सम्बन्धित अभियुक्त की गिरफ्तारी सुनिश्चित करते हुए आपेक्षित विधिक कार्यवाही की गयी तथा पंजीकृत अभियोग उपरोक्त में धारा 366/376 भादवि व ङ पाक्सो एक्ट की बढौत्तरी करते हुये वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री बने डॉ. अजय गुप्ता

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर अशोक अग्रवाल द्वारा डाक्टर अजय गुप्ता (लखनऊ) को राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री एवं सात प्रदेशों का प्रभारी बनाये जाने पर आई वी एफ इकाई महोबा द्वारा खुशी जताई गई। विश्व स्तरीय अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन विश्व के कई देशों में सामाजिक कार्यों को सम्पन्न कर रहा है। संगठन के राष्ट्रीय अधारा डाक्टर अशोक अग्रवाल सम्पूर्ण देश में समाज हित में काम कर संगठन को मजबूरी प्रदान कर रहे है। उत्तर प्रदेश के डॉक्टर अजय गुप्ता वर्षों से संगठन में बड़ी निष्ठा एवं लगन के साथ कार्य कर रहे हैं।



डॉक्टर गुप्ता का कई प्रदेशों में अच्छा प्रभाव है। इनकी क्षमता को देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर अशोक अग्रवाल ने इन्हें उत्तराखंड, झारखंड बिहार, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, हरियाणा, छत्तीसगढ़ का प्रभारी एवं राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री नियुक्त किया है। जिससे वैश्य समाज में हर्ष की लहर दौड़ गई है। राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री शिव कुमार सोनी की अध्यक्षता में महोबा जनपद की बैठक आयोजित की गई, जिसमें उन्होंने कहा कि डॉक्टर अजय गुप्ता समाजसेवी, गौ सेवक और संगठन के प्रति निष्ठावान व्यक्ति हैं। तथा उनके द्वारा संगठन के लिए कई उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। डॉक्टर अजय गुप्ता को महत्वपूर्ण पद दिए जाने पर जिलाध्यक्ष डॉक्टर अजय बरसैंया, युवा जिलाध्यक्ष अमित सोनी, महिला जिलाध्यक्ष डॉक्टर विभा पुरवार, संरक्षक विनोद पुरवार, महामंत्री शशिकांत सोनी, उपाध्यक्ष विनोद चौरसिया व डॉक्टर रामसेवक चौरसिया, महिला जिला प्रभारी अंशु गुप्ता, महामंत्री सीमा पाटकार, लक्ष्मी शिवहरे, विमलेश सोनी, भारती गुप्ता, उपाध्यक्ष जितेंद्र गजया, अमित साहू, नगर अध्यक्ष हर्षित गुप्ता, अनुज सोनी, देवेंद्र सोनी सहित वैश्य समाज के लोगों ने बधाई देकर खुशी का इजहार किया।

## खबरें एक नजर में

### बॉलीवुड गायक बीप्राक का कार्यक्रम कल

**इटावा।** नुमाइश में कल 6 जनवरी शनिवार की शाम को बॉलीवुड गायक बीप्राक का लाइव कॉन्सर्ट/कार्यक्रम होगा इटावा नुमाइश का अभी तक का सबसे बड़ा और शानदार कार्यक्रम इस मेगानाइट को होने जा रहा है। यह जानकारी कार्यक्रम के संयोजक डॉ.विवेक चेयरमैन एसएमजीआई ने गायक बीप्राक के आने की संस्तुति उनके द्वारा भेजे गये वीडियो को जारी करते हुये दी जिसमें वो इटावा महोत्सव में आमंत्रित करने के लिये जिलाधिकारी इटावा, जिला प्रशाशन और इटावा के सभी लोगों को धन्यवाद दे रहे हैं।

### प्रदर्शनी में मेरी माटी को वंदन शहीदों को नमन कार्यक्रम आज

**इटावा।** इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी के तत्वाधान में संस्कार भारती इकाई इटावा के संयोजन में माटी को वंदन शहीदों को नमन शीर्षक के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश सांस्कृतिक रंगारंग प्रस्तुति का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक अत्रि दीक्षित प्रांतीय सदस्य, प्रशांत दीक्षित सह सचिव एवं कार्यक्रम सहसंयोजक, सचिव कुलदीप अवस्थी,कोषाध्यक्ष इंद्र नारायण पांडेय एवं अध्यक्ष अश्वनी कुमार मिश्र ने बताया कि संस्कार भारती के संयोजन में मेरी माटी मेरा देश सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम के साथ 5 जनवरी शाम 6 बजे से प्रदर्शनी पंडाल का मंच सजेगा। विभिन्न सांस्कृतिक रंगारंग प्रस्तुतियों वाले कार्यक्रम का शुभारंभ उद्घाटन जिलाधिकारी अवनीश राय एवं उप जिलाधिकारी विक्रम सिंह राघव की विशेष प्रस्तुतियों के साथ किया जाएगा।

### अवधूत स्वामी कैलाशानंद की पुण्यतिथि पर हुआ भंडारा

**सुमेरपुर।** स्वामी रोटीराम महाराज की तपोस्थली मुमुक्ष आश्रम इंगोहटा में अवधूत स्वामी कैलाशानंद जी की तीसरी पुण्यतिथि अगाध आस्था के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कीर्तन भजन के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे साधु संतो के अलावा अन्य लोगो ने प्रसाद गृहण किया। आश्रम के पुजारी सन्त स्वामी निर्भय चेतन ने बताया कि स्वामी कैलाशानन्द वीतरागी, अवधूत और तपस्वी सन्त थे। वे भक्तों का अभिवादन दूर से ही स्वीकार करते थे और सत्संग के जरिए जीवन की सच्ची राह दिखाते थे। ब्रह्मलीन होने के बाद यहां के भक्त उनकी पुण्य तिथि मनाकर प्रतिवर्ष आस्था जताते हैं।

### पूर्व सभासद गांजे के साथ गिरफ्तार

**सुमेरपुर,हमीरपुर।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कस्बे में गांजा सप्लाई करने आ रहे मौदहा के पूर्व सभासद और उसकी सहयोगी महिला को इंगोहटा के समीप से हाईवे में गिरफ्तार करके 5 किलो 700 ग्राम सूखा गांजा बरामद किया है चर्चा है कि यह लोग छत्तीसगढ़ से गांजा लाकर जिले में सप्लाई करते हैं। इंगोहटा पुलिस चौकी इंचार्ज शिवम पांडे ने मुखबिर की सूचना पर कस्बे में गांजा सप्लाई करने आ रहे मौदहा के इलाही तालाब निवासी पूर्व सभासद मोइन खान व उसकी सहयोगी महिला नइमा परवीन निवासी साजन तालाब मौदहा को गिरफ्तार करके उनके पास से 5 किलो 700 ग्राम सूखा गांजा बरामद कर न्यायालय भेजा है जहां से दोनों को जेल भेजा गया है। चर्चा है कि यह लोग छत्तीसगढ़ से गांजा लाकर जनपद में सप्लाई करते हैं। गिरफ्तारी के दौरान इंगोहटा पुलिस चौकी इंचार्ज शिवम पांडे के साथ हेड कांस्टेबल फूलचंद, कांस्टेबिल शुभम, महिला आरक्षी मंजू देवी मौजूद रहे।

# इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सकों ने मनाया अधिकारिता दिवस

**हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**



इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सकों को प्रदेश में इलेक्ट्रो होम्योपैथी विधा से चिकित्सा व्यवसाय करने का पूर्ण अधिकार है। यह अधिकार उत्तर प्रदेश शासन के चिकित्सा अनुभाग-6 द्वारा दिनांक 04 जनवरी 2012 को बोर्ड आफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसन उ0प्र0 के नाम शासनादेश जारी कर प्रदान किया गया था।

इसी अवसर को मनाने के लिये प्रति वर्ष इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सकों द्वारा यह दिन अधिकारिता दिवस के रूप में मनाये जाने की परम्परा आज भी है। भारत सरकार द्वारा इलेक्ट्रो होम्योपैथी के लिये जारी आदेश का क्रियान्वयन व अनुपालन राज्य सरकारों द्वारा प्रभावी ढंग से किया जाये व अन्य मान्यता प्राप्त चिकित्सा पद्धितियों की भांति इस अधिकार प्राप्त चिकित्सा पद्धति को वह सारी सुविधायें उपलब्ध करायी जायें जो अभी तक प्राप्त नहीं है। भारत सरकार ने भी इलेक्ट्रो होम्योपैथी से चिकित्सा शिक्षा व अनुसंधान हेतु 21 जून 2011 को आदेश जारी किया था। पटकाना स्थित धर्मार्थ चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम का प्रारम्भ इलेक्ट्रो होम्योपैथी के आविष्कारक डॉ0 काउण्ट सीजर मैटी को दीप प्रज्ज्वलन कर स्मरण किया गया। तत्पश्चात इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल ऐसोसियेशन आफ इण्डिया के बुन्देलखण्ड प्रभारी डॉ0 नरेन्द्र भूषण निगम ने कहा कि आज का दिन हम सबके लिये गौरव का दिन है। उप्र शासन ने शासनादेश जारी कर इलेक्ट्रो होम्योपैथी के क्षेत्र में कार्य करने के लिये सारी बाधायें दूर करते हुये अधिकार प्रदान किया था।

अब आवश्यकता है कि हम अपने अधिकारों को समझें और पूर्ण रूपेण अधिकार के साथ कार्य करते हुये जनता की सेवा करें व जन स्वास्थ्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# वार्ड 21 में लाभार्थियों को बांटे उज्ज्वला योजना के गैस कनेक्शन

**हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**



शहर के वार्ड 21 के सभासद/जिला योजना समिति सदस्य बउवा ठाकुर ने शुभ भारत गैस एजेंसी के माध्यम से उज्ज्वला योजना के तहत महिला लाभार्थियों को निशुल्क गैस चूल्हा सिलेंडर वितरित किए गए। इस मौके पर सभासद ने कहा योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों को दिलाने का प्रयास जारी रहेगा। इसके माध्यम से उन सभी परिवारों को गैस कनेक्शन, सिलेंडर मुफ्त मिलेगा। जिनके राशन कार्ड में दर्ज सभी सदस्यों में किसी भी व्यक्ति के नाम गैस कनेक्शन नहीं होगा। इसके लिए राशन कार्ड में चढ़े हुए परिवार के सभी लोगों के आधार कार्ड की कॉपी, महिला मुखिया की दो फोटो, बैंक खाते की फोटो कॉपी, राशन कार्ड की फोटो कॉपी व मोबाइल नंबर देना होगा।

## युवक से मारपीट कर 20 हजार रुपये छीने

**हमीरपुर।** शहर के गौरादेवी मोहल्ले में एक दुकान से 20 हजार रुपये लेकर जा रहे अनुसूचित जाति के व्यक्ति को थाना सुमेरपुर के कुंडौरा गांव निवासी युवक ने बीच सड़क में रोक लिया। उसके साथ मारपीट कर जेब में पड़े रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। शहर के कजियाना मोहल्ला निवासी प्रेमचंद्र सोनकर ने दिए शिकायती पत्र में बताया कि इन दिनों वह टाकीज के निकट स्थित प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्रीवाल का निर्माण करा रहा है। इसी सिलसिले में बुधवार शाम करीब पांच बजे गौरा देवी मोहल्ला स्थित एक बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान पर गया था। दुकान से पेमेंट का हिसाब कर 20 हजार रुपये लेकर अपने घर जा रहा था। तभी अचानक मनीष सिंह निवासी कुंडौरा थाना सुमेरपुर उसे जाति सूचक शब्दों से गाली गलौज कर मारपीट करने लगा।

# गांजा तस्कर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सैफई के नेतृत्व में एसओजी/सर्विलान्स टीम एवं थाना वैदपुरा पुलिस टीम ने अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर कब्जे से 2 कुन्तल 16 किलोग्राम गांजा, परिवहन में प्रयुक्त 14 चक्का ट्रक, रैकी में प्रयुक्त एक्सयूवी 300 कार अनुमानित कुल कीमत 75,00,000 बरामद किया।

एसओजी/सर्विलान्स टीम एवं थाना वैदपुरा पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से थाना वैदपुरा क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील



जानकारी देते एसएसपी।

रहकर गस्त की जा रही थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि गाँजे से भरा हुआ ट्रक इटावा से होकर जनपद मैनपुरी की ओर जा रहा है एवं एक्सयूबी-300 कार द्वारा उस ट्रक की रैकी की जा रही है, सूचना पर तत्काल पुलिस टीमों द्वारा थाना वैदपुरा क्षेत्रान्तर्गत छिमारा रोड पर चैकिंग की जाने लगी, इसी दौरान आईटीआई की ओर से आ रही एक्सयूबी-300 कार एवं ट्रक को रोकने का इशारा किया तो गाड़ी चालक द्वारा गाड़ी को भगाने का प्रयास किया गया जिसे पुलिस टीमों द्वारा आवश्यक बल प्रयोग करके ट्रक

> 2 कुन्तल 16 किग्रा गांजा, परिवहन में प्रयुक्त 14 चक्का ट्रक, रैकी में प्रयुक्त एक्सयूवी 300 कार किया बरामद

एवं कार चालक सहित कुल 3 आरोपियों वीरेश पुत्र रामस्वरूप निवासी नगला सेवा बड़ा थाना निधौली जनपद एटा, सचिन पुत्र शिवनाथ निवासी बढेरा थाना कोतवाली देहात जनपद एटा, सौरभ उर्फ गौरव पुत्र वीरेश निवासी नगला सेवा बड़ा थाना निधौली जनपद एटा को सैफई रोड छिमारा पुल के पास से पकड़ लिया गया, ट्रक एवं एक्सयूबी कार के अन्दर से कुल 2 कुन्तल 16 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया।

# मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष ने अध्यक्ष पर लगाया घोटाले का आरोप

**हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**



सरीला तहसील क्षेत्र के भेड़ी डांडा गांव में मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष ने अध्यक्ष पर भगवान के घर में लाखों का घोटाला करने लाखों का घोटाला का आरोप लगाते हुए गुरुवार को जिलाधिकारी को पत्र सौंप मां महेश्वरी मंदिर की पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी गठित कराने की मांग की है। मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष संजय द्विवेदी ने पत्र सौंप बताया कि लगभग 17 से 18 वर्षों से वह कोषाध्यक्ष पद पर तैनात है। बताया कि समिति के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी ने वर्ष 2015 से मंदिर का कोई हिसाब नहीं दिया है, न ही मंदिर समिति के खाता में कोई पैसा जमा नहीं किया है। कहा कि अध्यक्ष से भगवान के घर का हिसाब मांगने पर अभद्रता का प्रयोग किया जाता है। कहा कि अध्यक्ष द्वारा दबँगई के बल पर मंदिर में अवैध तरीके से कब्जा कर लिया है।जबकि मंदिर में लगभग पच्चीस लाख प्रति वर्ष मंदिर की आय है। उन्होंने पत्र के माध्यम से मां महेश्वरी मंदिर की पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी गठित कराने की मांग की है।

## एसपी को पत्र सौंप लगाई न्याय की गुहार

**मौदहा।** सिसोलर थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला पड़ोसी युवक से मारपीट व अभद्रता से आहत होकर पुलिस क्षेत्रधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिसोलर थाना क्षेत्र के किशवाही गांव निवासी सोनिया पत्नी राजेश सिंह ने सी.ओ. के कार्यालय पहुंच तहरीर सौंपते हुए बताया कि उसी के गांव का पड़ोस में रहने वाला योगेंद्र यादव पुत्र राम किशोर यादव सब्जी बेचने का काम करता है। बाजार से सब्जी का काम निपटाने के बाद घर आ रहा था, तभी रास्ता सकरा होने के कारण उक्त युवक ने दिवार गिरा दी जब इस संबंध में आरोपी से शिकायत दर्ज कराई तो वह आग बबूला हो गया और मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने लगा जिसकी शिकायत बीते 31 दिसंबर को सिसोलर पुलिस से शिकायत की गई थी।

# अज्ञात ने मुर्गी फार्म मे लगाई आग, पॉलिथीन जलकर हुई खाक

**सरीला,हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

जरिया थाना क्षेत्र के सरीला कस्बे में अज्ञात लोगों ने मुर्गी फार्म में आग लगा दी। पीड़ित ने नाले के पानी से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है। पीड़ित ने पुलिस चौकी सरीला में प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। सरीला कस्बे के हटवारा मुहाल निवासी अजय कुमार बाल्मीकि ने गुरुवार को पुलिस चौकी में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि कस्बे के माँझखोर मुहाल मे हरदौल लाला स्थान के पास मुर्गी पालन का फार्म किये है। फार्म में चारों तरफ लोहे की जाली व हरीमेट तथा पॉलिथीन लगी थी। पीड़ित का आरोप है कि बुधवार देर शाम अज्ञात लोगों ने मुर्गी फार्म मे आग लगा दी। तभी मुहालवासियों ने सूचना दी। सूचना पर वहाँ पहुँचा तो आग लगी थी। वही स्थित नाले के पानी से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। तब तक मुर्गी फार्म मे लगी हरीमेट व पॉलिथीन जलकर खाक हो गई। मुर्गियां बाल बाल बच गई। पीड़ित ने जाँच कर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस चौकी प्रभारी दिनेश प्रसाद मौर्या ने बताया कि सूचना मिली है लेकिन कोई हताहत नहीं हुई है। पॉलिथीन जल गई है। मामले की जाँच की जा रही है।

**जांच-पड़ताल** | पुलिस रात्रि गश्त पर संदिग्ध वाहनों की कर रही थी चेकिंग

# पुलिस ने चोरी की बाइकों सहित दो वाहन चोरों को किया गिरफ्तार

**इटावा। समृद्धि न्यूज**



पुलिस ने नये वर्ष की शुरुआत में सराहनीय कार्य करते हुए दो वाहन चोरों को चोरी की चार मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है, जबकि एक वाहन चोर भाग जाने में सफल रहा है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी जसवंत नगर सर्किल अतुल प्रधान के निर्देशन में जसवंत नगर पुलिस ने काफी समय से चोरी के धंधे में लगे दो वाहन चोरों को पड़ोसी जनपदों से चोरी की गई चार बायकों सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। विवरण के अनुसार पुलिस रात्रि गश्त पर थी और संदिग्ध वाहनों की चेकिंग भी कर रही थी इस समय पुलिस ने दो बाइक सवारों को रोक कर उनसे उनकी बाइकों के कागजात दिखाने के लिए कहा तो वे उन्हें नहीं दिखा सके।

उन्होंने इस दौरान स्वीकार किया कि उक्त वाहन चोरी के हैं पुलिस की कड़ाई से की पूछताछ में उन्होंने कुल चार बाइक पुलिस को बरामद करा दी। गिरफ्तार व्यक्तियों ने पुलिस को जानकारी दी कि वह अपने एक अन्य साथी की मदद से काफी समय से वाहनों की चोरी का धंधा कर रहे थे गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों ने अपने नाम दिनेश यादव पुत्र स्वर्गीय रामेश्वर दयाल निवासी ग्राम बघुईया थाना सैफई तथा जितेंद्र कुमार उर्फ बीटू पुत्र श्री बृजेश कुमार निवासी ग्राम नगला डंबर थाना जसवंत नगर जनपद इटावा बताया। पुलिस ने उनके कब्जे से तीन अदद फर्जी नंबर प्लेट तथा हीरो स्प्लेंडर बाइक नंबर यू पी 83 ए जेड 1266 , हीरो एचएफ डीलक्स नंबर अप 82 ए एच 4803, हीरो होंडा स्प्लेंडर नंबर यू पी 83 डी 9504 तथा हीरो होंडा पैशन नंबर एच आर 01 ए जी 7767 बाइक बरामद की हैं। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे के अनुसार इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है तथा एक व्यक्ति इस मामले में फरार है तथा पुलिस उसकी तलाश कर रही है। थाना जसवंत नगर में इस घटना को लेकर धारा 411, 417, 467, 468 एवं 471 भारतीय दंड विधान के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# रामधुन के साथ हिंदूवादी संगठन घर-घर दे रहे अयोध्या चलने का आमंत्रण

कोंच(जालौन)। समृद्धि न्यूज



**22 जनवरी** को दीपावली मनाने में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उसके अनुषांगिक संगठनों से जुड़े लोगों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है और घर घर जाकर लोगों को इसके लिए बाकायदा आमंत्रण दे रहे हैं कि जिस घड़ी भगवान रामलला गर्भगृह में विराजमान होने वाले हैं उस घड़ी का आनंद सभी को अपने घरों में दीपक जलाकर दीपावली मनाना है। ऐसे में उनका आह्वान है, पहले समर्पण लेने आए थे, अब आमंत्रण देने आए हैं।

श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में गर्भगृह में 22 जनवरी 2024 को भगवान रामलला विराजेंगे, इसे लेकर गुरुवार को संघ, विहिप और बजरंग दल से जुड़े लोगों के अलावा भाजपाइयों ने भी कस्बे की केशव बस्ती में घर-घर आमंत्रण पत्र देते हुए आगामी 22 जनवरी को हर घर में दीप जलाना है एवं बस्ती को राम मय बनाना है। उन्होंने यह भी आग्रह किया 22 जनवरी के पश्चात सपरिवार अयोध्या धाम पहुंचकर भगवान रामलला के दर्शन जरूर करना है। इस दौरान संघ के नगर कार्यवाह ऋषभ गिरवासिया, प्रवीण सिंघल, बस्ती संयोजक विनय अग्रवाल, संजीव कुमार गर्ग, भाजपा जिला मंत्री अंजू अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, अवनीत गुर्जर, प्रभंजन गर्ग, विकास पटेल धनौरा, गोपाल गुप्ता, सुरेंद्र पाल, अशोक गुप्ता, विकास पटेल पड़री, ओम प्रकाश कुशवाहा, महेंद्र सोनी, बादाम सिंह कुशवाहा, रविकांत कुशवाहा, अजय कुशवाहा छोटू, अनिल वर्मा, शैलेंद्र अग्रवाल, रामजी भदौरिया, हरिसिंह राठौर, गौरव वर्मा आदि उपस्थित रहे। उधर, अयोध्या से आए पूजित अक्षत, चित्र एवं आमंत्रण के साथ एक अलग टोली ने श्रीराम बस्ती में घर घर जाकर आमंत्रण दिया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, दिनेश नामदेव, मनीष नगरिया, बाबूराम पाल, सभासद प्रतिनिधि गौरव तिवारी, मुकेश अग्रवाल, मनोज सेठ, मनीष अग्रवाल मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार बाइक कंटीले तारों में उलझने से युवक की मौत

**जालौन (उरई)।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के सर्विस रोड से होकर घर जा रहे युवक की बाइक दुर्घटनाग्रस्त हुई। हादसे में बाइक सवार की मौत हुई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम औरेखी निवासी चंद्रभान (40) पुत्र राधेरमन किसी काम के चलते बुधवार को माधौगढ़ गया था। रात में वापस लौटते समय वह बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के सर्विस रोड पर जब वह बाइक लेकर पहुंचा तो किमी संख्या 206 पर मोड़ पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर कंटीले तारों में उलझ गई और वह बाइक समेत सड़क पर गिर गया और उसकी मौत हो गई। देर रात तक जब वह घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने तलाश शुरू की। लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। सुबह जब कुछ लोग वहां से निकले तो उन्होंने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सीओ रामसिंह, कोतवाल विमलेश कुमार मौके पर पहुंच गए। पुलिस को मृतक का ऊनी कैप तारों में उलझा मिला। साथ ही वहां पड़े बोल्डरों के पास क्षतिग्रस्त बाइक मिली।

# ग्रामपंचायत चाउर खाता में समाजसेवी ललिता सिंह ने अलाव न जलने पर जताया नाराजगी

- अलाव पर स्थानीय ग्रामीणों से भाजपा समाज सेवी ने की कई विषयों पर चर्चा

बलरामपुर। समृद्धि न्यूज



भीषण ठंड और घने कोहरे को लेकर जहां मौसम विभाग लगातार ठंड से बचाव कर घरों में रहने और आवश्यक कार्य होने पर ही आमजनता को घरों से बाहर निकलने की चेतावनी दे रहा है और इस बात को लेकर जिला प्रशासन भी लोगों को लगातार जागृत कर रहा है कि ठंड से बचाव का प्रयास किया जाए और जब तक कोई आवश्यक कार्य न हो जनता घर से बाहर न निकले । लेकिन इसी क्रम में बात करना चाहेंगे इस भीषण ठंड में अलाव व्यवस्था की जिसको लेकर सिर्फ कागजो में ही मौसम गुलाबी है और धरातल की तस्वीर में सच जो नजर आता है कि अलाव व्यवस्था शून्य है । जबकि आलाव से स्थानीय ग्रामीण और शहर क्षेत्र के लोगों व राहगीरों को काफी राहत मिलती है लेकिन देखा यह जा रहा है कि अक्सर नगर पंचायतो और ग्राम सभा में अलाव व्यवस्था के नाम पर सिर्फ कागजी खानापूर्ति की जाती है और अलाव में मिलने वाले धन का पता तक नही चलता। में इलाहाबाद व्यवस्था कम रहती है बाकी धरातल पर सब कुछ शून्य नजर आता है जबकि इस भीषण ठंड में अलाव संजीवनी का काम करता है जिसको लेकर समाजसेवी ललित सिंह ने चाउर खाता ग्राम पंचायत पहुंचने पर नाराजगी जताई और तत्काल वहां अलाव जलवाया और अलाव पर बैठकर स्थानीय ग्रामीणों से भारतीय जनता पार्टी के कई विषयों को लेकर चर्चा की है। चाउर खाता ग्राम पंचायत में अलाव व्यवस्था न होने पर उन्होंने स्थानीय जिम्मेदारी को भी आलाव जलाने का निर्देश दिया है। कि गाव में अलाव व्यवस्था करवाया जाए जिससे ग्रामीणों और राहगीरों को ठंड में राहत मिल सके। जिसको लेकर स्थानीय ग्रामीण में ललित सिंह की काफी प्रशंसा भी हो रही वही उनके प्रति काफी उत्साह भी देखने को मिला है ।

# डीएम ने राजनैतिक दलों के साथ किये ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण



बलरामपुर। समृद्धि न्यूज

- वेयरहाउस में सीसीटीवी कंट्रोल रूम सहित साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था का डीएम ने लिया जायजा

डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह द्वारा ईवीएम एवं वीवीपैट का त्रैमासिक निरीक्षण राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस में ईवीएम एवं वीवीपैट सुव्यवस्थित ढंग से रखा हुआ पाया गया। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा ईवीएम एवं वीवीपैट के रखरखाव पर संतोषव्यक्त किया गया। इस अवसर पर डीएम द्वारा सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। सभी सीसीटीवी कैमरा संचालित पाया गया। इस दौरान उन्होंने साफसफाई,सुरक्षा व्यवस्था आदि का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## बस यूनियन के तानाशाही से यात्री रहे परेशान

**कोन ।** कोन तेललगुड़वा मार्ग से होते हुए विण्ढमगंज बाया दुद्धी मुर्धवा को जाने वाली समस्त निजी बस हड़ताल पर अड़े रहे बस यूनियन अध्यक्ष नंदकिशोर जायसवाल ने बताया कि कोन से पांच ऐसे निजी बस हैजिनकी पूरा फिटनेस भी नहीं है फिर भी दबंगई के . बदौलत रावर्सगंज ओबरा सहित वाराणसी तक विन्दास चल रही है हम लोग भी गाड़ी किस्त रोड़ परमीट देते हैं ।हम लोगों की गाड़ी एक दिन चलती है और एक दिन नहीं चलती है कारण यह है कि अत्यधिक बस होने के कारण हम लोगों का नंबर नहीं मिल पाता है फिर भी हम लोग संतोष बस इस नंबर पर गुर्जर बरस कर रहे हैं हम लोगों ने विभाग को कई बार प्रार्थना पत्र दिया कि ऐसे दबंग बस मालिक के प्रति कानूनी कार्यवाही किया जाए लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई जिसकी मद्देनजर रखते हुए हम समस्त बस यूनियन ने हड़ताल रखा है कि जब तक इस मामले का निस्ता .रण न हो जाए तब तक हम लोग हड़ताल पर अड़े रहेंगे ।

# उपजिलाधिकारी व जिलापूर्ति अधिकारी ने पेट्रोल पम्प का किया निरीक्षण



बलरामपुर। समृद्धि न्यूज

2 फरवरी को ट्रक ऑपरेटर के आंदोलन को लेकर नगर के कई पेट्रोल पम्प संचालको ने पेट्रोल और डीजल की बिक्री पर रोक लगा दिया था जिससे लोगो की मुश्किलें बढ़ गयी उपजिलाधिकारी राजेन्द्र बहादुर सिंह ने जिला पूर्ति अधिकारी के साथ छापेमारी करते हुए उनके पेट्रोल पम्प पर मौजूद डीजल और पेट्रोल की गहनता से जांच करते हुए पेट्रोल पंप को संचालित करने का निर्देश दिया।

# खबरें एक नजर में

## धनौरा गांव निवासिनी सुजाता जायसवाल का इंटरमीडिएट कालेज में प्रवक्ता हिंदी के पद पर हुआ चयन



**दुद्धी सोनभद्र ।** जब लगन मेहनत पर भरोसा होता है तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होता। ऊक्त लाइन एक विवाहिता महिला पर परफेक्ट बैठता है।बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित शिक्षक भर्ती परीक्षा में इंटरमीडिएट कालेज में प्रवक्ता हिन्दी के पद पर दुद्धी नगर के धनौरा गांव निवासिनी सुजाता जायसवाल पत्नी विष्णु जायसवाल का चयन होने से परिजनों में हर्ष का माहौल है। बता दे की सुजाता जायसवाल ने एक पत्नी व एक बच्चे की माँ के साथ एक बहु की पूरी जिम्मेदारियों को निभाते हुए कड़ी मेहनत व कठिन संघर्षों के बाद इस सफलता को अर्जित किया है। सुजाता जायसवाल ने शादी के बाद भी तमाम जिम्मेदारियों को निभाते हुए निरंतर प्रयास करती रही और आखिरकार उनका चयन इंटरमीडिएट कालेज में हिंदी के प्रवक्ता पद पर होने से परिजनों सहित शुभचिंतकों व ग्रामीणों में खुशी खुशी का माहौल है। सुजाता जायसवाल ने स्नातक की पढ़ाई के बाद बीएड व बीटीसी की डिग्री हासिल करते हुए सीटीईटी करने के बाद बिहार लोक सेवा आयोग में शिक्षक भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन किया था। सुजाता जायसवाल ने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों, अपने पति व सास- ससुर व अपने माता पिता को दिया है।

## नवीन मंडी स्थल का निर्माण कराना जनहित में आवश्यक

**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला तहसील क्षेत्र में सब्जी मंडी स्थल निर्माण की मांग जोर पकड़ने लगी है। सब्जी मंडी के आढ़तियों ने सब्जी मंडी नही तो वोट नही का बोर्ड लगाकर विरोध जताया है। वही सब्जी मंडी निर्माण की मांग को लेकर उतरौला विकास मंच अध्यक्ष आदिल हुसैन ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी बलरामपुर अरविन्द सिंह को सौंपा। दिए गए पत्र में कहा है कि क्षेत्र में नवीन सब्जी मंडी निर्माण की मांग पिछले 15वर्षों से की जा रही है लेकिन अभी तक इस संबंध में कोई कार्यवाही नही की गई।सब्जी मंडी न होने से सब्जी व फल के थोक व्यवसाई विशाल टाकीज के पास गोंडा मोड़ पर प्राइवेट दुकानों में किराये पर लेकर सब्जी का कारोबार कर रहे हैं जिसके चलते सुबह 7बजे से 11बजे तक जाम की स्थित बनी रहती है। यही हाल राजकीय बालिका इंटर कालेज के आस पास व हाटन रोड तथा श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे की है।फल व सब्जी के थोक विक्रेताओं का लाइसेंस बना हुआ है इस क्षेत्र में सब्जी व फल की अधिक खपत होने के कारण बाहर से भी काफी तादाद में आवक रहती है।मंडी समिति उतरौला के अधीनस्थ अधिकारी ,कर्मचारी अथवा पूर्व में उप जिलाधिकारी द्वारा नवीन मंडी निर्माण हेतु प्रयास कर तत्कालीन एडीएम बलरामपुर को फाइल भेजी गई थी,जो किन्हीं कारणों से वह फाइल ठंडे बस्ते में डाल दी गई।उतरौला क्षेत्र में सब्जी व फल व्यवसायी नवीन मंडी के लिए तरस रहे हैं।हालत यह है कि मंडी समिति कार्यालय कई वर्षों से किराये के भवन में चल रहा है सब्जी मंडी का निर्माण हो जाने से उतरौला तहसील क्षेत्र के रेहरा बाजार,सादुल्लाह नगर,महुवा बाजार ,महदेइया बाजार,हाशिमपारा,श्रीदत्तगंज, आदि क्षेत्र सीधे तौर पर उतरौला के मंडियों से जुड़ जाएगें जिससे क्षेत्र के सब्जी व फल व्यापारियों के समस्या ओं का समाधान पूर्ण रूप से हो जाएगा। श्री हुसैन ने आग्रह करते हुए कहा है कि व्यापारियों की समस्याओं को देखते हुए क्षेत्र में भूमि चिन्हित कराकर नवीन मंडी स्थल का निर्माण कराना जनहित में आवश्यक है।

## बगैर लाइसेंस के बेखौफ चल रहे मेडिकल स्टोर

**श्रीदत्तगंज (बलरामपुर)।** मेडिकल स्टोरों पर प्राइमरी पास लोग मरीजों को गंभीर से गंभीर रोगों की दवा दे रहे हैं। एक दो नहीं बल्कि क्षेत्र के तमाम मेडकिल स्टोर ऐसे हैं जिनका नियम कानून से कोई वास्ता नहीं है। फिर भी धड़ल्ले से चल रहे हैं। इन मेडिकल स्टोर संचालकों के खिलाफ कभी कार्रवाई नहीं होती है। महदेईया बाजार क्षेत्र में दर्जनों मेडिकल स्टोर बाजार से लेकर गांव तक खुले हैं। नियम है कि फार्मासिस्ट का होना जरूरी है। खरीद बिल, शिड्यूल एच-वन की दवाओं का रखरखाव बेहतर हो, उनका रिकार्ड होना चाहिए। कैश मेमो जरूर दें। लेकिन इन नियमों का पालन नही किया जा रहा। ज्यादातर मेडिकल स्टोर बिना फार्मासिस्ट के ही चलते हैं। संचालक प्राइमरी पास युवकों को अपने-अपने मेडिकल स्टोरों पर रखे हुए हैं। जो गंभीर से गंभीर मरीजों को इलाज के नाम पर दवाएं दे देते हैं। कई मेडिकल स्टोर तो ऐसे है जो एक ही लाइसेंस पर कई मेडिकल स्टोर संचालित कर रहे है। कुछ मेडिकल स्टोर व्होलेसेल के लाइसेंस पर धड़ल्ले से चल रहे है। तमाम कमियां होने के बाद भी विभाग कार्रवाई के नाम पर औपचारिकता निभाता है। जब कभी कार्रवाई की भी बारी आती तो उसमें भी विभाग की मनमानी सामने आती है। जिससे आम लोगों के जीवन से खिलवाड़ हो रहा है।

## प्रमुख क्षेत्र पंचायत करमा के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव निरस्त

**करमा,सोनभद्र।** प्रमुख क्षेत्र पंचायत करमा के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव के सम्बंध में उच्च न्यायालय इलाहाबाद में योजित रिट याचिका संख्या सी035445/2023 मुन्नी देवी बनाम उत्तर प्रदेश सरकार व दो अन्य में उच्च न्यायालय के आदेश संख्या3157के संदर्भ के अनुक्रम में विकास खण्ड करमा के क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा सीमा देवी प्रमुख क्षेत्र पंचायत करमा के विरुद्ध प्रस्तुत अविश्वास प्रस्ताव में नामित अधिकारी प्रमोद कुमार तिवारी डिप्टी कलेक्टर मुख्यालय/पीठासीन अधिकारी पंचायत करमा के उपस्थित में गुरुवार को पूर्व सूचना अनुसार समय11बजे पूर्वहन सभागार में की गई जिसमें75 क्षेत्र पंचायत सदस्य के सापेक्ष28 क्षेत्र पंचायत सदस्य 11¬40बजे तक उपस्थित रहे।अंतिम घोषित समयावधि तक कुल क्षेत्र पंचायत की संख्या28रही। उत्तर प्रदेश( क्षेत्र पंचायत )कार्यवाही के नियमावली1962 के बिंदु09के अनुसार क्षेत्र पंचायत के कुल सदस्यों की संख्या आधे से कम सदस्य उपस्थित में कोरम पूरा न होने के कारण अविश्वास प्रस्ताव की बैठक निरस्त कर घोषणा की गई।जिसकी वीडियो ग्राफी भी कराई गई।

# तकनीकी उपकरण न होने से दो वर्षों से किसानों के खेतों का मिट्टी परीक्षण बंद



**उतरौला (बलरामपुर)।** उपसम्भागीय कृषि कार्यालय उतरौला में तकनीकी उपकरण न होने से दो वर्षों से किसानों के खेतों का मिट्टी परीक्षण बंद पड़ा है। मिट्टी परीक्षण बंद होने से तहसील उतरौला क्षेत्र के किसानों की मिट्टी जिला मुख्यालय पर भेजी जाती है। जिला मुख्यालय पर मिट्टी परीक्षण की रिपोर्ट महीनों बाद मिलने से किसानों के उपयोगिता में नहीं रह जाती है। शासन ने किसानों को खेती में अच्छी पैदावार को लेकर सुविधाएं दिलाने के लिए तहसील स्तर पर उपसम्भागीय कृषि कार्यालय उतरौला में स्थापित किया है। इसमें किसानों के खेतों की मिट्टी परीक्षण, खेती करने के आधुनिक तरीकों व उनके प्रशिक्षण की व्यवस्था रहती है लेकिन कार्यालय का भवन जर्जर होने से इस कार्यालय में वर्षों से किसानों का प्रशिक्षण व गोष्ठी कृषि विभाग ने नहीं कराई गई है।

# संयुक्त टीम की छापेमारी से खाद विक्रेता दुकानों के शटर बंद कर भागे

जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज



**नगर में** संचालित खाद की दुकानों पर उप निदेशक कृषि व एसडीएम की संयुक्त टीम ने औचक निरीक्षण किया। टीम ने निरीक्षण के दौरान तीन दुकानों से खाद के नमूने लिए हैं। वहीं, टीम के आने की खबर लगते ही खाद की अन्य दुकानों की शटर बंद हो गई।

एसडीएम सुशील कुमार सिंह व उप निदेशक कृषि सुशील कुमार की टीम ने नगर में संचालित खाद की दुकानों पर छापामारी की। टीम ने सबसे पहले बंगरा मार्ग कृषि उत्पादन मंडी समिति के सामने संचालित खाद की दुकान पर छापामारी की। इस दौरान खाद की उपलब्धता देखी गई और स्टाक रजिस्टर से उसका मिलान किया गया। निरीक्षण के दौरान सब कुछ ठीक मिला। मौके पर मिले किसानों से खाद की बोरी की कीमत पूछी तो सही मिली। टीम ने किसानों को असली खाद मिल रही या नहीं, यह जानने के लिए खाद का नमूना भरा। इसके बाद टीम ने वहीं पास में स्थित दो और दुकानों का निरीक्षण कर खाद का नमूना भरा। उधर, नगर में टीम के आने की खबर लगते ही खाद की अन्य दुकानों की शटर बंद हो गई। दुकानों में ताला डलने के कारण अन्य दुकानों की जांच नहीं हो सकी। उप कृषि निदेशक सुशील कुमार ने बताया की खाद की दुकानों से खाद के नमूने भरे गए हैं और जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नगर में बनेंगे पांच ओपेन जिम, रोड लाइट भी लगेंगे

**सोनभद्र।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पालिका परिषद सोनभद्र में नए विकास के रास्ते खुले हैं। नगर में ओपेन जिम के साथ ही रोड लाइट लगाने के साथ अन्य कार्य कराए जाएगें। इसके लिए नगर पालिका प्रशासन को धनराशि अवमुक्त हो गई है। जल्द ही काम शुरू होगा। बृहस्पतिवार को मीडिया से मुखातिब होते हुए उक्त जानकारी नगर पालिका परिषद चेयरमैन रबी प्रसाद ने दी। बताया कि केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी से मुलाकात करके नगर के विकास में सहयोग मांगी थी। इस पर केंद्रीय मंत्री ने सीएसआर मद से एक करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इससे नगर में पांच स्थानों पर ओपेन जिम स्थापित कराया जाएगा। नगर स्थित रामसरोवर तालाब के भींटे पर, डायट परिसर के पास, पुसौली मोहाल स्थित तालाब पर, शिवाजी स्टेडियम सहित पांच स्थान पर ओपेन जिम लगेगा। बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय आदर्श योजना के तहत नगर में रोड लाइट और इंटरलॉकिंग का काम कराया जाएगा।

# डीएम ने स्वीप योजनांतर्गत मतदाता साक्षरता गतिविधियों के संचालन करने के दिए निर्देश

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

**जनपद में** मतदान प्रतिशत को बढ़ाने की कवायत को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय गंभीर सभी संबंधित अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर स्वयं सहायता समूह एवं समाज के अन्य संगठनों की सहभागिता बढ़ाए जाने पर दिया जोर, स्वीप योजना के अंतर्गत मतदाता साक्षरता गतिविधियों के संचालन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने आगामी राष्ट्रीय मतदाता दिवस के आयोजन, इलेक्ट्रोल लिटरेसी क्लब द्वारा संचालित गतिविधियों, स्वीप के अंतर्गत संचालित गतिविधियों, प्रचार प्रसार से संबंधित योजना के क्रियान्वयन पर संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। जनपद के मुख्य आयोजन स्थल पर विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे रंगोली, मेहंदी, पोस्टर, चित्रकला प्रतियोगिता नुक्कड़ नाटक, गीत वाद, भाषण प्रतियोगिता, मतदीप दीप जलाओ मतदान बढ़ाओ, टेम्पो, ई रिक्शा मतदाता जागरूकता रैली, मतदाता जागरूकता कोर्नर समाचार पत्रों में प्रकाशित एक नया स्लोगन प्रतिदिन, स्टांप मोहर भूल मत जाना मतदान अवश्य करना, मतदाता जागरूकता होर्डिंग अभियान, महिला मतदाता जागरूकता अभियान, मानव श्रृंखला चेन आदि के साथ सेल्फी प्वाइंट विशेष रूप से बनाने का भी निर्देश दिए। सभी सोशल मीडिया हैंडल्स के माध्यम से मैं हूं न का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि टाउन हॉल पर 51 हजार मतदीप जलाए जाएंगे, इसी प्रकार सभी तहसीलों में 11-11 हजार दीप जलाए जाएंगे। मतदीप जलाओ और मतदान बढ़ाओ, एक मत द्वीप राष्ट्र के निर्माण के नाम। उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण 2024 में 18 वर्ष के पहली बार बने नए मतदाताओं को, दिव्यांगजन, थर्ड जेंडर तथा 80 से अधिक उम्र वाले मतदाताओं को जनपद स्तर पर बैच लगाकर तथा युवा मतदाताओं को मतदाता फोटो पहचान पत्र देकर सम्मानित किया जाए। जनपद स्तरीय नामित आइकॉन के माध्यम से मतदाताओं के लिए मैसेज प्रसारित कराया जाए। स्कूल व कॉलेज व अन्य शैक्षणिक संस्थानों में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित कर विजेताओं को सम्मानित किया जाए, जनपद स्तर पर बैनर होर्डिंग पोस्टर पम्पलेट आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रचार कराया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में बूथवार डाटा एनालिसिस करते हुए मतदान प्रतिशत से कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों में कारण का पता करके टारगेट स्वीप एक्शन प्लान कर स्वीप कार्यक्रम कराया जाए। स्वीप कार्यक्रम एवं मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान अंतिम चरण पर है, इसलिए सभी उप जिलाधिकारी, निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी है वह परिवार के सभी सदस्यों का नाम एक ही स्थान पर होने सभी विशिष्ट जनों का नाम मतदाता सूची में नाम अंकित होने एवं कंट्रोल टेबल जिसमें भाग संख्या मोहल्ला आदि का विवरण शुद्ध रहे को देख लें और शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें। युवाओं, महिलाओं, दिव्यांगजनों एवं थर्ड जेंडर के लिए आधिकारिक भागीदारी सुनिश्चित करनी है। इसलिए 7 जनवरी तक उनके नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करना सुनिश्चित किया जाए।

# मातृ शक्ति के रामोत्सव समारोह में सभागार हुआ राम मय

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

**भारत विकास** परिषद मुख्य शाखा उरई द्वारा आमसभा की मीटिंग में हमारे क्षेत्रीय सचिव सम्पर्क इं. अजय इटोरिया को सह नगर संचालक का दायित्व मिलने पर परिषद सदस्यों ने बधाई देते कहा कि राम जन्म भूमि मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समिति के प्रत्येक दिन, सभी कार्यक्रमों में सपरिवार सहभागिता करेंगे। साथ ही अपने-अपने मुहल्ले के मंदिरों में सफाई करने का कार्य करेंगे।

कार्यक्रम में उपस्थित नगर प्रचारक सचिन को परिषद परिवार द्वारा शाल भेंट कर सम्मान किया गया, इसके उपरान्त परिषद परिवार द्वारा धूम धाम से राम उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें परिषद परिवार के सदस्यों, मातृ शक्ति एवं बच्चों द्वारा प्रभु राम को समर्पित गीत, भजन, एवं नृत्य नाटिका का की प्रस्तुति की गई, मंडपम सभागार राम मय हो गया लग रहा था मर्यादा पुरषोत्तम राजा राम अयोध्या में लंका विजय के बाद लौटे हो। इस कार्यक्रम के संयोजन एवं संयोजक राघवेन्द्र कनकने ने संक्षिप्त में राम मंदिर निर्माण से संबंधित जानकारी दी एवं कार्यक्रम का सफल संचालन कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में लगभग 200 लोगों ने सहभागिता की। मातृ शक्ति ने अंत में राम की आरती की सचिव प्रवीण गुप्ता ने उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया। आज मुख्य रुप से जीवनराम गुप्ता, हरीमोहन पुरवार, रवि इटौदया राजेश चन्द्र गुप्त, अजय महतेले, शिव शंकर रावत, गोपाल कृष्ण अवस्थी सहित सदस्य उपस्थित रहे।

# हिस्ट्रीशीटर का आलीशान बिल्डिंग प्रशासन ने बुलडोजर से गिराया

- उप जिलाधिकारी पुलिस क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में की गई कार्रवाई
- हिस्ट्रीशीटर के घर का सामान उसके रिश्तेदारों को सौंपा गया








**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**उप जिलाधिकारी** पुलिस क्षेत्र अधिकारी के नेतृत्व में अशोक यादव उर्फ मुनुआवयादव हिस्ट्रीशीटर के मकान को बुलडोजर से प्रशासन ने जमी डोज करवा दिया है सेंट सीटर के मकान पर आज प्रशासन ने बुलडोजर से डमी दोज किया गया।

सुबह 10ः00 बजे प्रशासन बुलडोजर लेकर हिस्ट्रीशीटर के मकान पर पहुंच गए थे 2 घंटे की मकसद में दो मंजिल मकान आलीशान बिल्डिंग प्रशासन द्वारा द्ध ॅ 1 चलवा कर डमी डोज कर दिया गया है बिशुनगढ़ थाना क्षेत्र गांव धरनीधीरपुर नगरिया गांव में 25 दिसंबर की हुई मुठभेड़ में सिपाही सचिन राठी शहीद हो गया था बाद में पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इस देर रात ऐसी हिस्ट्री सीटर अशोक कुमार उर्फ मानव यादव और उसके बेटे ना बालिक अभय और टिंकू यादव को गोली मार कर घायल कर उन दोनों को दबोच लिया था इसके साथ ही पत्नी पूर्व प्रधान श्यामा देवी को भी उसी दिन गिरफ्तार किया गया था इस कार्रवाई के बाद से लोगों ने यह कयास लगना शुरू कर दिए थे की देर सवेरे हिस्ट्रीशीटर के मकान को दोस्तीकरण की हो जाएगी प्रशासन द्वारा की जाएगी तमाम दाव पेज के बाद आखिरकार स्थानीय प्रशासन ने लंबी कवायत से के बाद हिस्ट्री सीटर के मकान के दोस्तीकरण का रास्ता निकल ही लिया जहां राजस्व विभाग ने उसे 3 जनवरी तक का नोटिस जारी किया था वही पुलिस प्रशासन ने भी हिस्ट्रीशीटर के मकान को अपराधी गतिविधियों के माहौल बताते हुए नोटिस जारी किया था 3 जनवरी का समय पूरा होते ही आज बृहस्पतिवार को छिबरामऊ बिशुनगढ़ गुरसहायगंज सकरवा के थाना अध्यक्ष की देखरेख में हिस्ट्रीशीटर अशोक कुमार यादव बा मुन्ना यादव के मकान को जमी डोज कर दिया गया प्रशासन ने यह कदम बहुत सही उठाया है जिससे अपराधियों के हौसले पसत पड़ जाएं कभी कोई भी अपराधी पुलिस प्रशासन पर कम ना उठा इससे यह मालूम हुआ है कि कभी भी किसी अपराधी के खिलाफ यह बड़ी कार्यवाही हो सकती है हिस्ट्रीशीटरके मकान को आपराधिक गतिविधियों के माकूल बताते हुए यह बुलडोजर से जमीडोज किया गया वही नहीं प्रशासन द्वारा हिस्ट्री सीटर के सारा समान उसके रिश्तेदारों के सुपुर्द कर दिया गया था बृहस्पतिवार को पुलिस प्रशासन सहित आलाअधिकारी छिबरामऊ प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रसाद सिंह बिशनगढ़ प्रभारी निरीक्षाक सौरिख थाना प्रभारी निरीक्ष क। गुरसहगंज प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा भारी पुलिस बल के साथ तहसीलदार भारत लाल मौर्य के साथ हिस्ट्रीशीटर के घर पहुंची वहां उसके घर को बुलडोजर से डोज जमीडोज कराया गया।

## घर में घुसकर युवक ने मोबाइल व पर्स की चोरी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** घर में घुसकर युवक ने कमरे में रखा मोबाइल फोन और पर्स चोरी कर लिया। जिसकी जानकारी होने पर पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी युवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला रामकृष्ण नगर निवासी कौशल कुमार उर्फ श्यामू तिवारी ने कोतवाली में दी गयी तहरीर में कहा है कि 03 जनवरी की शाम 07 बजे वह अपने घर पर परिवार के साथ मूंगफली खा रहा था। तभी उसके भाई का दोस्त रामकृष्ण नगर निवासी युवक उसके घर आया और पेशाब जाने के बहाने कमरे में घुसकर गया। जहां रखे दो मोबाइल और पर्स चोरी कर ले गया। जब उसे इस बात की जानकारी हुई तो उसने युवक के घर जाकर शिकायत की। तो युवक और उसके परिजनों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गए। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़ित के शिकायती पत्र पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## खबरें चलते-चलते

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**छिबरामऊ कन्नौज।** नगर के सौरिख तिराहे के पास देर रात तेज रफ्तार कार और बुलेट बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बुलेट सवार युवक की मौत हो गई। जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए कानपुर ले जाया गया है। मौके से कार को भगा देने को लेकर मृतक के परिजनों ने जमकर हंगामा किया। नगर के मोहल्ला इब्राहिमगंज निवासी प्रांजल अवस्थी (22) पुत्र सुनील अवस्थी अपने साथी मोहल्ला रामनगर निवासी सचिन गुप्ता पुत्र विनोद गुप्ता के साथ देर रात कहीं जन्मदिन पार्टी से वापस लौट रहे थे। जब वह नगर के सौरिख तिराहे पर पहुंचे तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार से उनकी भिड़ंत हो गई। हादसे में बुलेट सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए सौ शैय्या अस्पताल ले जाया गया। वहां प्रांजुल को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल सचिन को परिजन इलाज के लिए कानपुर ले गए। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। उधर घटना के बाद कार को मौके से भगा देने को लेकर मृतक के परिजनों ने सौ शैय्या अस्पताल में जमकर हंगामा किया।

### अलग-अलग स्थान पर चले लाठी-डंडे, दो घायल

गुरसहायगंज, कन्नौज। क्षेत्र के अलग-अलग स्थान पर मामूली विवाद को लेकर जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद अलग-अलग स्थानों से आई पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खांडेदेवर निवासी शबनम बेगम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि मोहल्ले के ही तीन लोगों ने 04 जनवरी की दोपहर 02 बजे उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज शुरू कर दी। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं क्षेत्र के ग्राम असौलिया निवासी रजनी देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि गांव के ही चार लोगों ने 03 जनवरी की शाम 08 बजे उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज शुरू कर दी। जब पीड़िता ने विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग स्थान से आई पीड़ितों के शिकायती पत्र पर आरोपितो के विरुद्ध मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

**जालौन (उरई)।** अतिरिक्त दहेज में दो लाख रुपये न मिलने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला। पीड़िता ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस ने आरोपी ससुरालियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोंच कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सुभाषनगर निवासी समीना पत्नी मोहम्मद राशिद ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2022 में उसकी शादी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दबगरान निवासी राशिद के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के साथ हुई थी। शादी में दिए गए दान दहेज से ससुराल के लोग संतुष्ट नहीं थे और वह उस पर लगातार अतिरिक्त दहेज के रूप में दो लाख रुपये लाने का दबाव बना रहे थे। शादी के बाद पिता की हैसियत नहीं थी कि वह अतिरिक्त दहेज में दो लाख रुपयों की मांग पूरा कर सकें। यह बात उसने ससुराल के लोगों को बताई तो उन्होंने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उसे आए दिन शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। उसके परिजनों ने कई बार समझाने की कोशिश की लेकिन उनकी आदतों में कोई सुधार नहीं हुआ। पीड़िता का आरोप है कि कुछ दिन पूर्व ससुरालियों ने दो लाख रुपये न देने पर उसका सारा स्त्रीधन छीनकर व मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया।

# धान खरीद पर फोकस करें, किसानों से अधिक से अधिक धान खरीद की जाए: जिलाधिकारी

- डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में हुई बैठक

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**



**जिलाधिकारी शुभ्रान्त** कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में सीएम डैशबोर्ड (दर्पण पोर्टल) पर विकास कार्यो के संबंध में बैठक हुई। बैठक में डीएम ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं एसबीएम (जी0) फेज-2 व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण किया जाये। गुरुवार को कलेक्टर सभागार में आयोजित बैठक में डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने कहा कि 15वीं वित्त आयोग ग्राम पंचायत के अन्तर्गत ग्राम पंचायतो में धनराशि समय से व्यय की जाये। उन्होने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि खण्ड विकास अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर टीम द्वारा छुट्टा जानवरो को पकडकर गौशालाओं में संरक्षित किया जाये। अण्डा उत्पादन के अन्तर्गत जनपद में कितने फार्म हाउस में कितनी मुर्गियां है, उनका वेरीफिकेशन कराया जाये। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत 501 आवेदन लंबित है, उन्हे समय से निस्तारण किया जाये। कहा कि राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ पेंशन योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को पेंशन भुगतान वितरण कर दिया जाये। उन्होने निर्देश दिये कि धान खरीद पर फोकस करें और किसानो से अधिक से अधिक धान खरीद की जाये। उन्होंने दवाओं की उपलब्धता, आपरेशन कायाकल्प, शादी अनुदान योजना, ओडीओपी, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, जीएसटी,सड़क निर्माण आदि विभागो द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी लेते हुये निर्देश दिये कि अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यो को समय से पूरा करें और गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाये। कोई भी पात्र लाभार्थी योजनाओं से वंचित नही रहना चाहिये। कहा कि अपनी जिम्मेदारी के अनुसार समय से कार्य को पूरा करें। अपनी परफॉर्मेंस अच्छी रखें। डाटा के अनुसार मानिटरिंग हो रही है और उससे रैंकिंग बनती है। कहा कि जो कार्य करें उसे पोर्टल पर फीडिंग अवश्य कराएं। प्रत्येक विभाग की रैंकिग अच्छी होनी चाहिये। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विनोद कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# मौसम की मार सर्द हवाओं के साथ बढ़ी गलन, जनजीवन प्रभावित

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**अगहन का** महीना तो सामान ठंड के साथ गुजर गया लेकिन पूछ की रात भारी गुजरी अवसर मौसम का मिजाज अब तलाक हो चुका है बृहस्पतिवार की देर दोपहर बाद सूरज देवता का निकलना हुआ तो लोगों ने धूप में बैठकर मजा लिया जैसे-जैसे सूरज ढलता रहा वैसे-वैसे ठिठुरन बढ़ती रही शाम होते ही सर्दी अपने पूरे तूफान में थी अधिकतर लोगों की आंखों से देखते-देखते सूरज चला गया और सर्दी का प्रकोप बढ़ता रहा शाम होते ही लोग बाजारों से गायब दिखने लगे और लोगों ने अपने-अपने घरों के लिए चल दिए हाफ और हाईवे पर आता है प्रभावित काम देखने को मिला बदलते मौसम का असर जनजीवन का पर पढ़ने लगा शीत लहर के बाद अब कोरा कब कभी चुडा रहा है ऐसे में नगर पालिका की तरफ से कोई व्यवस्था नहीं की गई ना कहीं अलाव नहीं जल रहे हैं अधिकतर देखे गए हुए लोग जैसे सौरिख तिराह तालग्राम तिराह पूर्वी बाईपास फर्रुखाबाद चौराहा आदि जगहों पर कहीं पर अलाव नहीं लगाया गया नगर पालिका प्रशासन बड़ी लापरवाही कर रही है सर्दी अपने साथ में आसमान पर ओवर रही है आने जाने वाली राहगीरों को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कोहरे के साथ छाए रहे बदल नहीं हुए सूर्य के दर्शन हाईवे पर रेगते रहे वहन वही बर्फील हवाएं चलने से लोग ठिठुरते नजर आएं न्यूनतम तापमान में गिरावट आई।

# सपा नेता के आवास और कारखाने पर जीएसटी टीम का छापा

- जीएसटी टीम के छापेमारी से कन्नौज के उद्योगपतियों में मचा हड़कंप

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** गुरुवार को सपा नेता एवं इत्र व्यवसाई के घर और कारखाने पर जीएसटी की टीम ने छापेमारी की। टीम ने उनके आवास पर कई पत्रावलियां को खंगालना शुरू कर दिया। छापामारी के दौरान सपा नेता अपने घर पर ही मौजूद थे। जीएसटी टीम की छापेमारी की जानकारी होते ही कन्नौज के इत्र व्यवसाइयो एवं उद्योगपतियों में हड़कंप मच गया है। सदर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मकरंदनगर चौकी क्षेत्र के मोहल्ला कुतुलुपुर निवासी सपा नेता एवं इत्र व्यवसाई जयकुमार तिवारी उर्फ़ बऊअन के घर पर गुरूवार की दोपहर जीएसटी टीम ने छापा डाला। उनके आवास पर पहुंची जीएसटी टीम के सदस्यों ने उनकी फर्मो से जुड़े दस्तावेजों को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल करना शुरू कर दिया। हालांकि, छापेमारी के दौरान सपा नेता जय कुमार तिवारी अपने घर पर ही मौजूद थे। टीम के अधिकारियों ने उनसे बातचीत की। बताया गया कि सपा नेता के आवास से कुछ ही दूरी पर उनका इत्र कारखाना भी है। जहां टीम के पहुंचने पर गेट पर ताला लगा मिला। टीम ने ताला खुलवाने के प्रयास किया तो बताया गया कि सपा नेता के बड़े भाई के पास गेट की चाबी है जो इस समय जिले से बाहर हैं। जिस पर टीम के अधिकारियों ने गेट की चाबी मंगवाने के लिए उन्हें सूचना देने के लिए कहा और टीम के अधिकारी उनके आने का इंतजार कर रहे हैं। गौरतलब है कि सपा नेता जयकुमार तिवारी सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के बेहद करीबी माने जाते हैं। सपा नेता के यहां जीएसटी टीम की छापेमारी की खबर सुनकर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता वहां पहुंच गए। खबर लिखे जाने तक जीएसटी टीम की छापेमारी जारी थी।

# भाजपा सरकार के जनप्रतिनिधियों ने कन्नौज के विकास को ठप करने का काम किया: नबाव सिंह

- सपा सरकार में कन्नौज में स्वीकृत किये गए राष्ट्रीय स्टेडियम का निर्माण न होने के विरोध में सपाइयों का आक्रोश, किया प्रदर्शन

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**



**समाजवादी सरकार** में कन्नौज में स्वीकृत किये गए राष्ट्रीय स्टेडियम का निर्माण नही हो सका है। गुरुवार को सपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव की अगुवाई में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मकरन्द नगर स्थिति एफएफडीसी के निकट स्टेडियम के लिए स्वीकृत की गई भूमि पर पहुंच कर धरना प्रदर्शन कर भाजपा सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया।

प्रदर्शन के दौरान समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव ने भाजपा सरकार पर कन्नौज के विकास की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि जिस स्टेडियम की नींव युवाओ के उज्वल भविष्य के लिये पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रखी थी, उस नींव को भाजपा सरकार ने ध्वस्त करने का काम किया है।श्री यादव ने कहा कि कन्नौज ने भाजपा सरकार को सांसद दिया, विधायक दिए, तो यह सोचकर कि स्थानीय सांसद कन्नौज के विकास में चार चांद लगाएंगे, लेकिन इसके विपरीत सरकार के जनप्रतिनिधियों ने कन्नौज के विकास को ठप करने का काम किया। कहा कि युवाओ के सपने को कुचलने का जो काम सत्ता में बैठे लोग कर रहे है वे यह जान लें कि जब युवा खड़ा होता है तब बड़ी से बड़ी सत्ता को उखाड़ फेंकता है। कहा कि जिस स्टेडियम पर युवाओ के पैर थिरकने थे, उस स्टेडियम की मिट्टी को सत्ता के संरक्षण में अवैध खनन करके ताल बना दिया। श्री यादव ने कहा कि सत्ता में बैठे लोग जिस गुमान में बैठे हैं, उस गुमान को आने वाले समय मे जनता खत्म करने का काम करेगी। प्रदर्शन के दौरान सपा नेता संजय दुबे, राम कुमार यादव, अनिल यादव, राकेश कठेरिया, रेहान खां, अजय दोहरे, कुट्टू पांडेय, सरोजनी कुशवाहा, विश्वनाथ कुशवाहा, हरिपाल राजपूत, नंद कुमार कुशवाहा, अतुल मौर्य, दिलीप चौरसिया, गुड्डा ठाकुर, सुरेन्द कुशवाहा, मानवेन्द्र ठाकुर, जहीर अली, कमलकांत कटियार, मुज्जमिल खां, अनन्त यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# भाजपाइयों ने घर-घर जाकर वितरण किए पत्रक



महिला को पत्रक देकर आमंत्रित करते भाजपाई — समृद्धि न्यूज

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**

**कस्बा** में अयोध्या में बन रहे श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भाजपाइयों ने घर-घर जाकर श्रीराम जन्मभूमि से आए पत्रक वितरण कर अयोध्या में भगवान श्री राम के दर्शन करने की बात कही। उन्होंने सभी से प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में होने वाले उत्सव 22 जनवरी को घरों में रहकर दीपावली मनाए जाने की बात कही। अपने-अपने घरों में दीपक अवश्य जलाएं एवं प्रभु श्री राम की संगीतमय आरती करने की भी बात कही। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया प्रभु श्री राम अयोध्या में विराजमान होंगे। आप सभी उनके नाम का जयकारा लगाएं व दीपक जलाकर दीपोत्सव के रूप में मनाये। इस मौके पर सदस्य जिलाकार्यसमिति भाजपा अखिलेश पाण्डेय, आदेश मिश्रा विश्व हिंदू परिषद, गोपाल गुप्ता, योगेंद्र दोहरे, अलोक दुवे, अलोक दोहरे, चंद्रपाल कुशवाहा, जितेंद्र कटियार आदि रहे।

**जागरुकता** — कन्या भ्रूण हत्या के विशेष प्रावधानों एवं प्ली बारगेनिंग के सम्बन्ध में शिविर लगाकर महिला बंदियों को किया जागरूक

# प्राधिकरण की सचिव ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**



**गुरुवार को** अपर जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जयसवाल ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। साथ ही महिलाओं के निजी स्वच्छता एवं कन्या भ्रूण हत्या के विशेष प्रावधानों एवं प्ली बारगेनिंग के सम्बन्ध में विधिक साक्षरता शिविर लगाकर महिला बंदियों को जागरूक किया।

निरीक्षण दौरान प्राधिकरण की सचिव ने बालक बैरक में एक बन्दी के पास पहनने को चप्पल न होना पाया।इस पर उन्होंने तत्काल जेलर को निर्देशित करते हुए बन्दी को चप्पल या जूता उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने बंदियों से उनके खानपान, चिकित्सीय सुविधा एवं उनके मुकदमों में पैरवी हेतु अधिवक्ताओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कारागार स्थित अस्पताल का निरीक्षण किया। अस्पताल में 12 बन्दी भर्ती पाये गये।इन भर्ती मरीज बंदियों की चिकित्सीय व्यवस्था एवं उचित देखभाल, दवाई व पोष्टिक भोजन दिये जाने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने बताया कि जिन बन्दियों के पास अपने मुकदमे की पैरवी हेतु कोई अधिवक्ता नहीं है तो वे बंदी जेल अधीक्षक अथवा जेलर के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में प्रार्थना पत्र प्रेषित कर सकते है। निरीक्षण के दौरान तीन बंदी ऐसे पाये गये जिनकी जमानत सम्बन्धित न्यायालय से हो चुकी है, परन्तु जमानतगीर ना होने के कारण वह बंदी अभी भी जेल में निरूद्ध है, जिसके सम्बन्ध में सम्बन्धित न्यायालय से उक्त बंदी की जमानत के सम्बन्ध में उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित दिशा निर्देश के अनुक्रम में सहुलियत प्रदान किये जाने हेतु पत्राचार किया गया है तथा एक सिद्धदोष बंदी द्वारा बताया गया कि उच्च न्यायालय विधिक सेवा उपसमिति में अपील करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसका अभी तक उत्तर प्राप्त नहीं हुआ जिसके सम्बन्ध में जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि उच्च न्यायालय को अनुस्मारक प्रार्थना पत्र प्रेषित करे। निरीक्षण के उपरांत सचिव लवली जायसवाल ने महिला बैरक में साक्षरता शिविर का आयोजन कर महिला बदियों को निजी स्वच्छता एवं सैनेटरी पैड्स के इस्तेमाल हेतु जागरूक किया। साथ ही कन्या भ्रूण हत्या के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। निरीक्षण दौरान लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल/जेल विजिटर

मो0 सैफ ने प्ली बार्गेनिंग के विषय पर जानकारी देते हुये बताया कि 07 वर्ष की अधिकतम सजा से दण्डनीय फौजदारी मामलों में अभियुक्त द्वारा एक ऐसी प्रकिया है. जिसमें किसी दण्डनीय अपराध के लिये आरोपित व्यक्ति अपना अपराध स्वीकार कर प्ली बार्गेनिंग की प्रकिया के माध्यम से कानून के तहत निर्धारित सजा से कम सजा प्राप्त करने के लिये अभियोजन से सहायता लेता है। सचिव ने पराविधिक स्वयंसेवक को जिला कारागार में विरुद्ध बंदियों को विधिक सहायता प्रदान किये जाने हेतु दिशा निर्देश दिये। निरिक्षण के दौरान जेल अधीक्षक एवं जेलर, डिप्टी जेलर समेत कारागार का स्टाफ मौजूद रहा।

# तीन बंद पड़े मकानों से हजारों की नगदी व लाखों के जेवरात चोरी

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

- चोरों का कहर जारी, एक साथ पांच घरों के ताले तोड़े
- मोहल्ला के लोगों में दहशत, पुलिस ने की जांच पड़ताल

**क्षेत्र में** चोरों का आतंक किस तरह जारी है, इसका उदाहरण गुरुवार की सुबह थाना क्षेत्र के ग्राम कुइयांखेड़ा में देखने को मिला। यहां अज्ञात चोरों ने पांच घरों को निशाना बनाते हुए चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया। एक साथ पांच घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कुइयांखेड़ा निवासी महेंद्र सिंह पुत्र स्वर्गीय खब्बू लाल पूर्व फौजी का मकान जिसे अज्ञात चोरों द्वारा उस वक्त निशाना बनाया गया जब उनकी पत्नी राधा एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मायके भटकुर्री नीबकरोरी गई थीं। महेंद्र के भाई सरोज ने बताया भाई महेंद्र सिंह दिल्ली में स्पोर्ट्स फैक्ट्री में सिलाई का काम करते हैं, जबकि पत्नी राधा घर रह रही हैं। बीते दिवस एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए राधा अपने मायके गई थी। घर में ताला लगा था। जिसका लाभ उठाकर अज्ञात चोरों ने पहले मुख्य गेट का ताला तोड़ा फिर अंदर कमरों के ताले तोड़े। कमरे में रखे बक्सा, सूटकेस आदि तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी उस वक्त हुई जब पड़ोसियों ने किसी को बाहर आते नहीं देखा, तो आवाज दी। जवाब नहीं मिला तो संदेह हुआ। जब अंदर झांककर देखा, तो सामान बिखरा पड़ा था और गेट खुला था। जिसकी सूचना पीड़ित के बड़े भाई सरोज को दी, तो उनकी बेटी मौके पर



चोरों द्वारा बिखेरा गया सामान समृद्धि न्यूज



चोरों द्वारा तोड़ा गया बक्सा समृद्धि न्यूज

पहुंची, तो देखा मुख्य गेट का ताला टूटा था तथा गेट खुला हुआ था। अंदर जाकर देखा, तो कमरों में रखे बक्सों से सामान गायब था। चोरी की सूचना जब महेंद्र सिंह को दी गई, तो उन्होंने बताया घर में 45000 रूपये की नगदी रखी थी। इसके अलावा सोने, चांदी के जेवरात थे। उधर सूचना के बाद घर पहुंची महिला राधा ने जब चोरी का नजारा देखा, तो वह भयभीत हो गयी और रोने लगी। उसने बताया कि चोर दो जोड़ी चांदी की पायलें, सोने की जंजीर, एक जोड़ी सोने के झाले तथा दो सोने की अंगूठियां व अन्य सामान चोरी कर ले गये। उसने बताया कि दो लाख से भी ज्यादा का नुकसान हुआ है। पीड़िता के देवर ने अज्ञात चोरों के खिलाफ फैजबाग पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की। दूसरी घटना में चोरों ने सुरजीत कुमार पुत्र फेरू सिंह यादव के बंद मकान को निशाना बनाया। सुरजीत कुमार ने बताया व पत्नी तथा बच्चों के साथ दिल्ली में मेहनत मजदूरी करता है। घर में ताला लगा था। 15 दिन पूर्व घर आया था। पत्नी प्रभा देवी ने बताया मां की मौत की सूचना मिलने के बाद कल पति के साथ मायके फर्रुखाबाद गई थी। घर में ताला लगा था। अज्ञात चोरों ने पहले मुख्य गेट का ताला तोड़ा फिर अंदर कमरों में तोड़फोड़ की। चोरी की घटना की जानकारी पड़ोसियों ने सुरजीत के भाई को दी। भाई ने उन्हें सूचना दी। उन्होंने बताया चोर लगभग 4000 रूपये की नगदी तथा सोने चांदी के आभूषण चोरी कर ले गये। उन्होंने बताया घटना में लगभग 60000 के आसपास नुकसान हुआ। घटना की सूचना फैजबाग पुलिस को दी। जिस पर फैजबाग पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल के बाद लौट आई। तीसरी घटना भाजपा नेता जय गंगवार के यहां घटी। बताया गया है अज्ञात चोरों ने गैरिज को निशाना बनाकर ताला तोड़ा, मगर उन्हें सफलता नहीं मिली। चौथी घटना जिसमें चौकीदार आशाराम के मकान के मुख्य गेट के ताले तोड़े गए, मगर सफलता नहीं मिली। पांचवी घटना में चोरों ने राजीव कुमार पुत्र राजेंद्र सिंह के बंद पड़े मकान के मुख्य गेट के अज्ञात चोरों द्वारा ताले तोड़े गए। बताया गया राजीव कुमार दिल्ली में नौकरी कर रहे हैं। घर में ताला लगा था। चोरी होने की सूचना उस वक्त मोहल्ले के लोगों को हुई, जब लोगों ने गुजरने के दौरान मुख्य गेट का ताला टूटा देखा, तो लोगों में हड़कंप मच गया। पड़ोसियों द्वारा चोरी की सूचना गृह स्वामी को दी गई। चोरी की घटना में कितना नुकसान हुआ यह गृह स्वामी के आने के बाद ही पता चल सकेगा। उधर अज्ञात चोरों द्वारा एक साथ पांच घरों के ताले तोड़ तीन घरों से नगदी सहित लाखों की चोरी की घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल देखा गया। उधर पीड़ित सुरजीत कुमार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी गई।

## पुलिस की मिलीभगत से धड़ल्ले से हो रहा हरे पेड़ों का कटान

कमालगंज, समृद्धि न्यूज

**पुलिस तथा** वन विभाग की मिलीभगत से आम के बाग में हरे पेड़ों का कटान किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के निकट भोजपुर बाघार चौकी के पास रोड पर ही आम के बाग में प्रशासन की मिली भगत से धड़ल्ले से हरे पेड़ों का कटान किया जा रहा है, जबकि बगैर चौकी चंद कदमों की दूरी पर है, लेकिन फिर भी प्रशासन को नहीं दिखाई पड़ता, तो वहीं दूसरी तरफ थाना क्षेत्र के भूलनपुर चिरपुरा के पास आम के बाग में हरे पेड़ों का कटान हो रहा है। जिस पर वन विभाग व पुलिस प्रशासन दोनों को नहीं दिखाई पड़ता है। पूरे बाग उजाड़ दिए जा रहे हैं, लेकिन प्रशासन मौन है। सरकार जहां हर साल करोड़ों रुपए वृक्ष लगाने पर खर्च करती है, वहीं कुछ लोग वृक्ष उजाड़ने पर जुटे हुए हैं।



बाग में आम के हरे पेड़ों का हो रहा कटान समृद्धि न्यूज

आए दिन हो रहे हरे वृक्षों के कटान से पर्यावरण को भी काफी नुकसान होता है जिसको लेकर सरकार चिंतित है मगर यहां प्रशासन आंख पर पट्टी बांधकर पेड़ों को काटन रोकने में असमर्थ दिखाई दे रहा है।

## धोखाधड़ी व मारपीट तथा जानमाल की धमकी देने में पंचशील सहित छह के विरुद्ध याचिका

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** धोखाधड़ी व मारपीट तथा जानमाल की धमकी देने के मामले में पंचशील सहित छः लोगो के विरुद्ध न्यायलय में याचिका दायर की गई।

कोतवाली फतेहगढ़ के क्षेत्र लोको रोड निवासी कमल कुमार श्रीवास्तव पुत्र रामप्रकाश श्रीवास्तव ने दायर की 156(3) याचिका में दर्शाया कि उसके पिता के नाम मोहल्ला सुभाष नगर फर्रुखाबाद में एक प्लाट है। जिसका वर्तमान समय में न्यायालय से यथास्थित का आदेश चल रहा है। उसके बावजूद 15 दिसम्बर को पंचशील राजपूत व अंतरिक्ष राजपूत पुत्रगण रामकिशन राजपूत, पंचशील के जेष्ठ पुत्र नाम नामालूम निवासी नवाब दिलावरजंग ने संजीव कुमार पुत्र गणेश शंकर निवासी आगरा रोड पुलिस चौकी के पीछे जनपद मैनपुरी, रामप्रकाश पुत्र हेतराम निवासी बृजकालोनी आगरा रोड मैनपुरी से षड्यंत्र बेनामी सम्पत्ति के रुप में उपरांकित प्लाट को योगेश राजपूत पुत्र गौरीशंकर निवासी ग्राम कंतला मजरा कुंदन गणेशपुर के नाम कर दिया। पंचशील के सहयोगी दीपक गुप्ता निवासी तिकोना चौकी व इनके भू-माफिया सहयोगी प्लाट पर कब्जा करना चाहते है। जानकारी होने पर 22 दिसम्बर को दोपहर के समय मैं अपने प्लाट पर पहुंचा और मोबाइल से वीडियो बनाने लगा, तभी पंचशील, योगेश राजपूत, दीपक गुप्ता व 4 अज्ञात लोग मौके पर आ गये और गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी तथा प्लाट पर कब्जा करने की धमकी दी और जानमाल की धमकी दी। आसपास के लोगों के आ जाने पर आरोपीगण जानमाल की धमकी देकर चले गये। पीड़ित ने थानाध्यक्ष मऊदरवाजा को प्रथम सूचना दर्ज कर आरोपियों पर कार्यवाही कराये जाने की मांग की।

## खबरें चलते-चलते

### गेहूं की फसल से ट्रैक्टर निकालने का विरोध करने पर दबंगों ने दंपति को पीटा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** सिंचाई के दौरान गेहूं के खेत से ट्रैक्टर निकाले जाने का विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज कर दंपति के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की तथा तमंचे की नोंक पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने दबंगों के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर मजरा सुल्तानपुर निवासी नन्हीं देवी पत्नी अशोक कुमार ने शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा है बीते दिवस वह अपने पति के साथ खेत में फसल की सिंचाई कर रही थी। उसी दौरान आरोपी दिलीप कुमार द्वारा ट्रैक्टर चालक के साथ गेहूं की फसल के ऊपर से ट्रैक्टर निकाला गया। विरोध करने पर दिलीप तथा दिलीप के चार-पांच अज्ञात लोगों ने ट्रैक्टर चालक के साथ गाली-गलौज किया और तमंचे की नोंक पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित के लगातार विरोध करने पर आक्रोशित आरोपी गाली-गलौज करते हुए घर चला गया। इस दौरान उसने घटना की सूचना परिजनों को दी, तो परिजन मौके पर पहुंच गए। आरोप है कुछ समय बाद जब आरोपी वापस लौटा, तो उसके साथ 10-12 लोग थे। आरोपियों में रघुवीर पुत्र नामालूम, रामखेलावन पुत्र रघुवीर, प्रदीप पुत्र रघुवीर तथा अज्ञात ट्रैक्टर चालक सभी ने मिलकर गाली-गलौज किया। विरोध करने पर मेरे साथ मारपीट तथा खींचतान की। बचाने आए पति के साथ भी मारपीट की तथा तमंचा लहराकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के चीखने पर चचिया ससुर धनीराम, ससुर सुरेश चंद्र, देवर देवेंद्र तथा पुत्र सुमित मौके पर पहुंचे और बचाया। जाते-जाते आरोपी जान से मारने की धमकी दे गये। इस संबंध में पीड़िता ने सभी आरोपियों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पीड़िता के अनुसार आरोपी दबंग हैं। आरोपी इससे पहले भी इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। पीड़िता ने सभी आरोपियों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

### सड़क के किनारे अजगर को देख ग्रामीणों में दहशत

**वन विभाग की टीम ने पहुंचकर अजगर को पकड़ा**



झाड़ियों में अजगर को देखती भीड़ व इन्सेट में अजगर

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** सड़क किनारे अजगर को देख ग्रामीणों में दहशत फैल गयी। उन्होंने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर वन विभाग की टीम ने गांव में पहुंचकर अजगर को पकड़ लिया। गुरुवार शाम गांव पहाड़पुर के ग्रामीणों ने प्राथमिक विद्यालय के निकट झाड़ियों में एक अजगर को देखा। जिसे देखकर ग्रामीण डर गए। अजगर निकलने की खबर गांव में आग की तरह फैल गई। जिसे देखने के लिए मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। ग्रामीणों के अनुसार अजगर की लंबाई 11 फीट के करीब थी। ग्रामीणों ने तत्काल मामले की सूचना पुलिस व वन विभाग को दी। मौके पर पहुंचे वन विभाग के दारोगा महेश चंद्र ने टीम के साथ अजगर को पकड़ लिया। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। थाना प्रभारी दिलीप कुमार कंचन ने बताया मामले की सूचना वन विभाग टीम को दे दी गयी है। वह अजगर को पकड़कर साथ ले गए। उन्होंने बताया कि वह इसे जगल में सुरक्षित छोड़ देंगे।

## बिचौलिए व विपणन विभाग के अधिकारी लगा रहे सरकार को चूना

- मंडी में लोडिंग न कर बाहर से आलू आदि लोड कर भेज रहे बाहर

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

**बीते दिनों** सरकार द्वारा कानून पारित करने पर किसान संगठनों ने धरना प्रदर्शन कर कानून को वापस कराया था, लेकिन अब अधिकारी और बिचौलिए कानून को धता बताकर मोटी रकम की उगाही कर रहे हैं।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के कई क्षेत्रों में बीते दिनों सरकार द्वारा एमएसपी रेट तथा मंडी के बाहर किसानों को फसलें बेचने का कानून लागू कराया गया था। जिस पर प्रधानमंत्री ने बताया था कि अब किसान अपनी फसलों को निर्धारित मूल्य पर मंडी के बाहर कहीं भी बेच सकते हैं। इस कानून से किसान संगठन उग्र हो गए थे और उन्होंने धरना प्रदर्शन जारी कर दिए थे। जिस पर सरकार ने किसानों का उग्र रुप देखकर कानून को वापस ले लिया था।। वहीं अब यहां पर बिचौलिए तथा विपणन विभाग के अधिकारी मोटी रकम लेकर क्षेत्र में आलू जैसी फसलों को जगह-जगह लोड कर बाहर के लिए भेज रहे हैं, जबकि नवाबगंज में मंडी भी बनी हुई है, लेकिन मंडी का शुल्क जमा न कर फर्जी तरीके से बीटी आदि बनाकर अधिकारी व बिचौलिए किसानों से कम पैसों में फसल खरीद कर और मंडी के बाहर से लोडिंग का कार्य कर गोरखधंधे में लगे हुए है और मोटी कमाई कर रहे हैं।जब इस बाबत जिला विपणन अधिकारी से वार्ता करनी चाही, तो उन्होंने उनका फोन नहीं लगा।

## जेई व लाइनमैन ने उपभोक्ता से बिल के नाम पर ठगे 55 हजार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

- 95 हजार बिल को 55 हजार में निपटाने का दिया था भरोसा

**एक मुश्त** समाधान योजना के नाम पर जेई व लाइनमैन ने पीड़ित से 55 हजार रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर जेई व लाइनमैन के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार रानू शुक्ला उर्फ बृजेश कुमार पुत्र स्व0 सुभाषचंद्र शुक्ला निवासी मोहल्ला बजाजा बजाज थाना कोतवाली फतेहगढ़ ने पुलिस अधीक्षक विकास कुमार को दिये गये शिकायती पत्र में दर्शाया कि पीड़ित का वीपीएल कनेक्शन संख्या-230/103550 है। 7 दिसंबर को दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0 भोलेपुर में तैनात जेई अनिल अग्रहरि ने फोन कर पीड़ित को बताया कि उसका बिल 95 हजार रुपये हो गया है। इसे जमा करवा दो। जिस पर पीड़ित ने कहा कि मेरे पिता की मृत्यु हो गयी है। उनकी तेरहवी के बाद जमा करवा देंगे। इसके बाद 22 दिसंबर को पुनः फोन आया पैसा जमा करवा दो, जिस पर पीड़ित ने कहा कि जल्दी ही जमा करवा देंगे। इसके बाद 29 दिसंबर को उक्त जेई अनिल अग्रहरि का फिर फोन आया कि भोलेपुर डिवीजन कार्यालय आ जाओ। इस सूचना पर पीड़ित समय करीब 12.30 बजे बिजली विभाग के डिवीजन कार्यालय भोलेपुर पहुंचा, तो जेई ने बतायाकि 31 दिसंबर तक एक मुश्त समाधान योजना चल रहीहै। इसके तहत आपका 55 हजार रुपये में निपटा देंगे। जिस पर पीड़ित ने 55 हजार रुपये लाइनमैन अनिल कुमार उर्फ वर्फीला हाल तैनात दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0 भोलेपुर के कहने पर पीड़ित ने 55 हजार रुपये उक्त जेई को नकद दे दिये। पीड़ित ने 55 हजार रुपये की रसीद मांगी, तो उक्त जेई ने कहा कि लाइनमैन अनिल कुमार उर्फ वर्फीला से भिजवा देंगे। पीड़ित ने उक्त लाइनमैन और जेई से कई बार फोन करके अपनी रसीद मांगी,तो उक्त लोगों ने पीड़ित को कोई रसीद नहीं दी। उक्त जेई अनिल अग्रहरि व लाइनमैन अनिल कुमार वर्फीला ने अपने पद एवं दायित्वों का दुरुपयोग कर पीड़ित के साथ धोखाधड़ी की है और पीड़ित के 55 हजार रुपये अमानत में ख्यानत कर हड़प लिये। जिससे पीड़ित काफी परेशान है।

## पुलिस ने वांछित अभियुक्त यज्ञ मित्र को किया गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय सिंह व क्षेत्राधिकारी कायमगंज सतेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मेरापुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 149/23 धारा 419, 420, 467, 468, 471, 504, 506, 120बी भा0द0वि0 में वांछित चल रहे अभियुक्त यज्ञ मित्र पुत्र स्व0 देवेंद्र यादव निवासी ग्राम नदौरा थाना मेरापुर को गिरफ्तार कर लिया। उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध 22 जुलाई 2023 को सुरेन्द्र पुत्र मिजाजीलाल निवासी ग्राम नगला सूदन थाना मेरापुर ने कूटरचित, फर्जी दस्तावेज तैयार कर लाभ के लिये इस्तेमाल करना तथा गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने के आधार पर उपरोक्त मुकदमा दर्ज कराया गया था। विवेचना से पाये गये तथ्य एवं साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त यज्ञ मित्र पुत्र स्व0 देवेंद्र यादव निवासी ग्राम नदौरा थाना मेरापुर को आज गिरफ्तार कर लिया।

## न्यायालय ने शहर व कायमगंज कोतवाल को किया तलब

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**न्यायालय ने** थाना प्रभारी को न्यायालय में व्यक्तिगत रुप से उपस्थित होकर लिखित स्पष्टीकरण देने के आदेश दिये हैं।

न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार ने राज्य बनाम मनोज अग्रवाल आदि पत्रावली में अभियुक्तगण द्वारा हाजिरीमाफी प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था। जो केवल आज तक स्वीकृत था। पत्रावली के अवलोकन से उपरोक्त प्रकरण में बयान चार्ज दिनांक 20 मार्च 2023 को विरचित किया जा चुका है, किन्तु अभी तक अभियोजन पक्ष द्वारा किसी भी साक्षी को न्यायालय के समक्ष परीक्षित नहीं कराया गया है। प्रकरण के समस्त गवाह पुलिस विभाग से संबंधित हैं। पूर्व नियत तिथि पर साक्षियों के विरुद्ध समन निर्गत किये गये, किन्तु संबंधित थाना प्रभारी द्वारा न तो समन का तामीला कराया गया और न ही इसकी कोई आख्या न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गयी। जिस पर थाना प्रभारी फर्रुखाबाद को आदेशित किया जाता है कि 06.01.2024 को न्यायालय के समक्ष व्यक्तिगत रुप से उपस्थित होकर अपना लिखित स्पष्टीकरण दें। साथ ही इस आदेश की प्रति पुलिस अधीक्षक को प्रेषित की जावे कि एम0पी0/एम0एल0ए0 से संबंधित प्रत्येक पत्रावली में जारी आदेशिकाओं का तामीला व्यक्तिगत रुप से अपने स्तर से कराना सुनिश्चित करें, क्योंकि उपरोक्त पत्रावलियों का निस्तारण उच्चतम न्यायालय के दिशा निर्देशों के अनुरुप नियत समय अवधि में कराया जाना आवश्यक है। न्यायालय ने यह भी आदेश दिया कि यदि पुलिस अधीक्षक व थाना प्रभारी फर्रुखाबाद द्वारा कोई शिथिलता बरती जाती है, तो उसके उत्तरदायी वह स्वयं होंगे।

वहीं अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार ने कायमगंज कोतवाली प्रभारी को 10 जनवरी को नियत तिथि पर तलब किया है। न्यायालय द्वारा 12 दिसंबर 2017 में दर्ज कराये गये मुकदमे की धारा 409, 467, 468, 471, 120बी कोतवाली कायमगंज में अभियुक्तगण लुईस खुर्शीद व अतहर फारुकी के विरुद्ध 21 दिसंबर के लिए समन निर्गत किये गये तथा समन पर अंकित किया गया कि उक्त प्रकरण एम0पी0/एम0एल0ए0 से संबंधित है। जिसका तामीला सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। कांस्टेबिल कमलेंद्र द्वारा आख्या प्रस्तुत की गयी कि अभियुक्तगण उपरोक्त पर तामीला विशेष कार्य सरकार/वीवीआईपी डियूटी होने के कारण समय से नहीं कराया जा सका और अग्रिम तिथि प्रदान किये जाने की याचना की गयी। उक्त आख्या आपके द्वारा अग्रेसित भी की गयी है। ऐसा प्रतीत होता है कि आप न्यायालय के कार्य के प्रति उदासीन हैं तथा न्यायालय के कार्यों में रुचि नहीं ले रहे हैं तथा अभियुक्तगण को सुनिश्चित लाभ पहुचाने के उद्देश्य से आदेशिकाओं की जान बूझकर तामीला नहीं करायी जा रही है। जिससे न्यायालय का समय व्यर्थ हो रहा है, जबकि उपरोक्त पत्रावलियों का निस्तारण उच्चतम न्यायालय के दिशा निर्देशों के अनुरुप नियत समय अवधि में कराया जाना आवश्यक है। न्यायालय ने नोटिस देते हुए आदेशित किया है कि नियत तिथि 10 जनवरी को न्यायालय में उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण दें।

## रोमिल सोमिल मेडिकल पर छापे में मिली अनियमिततायें, दवाइयों की बिक्री पर रोक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**रोमिल सोमिल** मेडिकल स्टोर पर ड्रग इंस्पेक्टर ने छापा मारा। अनियमिततायें मिलने पर दवाइयों की बिक्री पर रोक लगा दी है।

गुरुवार को जिला औषधि निरीक्षक रजत कुमार पांडेय के द्वारा शिकायती प्रार्थना पत्र पर पुनः रोमिल सोमिल मेडिकल स्टोर फतेहगढ़ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान फर्म पर फार्मासिस्ट अनुपस्थित पाया गया। बीते सितंबर माह में रोमिल सोमिल मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया गया था। जिसके आधार पर कारण बताओ नोटिस निर्गत किया गया था। प्राप्त स्पष्टीकरण एवं दस्तावेज देखे थे। इसके बाद फर्म के लाइसेंस को 15 दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया था। निलंबन की अवधी में पुनः शिकायत प्राप्त होने पर सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा फर्म का निरीक्षण किया गया और दवाइयां का अवैध विक्रय किया जाना पाया गया। औषधि निरीक्षक द्वारा पुलिस बल के साथ पुनः निरीक्षण कर निरीक्षण रिपोर्ट तैयार की गयी और फर्म से 3 संदिग्ध दवाइयों के सैंपल भी ले



छापे के दौरान अभिलेख देखते ड्रग इंस्पेक्टर समृद्धि न्यूज

लिए गए। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान फार्मासिस्ट फर्म पर कार्यरत नहीं पाया गया और फर्म पर रोमिल सोमिल टेलीकॉम दुकान के अंदर से दरवाजे से दवाइयों का वितरण होना संदिग्ध प्रतीत होता पाया गया। औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी कानपुर मंडल कानपुर के द्वारा निर्गत निलंबन आदेश का उल्लंघन पाया गया एवं फार्मासिस्ट कार्यरत नहीं पाया गया। जिसके उपरांत औषधि निरीक्षक द्वारा औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 की धारा 22(1)(डी) के अंतर्गत फर्म द्वारा औषधीय के क्रय विक्रय पर तत्कालीन प्रभाव से अग्रिम आदेशों तक रोक लगा दी गयी है। उन्होंने बताया कि यदि पुनः आदेश का उल्लंघन पाया जाता है तो नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी फर्मों को चेतावनी देते हुए बताया है कि औषधीय के क्रय विक्रय, फार्मासिस्ट एवं फर्म पर उचित साफ-सफाई अवश्य कर लें अन्यथा इस प्रकार की कार्यवाही चलती रहेगी।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में गोद भराई की रस्म की गई अदा

**फर्रुखाबाद/कमालगंज, समृद्धि न्यूज**

**गुरुवार को** भोजपुर विधानसभा के नगर पंचायत खीमसेपुर एवं फर्रुखाबाद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बढ़पुर मंडल के ग्राम पंचायत खानपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। नगर पंचायत खीमसेपुर कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

रूपेश गुप्ता ने कहा भारत को विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक सपना है 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने के लिए गांव गरीब किसान और नौजवान का विकास होना आवश्यक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक गरीब परिवार से आते हैं। उन्होंने अपनी गरीबी को बहुत करीब से देखा है। वह हर गरीब का दर्द समझते हैं इसीलिए उन्होंने भारत से गरीबी को मिटाने का संकल्प लिया है और उनके इस संकल्प के साथ पूरा भारत उनके साथ जुड़ रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान हर वर्ग को मजबूत कर रहा है।



गोद भराई की रस्म अदा करते रुपेश गुप्ता व डीएम राठौर

जिला महामंत्री डीएस राठौर ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक मजबूत भारत की नींव रख रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साढे 9 वर्ष के शासनकाल में भारत विश्व पटल पर अपनी अमित छाप छोड़ रहा है। हर क्षेत्र में भारत प्रगति कर रहा है। वह दिन दूर नहीं जब भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। 2014 से भारत में गरीबी का अनुपात घटा है। सरकार की योजनाएं महिलाओं किसानों नौजवानों के लिए समर्पित है। साथ ही महिलाओं की गोद भराई की रस्म अदा की गई। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने भी विचार व्यक्त किये। इस मौके पर पर जिला मंत्री अभिषेक त्रिवेदी, पिछड़ा मोर्चा जिला महामंत्री कृष्ण मुरारी राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।

# अमित सिंह बने व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक

- किसान जोड़ो यात्रा का लोगों ने किया स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**किसान** जोड़ों यात्रा में प्रतिदिन लोग जुड़ रहे है। किसान यूनियन भानू गुट के पदाधिकारी किसानों के बीच जाकर संवाद कर रहे है। गुरुवार को किसान जोड़ो यात्रा ग्राम कनकापुर, तेरा, खाखमऊ, दहलिया आदि गांव में गई, ग्राम देहेलिया में लोगों ने फूल माला पहनाकर किसान जोड़ों यात्रा का स्वागत किया। अमित सोमवंशी ने आंदोलन के दौरान खर्च होने वाली गैस का संपूर्ण खर्चा वहन करने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही अमित सिंह को व्यापार प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया गया। इस मौके पर अवधेश सिंह सोमवंशी, हरनाम सिंह, मुन्ना सिंह राठौर, नेत्रपाल सिंह, रक्षपाल सिंह सोमवंशी, शिवपाल सिंह, विश्वनाथ सिंह, योगेश सिंह, भानु सिंह, सामंत सिंह, अमरीश कुमार शुक्ला, गंगा विष्णु, अजय पाल सिंह, शिशुपाल सिंह राजपूत आदि ग्रामीण मौजूद रहे।



किसान जोड़ो यात्रा में मौजूद पदाधिकारी समृद्धि न्यूज

## खबरें एक नजर में

### नगर पालिका का सोलर वाटरकूलर लम्बे से खराब

- स्थानीय लोगों ने कराया अवगत, किसी ने नहीं ली सुध
- हैण्डपंप भी कई सालों से है खराब

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनता की सौहलियत के लिए नगर पालिका परिषद की ओर से नगर क्षेत्र में भीड़भाड़ वाले इलाकों को चिन्हित कर सोलर वाटर कूलर स्थापित किये। जिनमें से कुछ सही चल रहे है और कुछ देखरेख के अभाव में खराब हो गये है। ऐसे में जनता इस लाभ से वंचित हो रही है। नगर पालिका परिषद की ओर से बढ़पुर क्रिश्चियन इंटर कालेज के बाहर सोलर वाटर कूलर लगवाया गया। जो कई दिनों से बंद पड़ा है। जलापूर्ति नहीं हो रही है। आसपास काफी गंदगी हो गयी है, जिस समय वाटर कूलर चालू था तो उस समय पानी का निकास न होने के चलते आसपास पानी भर जाता था, लेकिन एक सप्ताह से वह बंद पड़ा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जब यह लगा था तब भी दो तीन दिन ही सही चला, फिर बंद हो गया था, फिर कई दिन बाद सही हो गया था। जब से लगा है बराबर जलापूर्ति नहीं हो रही है। कभी इसकी टोटी गायब हो जाती है, कभी बिजली की समस्या, कुछ न कुछ समस्या बनी रहती है। इसे देखने वाला कोई नहीं और शिकायत भी करें तो कहां करें। क्रिश्चियन इंटर कालेज के सामने एक सरकारी हैण्डपंप लगा है जो कई वर्षो से खराब पड़ा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार नगर पालिका कर्मचारियों को बताया कि हैण्डपंप सही करा दो, जिससे आसपास के लोगों को पानी की सुविधा मिल सकें, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। स्थानीय सभासद से भी इस समस्या से अवगत कराया, लेकिन आज तक हैण्डपंप सही नहीं कराया गया। इस संदर्भ में अधिशासी अभियंता रविन्द्र कुमार ने बताया कि वाटर कूलर बंद पड़ा है, इसकी जानकारी विभाग को नहीं है और न ही इसकी किसी ने अभी तक शिकायत की है। संबंधित कर्मचारी से दिखवाकर चालू करवाया जायेगा।

### जन्मदिवस पर हुई काव्य गोष्ठी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** साहित्यकार, ओजस्वी वक्ता एवं राजनेता अटल बिहारी बाजपेई के जन्मदिन पर साहित्यिक संस्था साधना निकुंज एवं अनुगूंज के संयुक्त तत्वावधान में काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें सर्वप्रथम अटल की रचनाओं का वाचन हुआ.... मैं हार नहीं मानूंगा मैं रार नहीं ठानूंगा। इस अवसर पर आयोजित काव्य गोष्ठी में प्रोफेसर रामबाबू मिश्र रत्नेश ने कहा जिसका हर कदम संतुलित था हर शब्द युगांतरकारी था। जिसका हर ओजस्वी भाषण जादू सा विस्मयकारी था। जो सबका था जिसके सब थे जो सब मान्य रत्नेश रहा, युग-युग तक याद रहे हां कोई नेता अटल बिहारी था। प्रख्यात गीतकार पवन बाथम ने कहा-चकित दुश्मनों को किया पोखरण में विस्फोट, दृढ़ इच्छा शक्ति को दिखा दिया जमाने को, राजनीति में भी रहे सच्चे एक स्वयंसेवक, संसद में नहीं गए खाने और कमाने को। मृत्यु से पूर्व लंबी अवधि तक कोमा में रहे अटल पर युवा कवि अनुपम मिश्रा ने कहा-नैतिक मूल्यों के क्षरण को अब रोकेगा कौन, अंत समय के पूर्व ही हुए अटल मौन। वीएस तिवारी ने कहा-हर कोई चौका चकित रह गई दुनिया सारी, राष्ट्र संघ में हिंदी बोले अटल बिहारी। मनीष गौड़ ने कहा-राजनीति काजल की कोठरी है, अटल बेदाग बाहर आए कैसे दामन बचा पाए। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रोफेसर कुलदीप आर्य ने कहा- प्रेम और सद्भाव से रहें मिलाएं हाथ, अटल सियासत में चले सबको लेकर साथ। डॉ0 सुनील सिद्धार्थ ने कहा-जब-जब नेता नफरत का माहौल बनाएंगे, याद अटल तब तब हमको ज्यादा आएंगे। गोष्ठी में जेपी दुबे अहिवरन सिंह गौड़, शिवकांत शुक्ला, शिव कुमार दुबे, मंजू मिश्रा, मीरा तिवारी आदि ने सहभागिता की। इसके अलावा गोपालदास नीरज की जयंती पर भी कवि एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे।

### कल्याण सिंह का जन्मदिन कार्यक्रम आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लोधी जागृति मंच द्वारा जिलाध्यक्ष मनोज राजपूत के निवास श्याम नगर मण्डी रोड पर पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कल्याण सिंह की जयंती दोपहर 12:30 बजे मनायी जायेगी। यह जानकारी लोधी जागृति मंच के जिलाध्यक्ष मनोज राजपूत ने दी है।

### डा. यज्ञदत्त शर्मा का निधन, शोकसभा आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**। उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के प्रधान संरक्षक डॉ. यज्ञदत्त शर्मा का गुरुवार को आकस्मिक निधन हो गया है। उनकी आत्मा की शांति के लिए शुक्रवार को एनएकेपी बालिका विद्यालय लोहाई रोड पर 3 बजे शोक सभा आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए जिला महामंत्री डा. बृजभूषण सिंह ने सभी प्रधानाचार्यों से शामिल होने का आग्रह किया है।

### मार्ग दुर्घटना में महिला घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना अलीगंज क्षेत्र के गांव जरीपुर निवासी रत्नोदेवी मार्ग दुर्घटना मे गंभीर घायल हो गयी। लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### युवक ने पिया जहर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर से सटे गांव घसिया चिलौली निवासी रिषीपाल ने संदिग्ध हालत में कीटनाशक पदार्थ पी लिया। गंभीर हालत में परिजन अस्पताल लाये। जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

**सूचना**

मेरा इंटर मीडिट वर्ष 2023 का अनुक्रमांक 2236101128 है, जिसका द्वितीय सह अंक प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

**आनन्द सोमवंशी पुत्र अरविन्द सोमवंशी निवासी गौटिया पूर्वी कनकापुर, फर्रुखाबाद**

**सूचना**

मेरे पिता जी के मूल अभिलेखों में सादिक अली नाम दर्ज है। भूलवश मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरे पिता का नाम सादिक अली खान दर्ज हो गया। जिसे शुद्धकर सही नाम सादिक अली दर्ज किया जाये।

**साजिद अली खान पुत्र सादिक अली निवासी सिरमौरा बांगर, नवाबगंज, फर्रुखाबाद।**

# तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**2 जनवरी** से 4 जनवरी तक चलने वाले स्काउट गाइड शिविर का गुरुवार को समापन हुआ। बिलासो देवी इंटर कॉलेज देवसनी में स्काउट और गाइड का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 60 स्काउट गाइड ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा और गाइड कैप्टन हिमलेश शाक्य ने प्रशिक्षण प्रदान किया। समापन दिवस के अवसर पर स्काउट और गाइड द्वारा भव्य टेंट लगाकर विद्यालय को स्काउटमय बना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कैप्टन राम प्रकाश ने की। मुख्य अतिथि के रूप में अतुल दीक्षित और विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्था के जिला मुख्य आयुक्त दिनेश वर्मा एवं जिला सचिव डा0 महेश राजपूत और थाना अध्यक्ष मेरापुर नवीन कुमार सिंह रहे। कार्यक्रम के आयोजन सुनील कुमार राजपूत की देखरेख में हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को में बांटते हुए स्काउट और गाइड का प्रशिक्षण प्रदान किया। जिसमें बच्चों ने बिना बर्तन के भोजन बनाना, गाठे लगाना, स्काउट गाइड नियम, स्काउट गाइड प्रतिज्ञा, दीक्षा संस्कार और सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन हुआ। इस मौके पर कांस्टेबिल हेमा चतुर्वेदी, गौरी राजपूत, संस्थापक होरीलाल, प्रबंधक माखनलाल राजपूत, सुनील कुमार राजपूत, सतलेश कुमार, अवधेश कुमार, बृजभान राजपूत, ओमवीर सिंह, शोभित यादव, कमल किशोर, आलोक यादव, अभिषेक दीक्षित, कुलदीप राजपूत एवं स्टाफ मौजूद रहा। विद्यालय में अन्य विद्यालयों के प्रधानाचार्य कैलाश राजपूत, नवाब सिंह राजपूत, गेंदा लाल राजपूत, विकास राजपूत, अनिल कुमार पाल उपस्थित रहे।



शिविर में छात्रा से जानकारी लेते मुख्यायुक्त समृद्धि न्यूज

# सट्टा पर्ची सहित तीन गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**पुलिस ने** मुखबिर की सूचना पर अलग-अलग क्षेत्र से सट्टे की खाईवाड़ी कर रहे तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से नगदी व सट्टा से संबंधित सामग्री बरामद हुई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

कोतवाली फर्रुखाबाद के उपनिरीक्षक राहुल कुमार अपने हमराह कां0 विजय कुमार, कां0 पुष्पेन्द्र चौधरी के साथ अंगूरीबाग पुलिया के पास चेकिंग अभियान चला रहे थे, तभी मुखबिर की सूचना पर मोहल्ला जटवारा जदीद कब्रिस्तान के पास सट्टे की खाईवाड़ी कर रहे युवक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम सुरेन्द्र कुमार उर्फ भइया लाल पुत्र मुश्रीलाल निवासी मनिहारी बताया। तलाशी में उसके पास से 480 रुपये व सट्टा से संबंधित सामग्री बरामद हुई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया। वहीं पुलिस ने सट्टे की खाईवाड़ी कर रहे दो युवकों को दबोच लिया। उपनिरीक्षक राजेश कुमार गौतम ने अपने हमराहों के साथ मुखबिर की सूचना पर घेरश्यामू खां में सट्टे की खाईवाड़ी कर रहे दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना नाम पंकज पुत्र हरपाल सिंह निवासी भोपत पट्टी श्याम नगर, इरशाद पुत्र मोहम्मद रज्जाक निवासी घेरश्याम खां बताया। तलाशी में दोनों के पास से 1150 रुपये बरामद हुए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चलान कर दिया।

# आलू की आमद बढ़ने से 125 रुपये कुंटल भाव में आयी गिरावट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आलू मण्डी सातनपुर में गुरुवार को एकदम आमद बढ़ने से 125 रुपये कुंटल की गिरावट आयी। आलू की आमद दोगुनी होने के कारण गुरुवार को 200 मोटर आमद रही। बिक्री में 125 रुपये कुंटल गिरावट हुई। आलू का भाव 551 रुपये से 651 रुपये कुंटल रहा। सुपर पीली मिट्टी का आलू 651 से 701 रुपये कुंटल बिका। गुरुवार को बाहर के व्यापारियों ने आकर आलू की खरीददारी की। सीजन में पहली बार इतना आलू मण्डी में आया है। जिस कारण मण्डी रोड पर पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रही। साथ ही दोनों रैकों का आलू पूरा होने पर मण्डी में बिकवाली ठीकठाक रही। उधर किसानों को रैक लोड होने से भाव में राहत मिलने के आसार है। आलू आढ़ती अरविन्द राजपूत ने बताया कि सर्दी के कारण पिछले दो दिनों से आलू की आमद हल्की रही। साथ ही हड़ताल का असर आलू मण्डी पर दिखायी दिया। गुरुवार को हड़ताल समाप्त होने के बाद मण्डी में रौनक दिखी और आलू की बिकवाली धड़ल्ले से हुई।



मण्डी में आलू की तुलाई करते पल्लेदार

# नव वर्ष पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम किया प्रस्तुत

- प्रतिभागियों को शील्ड देकर किया गया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**सॉफ्टेक** कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट द्वारा नववर्ष कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल व प्रधानाचार्य राजकुमार वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। निदेशक दीपक गुप्ता व शिवम गुप्ता ने अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया। समारोह में प्रतिभागियों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। गणेश वंदना गार्गी गुप्ता ने प्रस्तुत की। प्रिंसी मिश्रा ने घर आजा परदेशिया पर नृत्य किया। आशी सक्सेना ने नैनो वालों ने गीत पर नृत्य किया। कासिफ खान, आरिफ खान, नितिन सक्सेना, यश शुक्ला, सम्राट वर्मा, अभिषेक मिश्रा, आदिल खान, स्नेहा गुप्ता, श्रद्धा पटवा, दिया वर्मा, अंशिका राजपूत, काजल सिंह ने समूह नृत्य कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। साथ ही हीरा लाल, कासिफ खान, आरिस खान, नितिन सक्सेना, आदिल खान, नितिन बाजपेयी, स्नेहा गुप्ता, अंशिका राजपूत आदि ने हास्य नाटक प्रस्तुत कर लोगों को लोटपोट करने पर मजबूर किया। संचालन संजीव कुमार ने किया। निदेशक दीपक गुप्ता व शिवम गुप्ता, नैन्सी वर्मा, कपिल कुमार पाल, रुपाली वर्मा, कशिश वर्मा आदि लोगों ने कार्यक्रम में सहयोग किया।



कार्यक्रम का शुभारम्भ करते प्रधानाचार्य मौजूद शिवम गुप्ता व अन्य समृद्धि न्यूज

# पेंटिंग प्रतियोगिता में जान्हवी वर्मा ने मारी बाजी

- युवा कलाकारों ने चन्द्रयान व पर्वतों एवं वृक्षों को रंगों से उकेरा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**युवा महोत्सव** समिति द्वारा प्रतियोगिताओं के क्रम में गुरुवार को समिति के सभागार में ड्राइंग पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतिभागियों ने प्राकृतिक सौंदर्य एवं चन्द्रयान विषय पर अपने विचारों को कैनवस पर कलर के माध्यम से उकेरा। युवाओं ने प्राकृतिक छठा, पर्वतों, वृक्षों, ग्रामीण, परिवेश, नदियों एवं चन्द्रयान का चित्रण किया। युवा कलाकारों को ड्राइंग पेंटिंग में शांति व एकाग्रता मिलती है। प्रिंसी ने बताया कि जैसे सोंचों वैसे कैनवास पर चित्रांकन करके रंग भरने से एक सुख अनुभव होता है। मनोरम चित्र बनाकर प्रतिभागियों ने जल, रंग, तेल, वैक्स कलर का प्रयोग किया। प्रथम स्थान पर जान्हवी वर्मा, द्वितीय स्थान पर देव गुप्ता व अवंतिका अग्निहोत्री, तृतीय स्थान पर गौरी व प्रिंसी सिंह रही। प्रतिभागी आस्तिक दुबे, अमानिका राठौर, पारुल कुशवाहा, गौरी, प्रिंसी सिंह, भक्ति सक्सेना, देव गुप्ता, शुभांगी दीक्षित, जान्हवी वर्मा, सुचेता यादव, मीनाक्षी पाण्डेय, अवंतिका अग्निहोत्री ने भाग लिया। इस मौके पर अध्यक्ष डा0 संदीप शर्मा, सच्चिदानंद मिश्रा, सुनील सक्सेना, पूनम शुक्ला, कपिध्वज त्रिपाठी मौजूद रहे।




प्रमाण पत्र के साथ मौजूद प्रतिभागी समृद्धि न्यूज

# सत्य भारती स्कूल के शिक्षकों ने लगाया जिला स्तरीय टीएलएम मेला

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारती फाउंडेशन के तत्वावधान में सत्य भारती स्कूल के 25 शिक्षकों द्वारा स्वनिर्मित शिक्षण अधिगम सामग्री प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस वर्ष अगस्त व अक्टूबर माह में स्कूल व समूह स्तरीय शिक्षण अधिगम सामग्री का प्रदर्शन 78 शिक्षकों द्वारा अपनी कक्षा व विषय के अनुरूप 180 सामग्रियों का निर्माण किया गया। शिक्षकों ने बनाई गई सामग्री को लगातार तीन माह कक्षा में प्रयोग करने के साथ आवश्यक परिवर्तन भी किए। इस प्रकार नवंबर माह में आयोजित समूह स्तरीय मेले में 56 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। जिसमें चयनित 25 शिक्षकों को जिला स्तरीय मेले में प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त हुआ। सभी को प्रोत्साहन हेतु पुरुस्कार दिए गए। इस अवसर पर गरुग्राम से आए आशीष शर्मा व सर्वप्रिया शिक्षक प्रशिक्षक आंकलन हेड भारती फाउंडेशन व जिला समन्वयक मनोज तोमर ने सभी सामग्रियों का मूल्यांकन किया। समूह समन्वयक पुष्पेंद्र सिंह व रफीउल्ला खान ने भी मॉडल का आंकलन किया। छात्रों ने भी प्रदर्शनी देखी व प्रश्न पूछे। मेले का आयोजन समूह समन्वयक पुष्पेंद्र सिंह के निर्देशन में हुआ। इस मेले में रेहान बेग, रेखा रानी, करुणा देवी, शिवलेश, रश्मि, रजनी सिंह, अजय, अतुल, अलका, सौरभ, लकी, निदा आदि ने अपने मॉडल प्रस्तुत किए।

# नगर पालिका की ओर से 299 स्थानों पर जलवाये जा रहे है अलाव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शीतलहर को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका परिषद ने नगर क्षेत्र में 299 स्थानों को चिन्हित कर अलाव जलवा रही है। जिन स्थानों पर नगर पालिका की ओर से अलाव जलवाये जा रहे है वह वो स्थान है जहां अधिकांश स्थानीय लोग या राहगीर एक स्थान पर काफी समय तक ठहरते है। अलाव जलने से गलन व हाड़कपाऊ सर्दी से लोगों को राहत मिलेगी। नगर पालिका की ओर से फर्रुखाबाद-फतेहगढ़ क्षेत्र में पूर्व में निर्धारित स्थानों के अलावा अलाव जलाने के लिए अन्य नये स्थानों को भी चिन्हित किया है। नगर पालिका अधिशासी अभियंता रविन्द्र कुमार ने बताया कि स्थानीय लोगों की मांग पर और स्थान बढ़ाये जायेंगे। प्रत्येक स्थान पर अलाव जलवाने के लिए पर्याप्त लकड़ी दी जा रही है। इसके लिए फतेहगढ़-फर्रुखाबाद क्षेत्र में चिन्हित अलाव स्थानों पर लकड़ी पहुंचाने के लिए अलग-अलग प्रभारी नियुक्त किये गये है। फर्रुखाबाद रोडवेज बस स्टैण्ड पर अलाव ताप रहे लोगों ने बताया कि सर्दी में इसका ही सहारा है, लेकिन लकड़ी कम है। सर्दी जिस तरह पड़ रही है उसके हिसाब से शाम तक अलाव जलना चाहिए, लेकिन लकड़ी कम होने की बजह से अलाव पूरे समय नहीं जल पा रहा है।



बस स्टैण्ड पर अलाव तापते यात्री समृद्धि न्यूज

### हड़ताल क्या हुई रैन बसेरा की चली गई रौनक

**फर्रुखाबाद।** वाहन चालकों की हड़ताल समाप्त हो गयी, लेकिन बस अड्डे व रैन बसेरा में अभी तक रौनक नहीं लौटी। बीते दिनों हिट एंड रन कानून के विरोध में निजी वाहन चालकों के अलावा परिवहन विभाग के वाहन चालकों ने भी हड़ताल कर दी थी, लेकिन दूसरे दिन ही कानून को अभी लागू न किये जाने का सरकार की ओर से आश्वासन दिये जाने पर हड़ताल समाप्त हो गयी थी। हड़ताल से पहले जो बस अड्डे पर रौनक थी वह अब दिखायी नहीं दे रही है। नगर पालिका की ओर से बस स्टैण्ड पर दूर-दराज से आने वाले यात्रियों को रात गुजारने के लिए रैन बसेरा खोला गया है। हड़ताल से पहले रैन बसेरे में यात्रियों के रुकने की अच्छी संख्या देखी गई, लेकिन हड़ताल क्या हुई कि रैन बसेरे में सन्नाटा पसरा है। हड़ताल समाप्ति के तीसरे दिन भी रैन बसेरे में एक भी मुसाफिर नहीं दिखायी दिया। जबकि नगर पालिका की ओर से रुकने वाले मुसाफिरों के लिए रजाई गद्दा, जलपान की पूरी व्यवस्था कर रखी है, लेकिन उसके बावजूद रैन बसेरे में कोई दिखायी नहीं दे रहा है। इस संदर्भ में बस अड्डे पर कुछ लोगों ने बताया कि इसका मुख्य कारण है कि बाहर के डिपों की बसें नहीं आ रही है, जब बाहर से बसें आती है तो दूसरी जगह जाने वाले यात्री रात गुजारने के लिए यहां रुक जाते है, लेकिन बाहर से सवारी नहीं आ रही है तो कौन इसमें रुकें।



रैन बसेरा में पसरा सन्नाटा

# दक्षिण अफ्रीका की सरजमीं पर भारत सात विकेट से जीता

एजेंसी।



**केपटाउन।** भारत ने साउथ अफ्रीका को केपटाउन में खेले गए दूसरे टेस्ट में 7 विकेट से मात दी है। इस जीत के साथ भारत ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज को 1-1 से बराबर कर दिया है। दूसरा टेस्ट मैच सिर्फ पांच सेशन तक ही चला। मेजबान टीम ने भारत को जीत के लिए 79 रनों का लक्ष्य दिया। जिसे भारत ने तीन विकेट गंवाकर 12 ओवर में ही हासिल कर लिया है।

केपटाउन टेस्ट काफी लो स्कोरिंग रहा और गेंदबाजों का दबदबा देखने को मिला। 5 दिन के टेस्ट मैच में दोनों ही टीमें मिलकर भी दो दिन तक बल्लेबाजी नहीं कर सकीं। ऐसा काफी कम देखने को मिलता है कि टेस्ट मैच का नतीजा दो दिन में ही निकल जाए। इस मैच में भारतीय टीम की जीत के हीरो तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज रहे। बुमराह ने इस मैच में 8 विकेट और सिराज ने 7 विकेट अपने नाम किए।

मुकाबले में मेजबान टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने अफ्रीकी बल्लेबाजों को महज 55 रन पर ही ऑलआउट कर दिया। वहीं भारत की ओर से सिराज ने 9 ओवर में 15 रन खर्च किए और 6 विकेट हासिल किए। जबकि बुमराह और मुकेश कुमार को 2-2 विकेट मिले थे। इसके जबाव में टीम इंडिया भी ज्यादा बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर पाई। पहली पारी में 153 रन ही बना पाई और ऑलआउट हो गई।

बता दें कि, दूसरे दिन का जब खेल शुरू हुआ तो मेजबान टीम 36 रन पीछे थी। इसके बाद एडन मार्करम ने टीम की पारी को संभाला और शनदार शतकीय पारी खेली। लेकिन दूसरी छोर से विकेट गिरते रहे। अफ्रीकी टीम दूसरी पारी में 176 रन ही बना पाई। ऐसे में भारत के ये मुकाबला जीतने के लिए 79 रन की दरकार थी जिसे उसने 3 विकेट गंवाकर हासिल कर लिया।

इसके साथ ही भारतीय टीम के लिए ये एक ऐतिहासिक जीत रही। साउथ अफ्रीका को टेस्ट में उसी की धरती पर हराना भारत के लिए मुश्किल था लेकिन रोहित शर्मा एंड कंपनी इस ऐतिहासिक काम को सफलतापूर्वक पूरा किया। और सीरीज को 1-1 से बराबर कर दिया।

### एडन मारक्रम बने नए साल के शतकवीर, भारत की बढ़ाई मुश्किल



साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज एडन मारक्रम ने साल 2024 का पहला शतक ठोका है। इस साल अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में ये किसी भी बल्लेबाज का पहली संचुरी है। जो कि एक ऐसी पिच पर आया है, जहां बल्लेबाजी करना कठिन था। भारत के खिलाफ केपटाउन टेस्ट मैच में एडन मारक्रम ने शानदार पारी खेली। मारक्रम ने अकेले ही भारतीय टीम की लंका लगा दी, क्योंकि इस मैच में बल्लेबाजी करना किसी के लिए भी आसान नहीं था। लेकिन मारक्रम ने बताया कि वे किसी भी पिच पर बल्लेबाजी कर सकते हैं। मारक्रम ने 99 गेंदों में 16 चौके और 2 छक्कों की मदद से अपना 7वां टेस्ट शतक पूरा किया। हालांकि, वे ज्यादा लंबा नहीं टिक पाए। मोहम्मद सिराज ने रोहित शर्मा के हाथों उनको कैच आउट कराया। वे 103 गेंदों में 106 रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि, उन्होंने टीम को 60 से ज्यादा रनों की बढ़त दिलाने का काम किया, जो इस पिच पर काफी मायने रखती है। वहीं इससे पहले साउथ अफ्रीका ने पहली पारी में 55 रन बना सकी थी और भारत की टीम भी 153 रन ही बना पाई। भारत को पहली पारी के आधार पर 98 रनों की बढ़त मिली थी, जिसे मेजबान टीम ने पीछे छोड़ दिया है।

## टी- 20 विश्व कप : भारत-पाकिस्तान मैच की तारीख का हुआ ऐलान

### पहला मुकाबला आयरलैंड से



एजेंसी।

**नई दिल्ली।** भारत टी20 विश्व कप 2024 के दौरान 9 जून को न्यूयॉर्क में पाकिस्तान से भिड़ेगा और अपने कट्टर प्रतिद्वंदी के खिलाफ मैच से चार दिन पहले अपने अभियान की शुरुआत में आयरलैंड से खेलेगा। सूत्रों के अनुसार, भारतीय टीम, जो अपने दूसरे टी20 विश्व कप खिताब की तलाश में है, क्वालिफाई होने पर अपने ग्रुप मैच यूएसए में और सुपर 8 मैच वेस्ट इंडीज में खेल सकती है। भारत अपने अभियान की शुरुआत करने के लिए 5 जून को न्यूयॉर्क में आयरिश टीम से भिड़ेगा।

पाकिस्तान के खिलाफ मैच के बाद, भारत अपने अंतिम ग्रुप स्टेज गेम में कनाडा का सामना करने के लिए फ्लोरिडा जाने से पहले 12 जून को न्यूयॉर्क में संयुक्त राज्य अमेरिका का सामना करेगा। 15 जून को भारत बनाम कनाडा का मुकाबला हो सकता है। अगर भारत सुपर 8 चरण के लिए क्वालीफाई करता है, तो उनका पहला मैच 20 जून को बारबाडोस में होगा। उम्मीद है कि भारतीय टीम अपने सभी सुपर 8 मैच वेस्टइंडीज में खेलेगी। सूत्रों के मुताबिक टूर्नामेंट का फाइनल 29 जून को उसी स्थान पर खेले जाने की उम्मीद है हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय स्टार रोहित शर्मा और विराट कोहली टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम का हिस्सा बनने के इच्छुक हैं। रोहित और कोहली दोनों ने नवंबर 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप सेमीफाइनल के बाद से भारत के लिए सबसे छोटे प्रारूप में नहीं खेला है। इसी रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि टी20 विश्व कप 2024 को ध्यान में रखते हुए आईपीएल के दौरान कुल 30 खिलाड़ियों पर नजर रखी जाएगी। वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लगभग 30 खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर नजर रखी जाएगी। अभी यह देखना होगा कि अगरकर और उनके साथी 11 जनवरी से मोहाली में होने वाली श्रृंखला के लिए रोहित और कोहली का चयन करते हैं या नहीं या फिर आईपीएल के दौरान ही उनकी फॉर्म और फिटनेस पर नजर रखी जाएगी।

## पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं नड्डा

### राज्यसभा सांसदों को मैदान में उतारने की तैयारी में बीजेपी

एजेंसी।



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनावों के लिए सभी पार्टियां अपना प्लान तैयार करने में जुटी हुई हैं। इंडिया गठबंधन के लिए फिलहाल सत्ता में बैठी बीजेपी को टक्कर देना आसान नहीं, लेकिन कहीं न कहीं बीजेपी भी चाहेगी कि वो जीत हासिल करने के लिए कहीं कोई गलती न कर बैठे। चुनाव से पहले बीजेपी ने तीसरी बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पारश् नारा भी दिया है। हालांकि, इसे हासिल करने के लिए उन्हें मैदान में कई भरोसेमंद पुराने दिग्गजों को भी उतारना होगा जो राज्यसभा से जुड़े हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, फ्तह करने के लिए भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत राज्यसभा से जुड़े सभी बड़े दिग्गज लोकसभा चुनाव मैदान में नजर आएंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार, नड्डा के अपने गृह राज्य हिमाचल प्रदेश से ही चुनाव लड़ने की चर्चा है। रिपोर्ट के मुताबिक पार्टी ने राज्यसभा में एक नेता को दो से ज्यादा कार्यकाल न देने की अपनी नीति पर चलते हुए नड्डा को इस बार लोकसभा चुनाव लड़ाने का फैसला किया है। तीन बार विधायक और राज्यसभा में अपना दूसरा कार्यकाल पूरा करने जा रहे नड्डा का यह पहला लोकसभा चुनाव होगा। वह 1993 में वह पहली बार हिमाचल प्रदेश विधानसभा में विधायक बने। 1998 में उनको फिर जीत मिली और भाजपा सरकार में स्वास्थ्य मंत्री बने। फिर 2012 में राज्यसभा सदस्य के रूप में चुने गए। मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में वह स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री भी रहे।

# अमित शाह ने लांच किया तुअर दाल खरीद पोर्टल

### कहा- 2027 तक देश दलहन के क्षेत्र में बनेगा आत्मनिर्भर

एजेंसी।



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि वर्ष 2027 से पहले देश दलहन उत्पादन के क्षेत्र में पूर्णरूप से आत्मनिर्भर हो, हम इस लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं। हमारा प्रयास है कि वर्ष 2028 में विदेश से दलहन की खरीद न करनी पड़े।

शाह ने गुरुवार को विज्ञान भवन में तुअर उत्पादक किसानों के पंजीकरण, खरीद व भुगतान पोर्टल का शुभारंभ करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार दलहन उत्पादक किसानों के साथ है। उन्होंने किसानों से बड़े पैमाने पर दलहन फसलों की खेती करने का आह्वान किया। सरकार उनके फसल की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) व उस समय के बाजार रेट पर करेगी। अमित शाह ने कहा कि आज की ये शुरुआत आने वाले दिनों में कृषि क्षेत्र में परिवर्तन लाने वाली है। ये बात सही है कि मूंग और चने में हमने आत्मनिर्भरता प्राप्त की है लेकिन बाकी दलहन हम आज भी आयात करते हैं।

आजादी के 75 साल बाद दलहन का आयात करना देश के लिए सम्मानजनक नहीं है। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी ने कृषि के क्षेत्र में दलहन का उत्पादन करने वाले किसानों पर एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है कि 2027 तक दलहन के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर हो। शाह ने कहा कि दलहन की खेती करने वाले किसानों से वह कहना चाहते हैं कि उनकी उपज की खरीद की जिम्मेदारी केन्द्र सरकार की है। भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ लिमिटेड (नाफेड) और भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (एनसीसीएफ) देश में दलहन किसानों से सीधे खरीद करेंगी। किसान फसल से पहले इनके पोर्टल पर पंजीकरण कर सूचित करें, ताकि खरीद में आसानी हो सके। नाफेड और एनसीसीएफ कम से कम एमएसपी या उस समय के बाजार भाव पर दलहन खरीदेंगी लेकिन अगर किसान को बाजार में इससे भी अधिक रेट मिलता है तो वह अपनी उपज को बाजार में भी बेच सकेंगे। शाह ने कहा कि पोर्टल पर पंजीकरण, खरीद और भुगतान तक की प्रक्रिया एक ही माध्यम पर उपलब्ध रहेगी। किसान को भुगतान नाफेड की ओर से उनके बैंक खातों में किया जाएगा।

किसान-केंद्रित इस पहल का उद्देश्य तुअर दलहन उत्पादकों को नाफेड और एनसीसीएफ की ओर से खरीद, सुव्यवस्थित प्रक्रियाओं और सीधे बैंक हस्तांतरण के माध्यम से बेहतर कीमतों के साथ सशक्त बनाना है, ताकि घरेलू दलहन उत्पादन को बढ़ावा मिले और आयात निर्भरता खत्म हो सके।

## फास्ट : विमानन क्षेत्र में मैचिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और सपोर्ट सेवाओं के साथ निवेश पर जोर



एजेंसी।

**नई दिल्ली।** फाउंडेशन फॉर एविएशन एंड सस्टेनेबल टूरिज्म (फास्ट) ने विमानन क्छेत्र में उभरते परिदृश्य पर ; भारत को मैचिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और सपोर्ट सेवाओं की आवश्यकता विषय के सन्दर्भ में गत 28 दिसंबर 2023 को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में एक सेमिनार का आयोजन किया गया।

उड्डयन में उभरता परिदृश्य÷ भारत को बुनियादी ढांचे और सहायक सेवाओं की आवश्यकता है÷ शीर्षक वाले सेमिनार का उद्घाटन त्रिपुरा और छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल और फ़ास्ट के प्रेसिडेंट लेफ्टिनेंट जनरल के ?म सेठ, पीवीएसएम, एवीएसएम (सेवानिवृत्त) द्वारा स्वागत भाषण के साथ किया गया। इस अवसर पर श्री संजीव राजदान, सीएमडी, पवन हंस, श्री कपिल कौल, सीईओ, एशिया प्रशांत क्षेत्र, सीएपीए, श्री इंद्रजीत सिंह, पूर्व हवाई अड्डा निदेशक, दिल्ली हवाई अड्डा और एयर पोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया के फॉर्मर चेयरमैन और उपाध्यक्ष, फास्ट श्री वी पी अग्रवाल, उपस्थित थे।

दो व्यावसायिक सत्रों के लिए प्रीस्ट भूमि तैयार करते हुए फास्ट के अध्यक्ष जनरल सेठ ने सार्वजनिक निजी भागीदारी, निर्बाध यात्री अनुभव के लिए तकनीकी नवाचार, विमानन में नौकरियों की संभावना और कार्गो, एमआरओ और ग्राउंड हैंडलिंग जैसी अन्य संबंधित गतिविधियों की आवश्यकता और जोर पर प्रकाश डाला। सेमिनार में एविएशन सेक्टर से जुड़े हुए सदश्यो और एक्सपर्ट्स की अच्छी उपस्थिति रही; जो विमानन क्षेत्र में जनता की रुचि को प्रदर्शित कर रही थी। सेमिनार में विसेषज्ञो इस बात पर जोर दिया कि भारतीय यात्रा रुचि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों क्षेत्रों के लिए दीर्घकालिक है। इन सकारात्मक नोट्स के साथ डीजीसीए, सीएनएस, बीसीएएस जैसे संस्थानों को सक्षम हुए प्रभावी बनाने के लिए आने वाले समय में प्रशिक्षण, सुरक्षा, संरक्षा आदि को और भी प्रभावी तरीके से अपनाया जाए।

# देश भर की 500 महिला सरपंच संसद के कामकाज से होंगी रूबरू

### राष्ट्रीय महिला आयोग की शी द चेंज मेकर कार्यक्रम के तहत दिया गया प्रशिक्षण

एजेंसी।



**नई दिल्ली।** देश की 500 महिला सरपंच और पंचायत सदस्य शुक्रवार को नए संसद भवन के कामकाज से रूबरू होंगी। राष्ट्रीय महिला आयोग की पहल शी द चेंज मेकर के तहत देश के 21 राज्यों से चुनी गईं 500 महिलाओं के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया है, जिसके पहले सत्र में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला मौजूद रहेंगे। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने बताया कि साल 2029 में संसद और विधानसभा में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शी द चेंज मेकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। साल 2021 से 161 कार्यक्रमों के तहत 23 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की 5397 महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया है। उन्होंने बताया कि पंचायत से पार्लियामेंट तक कार्यक्रम में 500 महिलाएं शुक्रवार को संसद का दौरा करने के लिए तैयार हैं, जहां वे विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों में भाग लेंगी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ बातचीत करेंगी।

रेखा शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय महिला आयोग का यह प्रयास रहता है कि महिलाओं को उनके अधिकारों से तो परिचित कराया ही जाए, साथ ही जो जिम्मेदारियां उन्हें उनकी योग्यता के कारण मिली हैं, उन जिम्मेदारियों को वे बेहतर रूप से निभा सकें तथा वे अपने रास्ते में आने वाली समस्याओं का समाधान निकालने में सक्षम बनें। इसी दिशा में यह हमारा एक महत्वपूर्ण कदम है। शी द चेंज मेकर के तहत पंचायत से पार्लियामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इसमें तीन सत्र होंगे।

## राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए रामदेव को मिला न्यौता

एजेंसी।



**नई दिल्ली।** हरिद्वार योग गुरू रामदेव ने कहा कि 500 वर्षों के सतत संघर्ष और 25 पीढ़ियों के बलिदान के बाद 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा का गौरवशाली दिन विश्व इतिहास के पन्नों में दर्ज होगा।

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के केंद्रीय मंत्री एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता अशोक तिवारी द्वारा रामजन्मभूमि अयोध्या में राम मंदिर में रामलला विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए निमंत्रण पत्र सौंपे जाने के दौरान पतंजलि संस्थापक ने यह बात कही। रामदेव ने कहा कि 500 वर्षों के सतत संघर्ष और असंख्य हुतात्माओं के बलिदान के बाद यह गौरवशाली दिन विश्व इतिहास के पन्नों में दर्ज होगा। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या के राम मंदिर के गृर्भगृह में भगवान रामलला विराजमान होंगे और 25 पीढ़ियों के बलिदान, त्याग और समर्पण के प्रतिफल स्वरूप प्राप्त इस भव्य आयोजन की साक्षी वर्तमान पीढ़ी बनेगी, जिसने इसके वर्तमान के संघर्ष और विजय को प्रत्यक्ष देखा। उन्होंने कहा,''मैं अभिभूत हूं और बेहद गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं कि मैं भगवान के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का साक्षी बनूंगा। वहीं स्वामी रामदेव ने बताया कि वह राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सम्मिलित होने के लिए निजी विमान से अयोध्या पहुंचेंगे। इस अवसर पर तिवारी ने कहा कि संपूर्ण विश्व में भारतीय संस्कृति का सूर्योदय हो रहा है और श्रीराम जन्मभूमि का संघर्ष विश्व का सबसे लंबा संघर्ष है।

## पीएम मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में पवन खेड़ा को झटका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की एक याचिका को खारिज कर दिया जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में उनके खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने से इनकार करने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले के चुनौती दी गई थी।

न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि वह उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने की इच्छुक नहीं है। उच्च न्यायालय ने पिछले साल 17 अगस्त को खेड़ा की याचिका खारिज करते हुए कहा था कि मामले के जांच अधिकारी ने जो सबूत जमा किए हैं, उनका मामले को रद्द करने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 482 के तहत दायर याचिका में आकलन नहीं किया जा सकता।

# इंडिगो ने टिकट पर ईंधन शुल्क वसूलना किया बंद, हवाई यात्रा होगी 1,000 रुपये तक सस्ती

एजेंसी।



**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने विमान ईंधन की कीमतों में कमी के बाद बृहस्पतिवार से ईंधन शुल्क वसूलना बंद करने की घोषणा की है। इससे कुछ लंबे मार्गों पर हवाई किराये में 1,000 रुपये तक की कमी आएगी। एयरलाइन ने एटीएफ (एविएशन टर्बाइन फ्यूल) की कीमतों में उछाल के बाद छह अक्टूबर, 2023 से ईंधन शुल्क वसूलना शुरू किया था।

दूरी के आधार पर ईंधन शुल्क की मात्रा 300 रुपये से लेकर 1,000 रुपये तक तय की गई थी। अपने परिचालन का विस्तार कर रही एयरलाइन ने कहा कि एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमतों में हालिया कटौती के बाद चार जनवरी से विमान टिकट पर ईंधन शुल्क हटा दिया गया है। इंडिगो की ओर से जारी बयान के अनुसार, श्एटीएफ की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी रहता है..इसलिए हम कीमतों या बाजार स्थितियों में किसी भी बदलाव से निपटने के लिए अपने किराये और उसके घटकों को समायोजित करना जारी रखेंगे। ईंधन किसी एयरलाइन की परिचालन लागत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

इंडिगो ने पिछले साल एटीएफ की कीमतों में बढ़ोतरी की भरपाई के लिए ईंधन शुल्क लगाने की घोषणा की थी। यह कदम उठाने वाली वह पहली विमानन कंपनी थी।

यदि उड़ान की दूरी 500 किलोमीटर तक हो तो प्रत्येक यात्री से 300 रुपये का ईंधन शुल्क लिया जाता था और 501-1,000 किलोमीटर की दूरी के लिए यह राशि 400 रुपये थी। ईंधन शुल्क 1,001-1,500 किलोमीटर के लिए 550 रुपये, 1,501-2,500 किलोमीटर के लिए 650 रुपये और 2,501-3,500 किलोमीटर के लिए 800 रुपये था। वहीं 3,501 किलोमीटर तथा उससे अधिक के लिए यह राशि 1,000 रुपये थी। ईंधन शुल्क हटने से इंडिगो की विमान टिकट की कुल कीमत कम से कम 300 रुपये से 1,000 रुपये तक कम हो जाएगी। नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पिछले महीने लोकसभा को सूचित किया था कि हवाई किराया सरकार द्वारा न तय और न ही विनियमित किया जाता है।

# देर रात तक जागने से खराब होगी मेंटल हेल्थ

ज्यादा तनाव और मोबाइल स्क्रीन पर लंबा समय बिताने के कारण बहुत से लोगों को रात में नींद नहीं आती। रात में नींद पूरी न हो पाने के कारण अगले दिन के कार्यों पर भी प्रभाव पड़ता है। इसके अलावा देर रात तक जागने के कारण मेंटल हेल्थ भी खराब हो सकती है। तो चलिए आज आपको अपने इस आर्टिकल के जरिए बताते हैं कि यदि आपको रात में नींद अच्छी नहीं आती तो आप क्या कर सकते हैं...

एक्सपर्ट्स की मानें तो हर व्यक्ति के लिए नींद बहुत ही जरुरी होती है। मस्तिष्क को ठीक करने और रिलैक्स रखने के लिए पर्याप्त नींद जरुरी होती है। कुछ अध्ययनों की मानें तो रात को अच्छी नींद लेने के कारण लोग अपनी समस्याओं को बेहतर तरीके से सुलझा पाते हैं और इससे व्यक्ति की क्रिएटिविटी भी बढ़ती है। वहीं इसके विपरित यदि कोई व्यक्ति रात भर जागता है और पूरी नींद नहीं लेता है तो स्थिति बदल सकती है। पूरी नींद न लेने के कारण अपनी भावनाओं को कंट्रोल करना, समस्याओं को सुलझाना और व्यवहार को नियंत्रण में रखना मुश्किल हो जाता है जिसके चलते लोग अवसाद से घिर जाते हैं।

### हेल्थ पर ध्यान दे

जिन लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होती हैं वह भी पूरी नींद नहीं ले पाते। ऐसे में यदि आपको स्वास्थ्य संबंधी कोई दिक्कत है तो एक बार एक्सपर्ट्स को दिखाएं। स्वस्थ रहने पर अच्छी नींद आने में मदद मिलेगी।

### बदलें लाइफस्टाइल

यदि आप देर रात तक जागते हैं तो यह भी लाइफस्टाइल से जुड़ी एक बुरी आदत है। ऐसे में आप अपना लाइफस्टाइल बदलें, पोषक तत्वों से युक्त आहार लें, नियमित रुप से एक्सरसाइज करें, तनाव और एंग्जाइटी से दूर रहें। इससे आपको अच्छी नींद आने में मदद मिलेगी।

**स्लीपिंग पैटर्न सेट करें :-** कई बार माहौल, डाइट लाइफस्टाइल अच्छा होने के बाद भी अच्छी नींद नहीं आती। यह बिगड़ते स्लीपिंग पैटर्न के कारण हो सकता है। यदि बिस्तर पर लेटने के बाद भी आपको नींद नहीं आती है तो आप आरामदायक म्यूजिक सुन सकते हैं या फिर कोई मनपसंदीदा किताब पढ़ सकते हैं। इसके बाद भी यदि स्लीपिंग पैटर्न सही नहीं होता है तो डॉक्टर को संपर्क करें।



### मोबाइल और टीवी से रहें दूर

आप कैसी जगह पर सो रहे हैं इससे भी आपकी नींद बहुत ही प्रभावित होती है। बेडरुम में टीवी या फिर रेडियो जैसी चीजों को न रखें। इन चीजों के कारण आपकी नींद रुक सकती है। वहीं यहां तक कि बेडरुम में पड़े इलेक्ट्रोनिक गैजेट्स जैसे मोबाइल फोन आदि लेकर सोने के लिए न जाएं। इससे भी आपकी नींद डिस्टर्ब हो सकती है।